
वर्ष 09 अंक 219
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, शनिवार
18 मई 2024
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर



nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20

03 दिल्ली पुलिस ने मालीवाल से 'मारपीट' के मामले में .... | 06 एक देश,एक रंगीला,दूसरा बर्दाश्त नहीं | 11 निशानेबाज मनु भाकर का ओलंपिक चयन ट्रायल्स में दबदबा..







# आपको अपना बेटा सौंप रही हूं, राहुल निराश नहीं करेंगे: रायबरेली में सोनिया गांधी ने कहा



**रायबरेली** (उप्र), (भाषा) कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने शुक्रवार को रायबरेली की जनता से कहा कि वह उन्हें अपना बेटा सौंप रही हैं और राहुल (राहुल गांधी) लोगों को निराश नहीं करेंगे।

यहां रायबरेली में कांग्रेस उम्मीदवार और अपने बेटे राहुल गांधी के समर्थन में 'इंडिया' गठबंधन के प्रमुख नेताओं की मौजूदगी में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए सोनिया गांधी ने कहा, "भाइयो और बहनो, मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं, जैसे आपने मुझे अपना माना वैसे ही राहुल को अपना मानना। राहुल आपको निराश नहीं करेंगे।'

रायबरेली लोकसभा का लंबे समय तक प्रतिनिधित्व कर चुकीं गांधी ने कहा, "मुझे खुशी है कि काफी समय के बाद आपके बीच आने का मौका मिला। आपके सामने मेरा सिर श्रद्धा से झुका हुआ है।" इस क्षेत्र से अपने पारिवारिक रिश्ते की मजबूती दोहराते हुए उन्होंने कहा, ''20 साल तक एक सांसद के रूप में मुझे सेवा करने का अवसर दिया। यह मेरे जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। रायबरेली मेरा परिवार है, अमेठी भी मेरा घर है।'

सोनिया गांधी ने कहा, ''यहां से न केवल जीवन की कोमल यादें जुड़ी हैं, बल्कि पिछले 100 साल से मेरे परिवार की जड़ें इस मिट्टी से जुड़ी हैं।" उन्होंने कहा कि "गंगा मां की तरह पवित्र यह रिश्ता अवध और रायबरेली के किसान आंदोलन के साथ शुरू हुआ और आज तक कायम है।" अपनी सास और रायबरेली से सांसद रहीं दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के संस्मरणों को सुनाते हुए सोनिया ने कहा, ''इंदिरा जी के दिल में रायबरेली के लिए एक अलग जगह थी। उन्हें मैंने काम करते हुए करीब से देखा। उनके मन में आपके प्रति असीम लगाव था।"

इसे विस्तार देते हुए कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने कहा "मैंने राहुल व प्रियंका (गांधी वाद्रा) को वही शिक्षा दी जो इंदिरा जी ने और रायबरेली की जनता ने मुझे दी- सबका आदर करो, कमजोर की रक्षा करो, अन्याय के खिलाफ जनता के अधिकार के लिए जिससे भी लड़ना पड़े लड़ जाओ, डरना मत, क्योंकि संघर्ष की तुम्हारी जड़ें और परंपरा बहुत मजबूत है।"

गांधी ने कहा कि उनका आंचल जीवन भर यहां की जनता के आशीर्वाद और प्रेम से भरा रहा। सभा को कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भी संबोधित किया। रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि देशभर के युवाओं ने अपना मन बना लिया है कि वे नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री नहीं देखना चाहते हैं।

राहुल गांधी ने दावा किया कि चार जून के बाद नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे और 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनेगी और यह सरकार जनता की होगी। भारतीय संविधान की प्रति दिखाते हुए गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस के लोग इस किताब (संविधान) को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि वह भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के लोगों से कहना चाहते हैं कि सपने मत देखो, इस किताब को कोई खत्म नहीं कर सकता।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''हमने गरीबों को मुफ्त राशन देने के लिए कानून बनाया। अभी आपको पांच किलो राशन मिल रहा है, लेकिन कांग्रेस के सत्ता में आने पर हम 10 किलो मुफ्त राशन दिया जाएगा।'' अपने संबोधन का समापन करते हुए राहुल ने अपने परिवार के रायबरेली से संबंधों का जिक्र करते हुए कहा, ''आपके और मेरे बीच का रिश्ता सच्चाई और दिल का है, मैं जो कहूंगा उसे आपके लिए पूरा करूंगा।''

इससे पहले रैली में प्रियंका गांधी ने कहा कि मौजूदा सरकार ने किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं की आवाज को नजरअंदाज किया। कांग्रेस-सपा के कार्यकर्ताओं को प्रेरित करते हुए प्रियंका ने कहा, "इस चुनाव में आपने पूरे देश को दिखाया कि आप दो दल के नहीं, बल्कि एक सेना हैं।

# केजरीवाल ने की देश के हालात की तुलना रूस से



**अमृतसर**, (भाषा) दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को देश के हालात की तुलना रूस से करते हुए दावा किया कि देश में 'तानाशाही' है और विपक्षी नेताओं को जेल में डाला जा रहा है।

केजरीवाल पंजाब में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं, नेताओं, विधायकों और सांसदों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उनसे राज्य की सभी 13 लोकसभा सीटों पर पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करने को कहा। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर सभी प्रतिद्वंद्वी पार्टी नेताओं को जेल में डालने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''हमारे देश में जो तानाशाही चल रही है, वह स्वीकार्य नहीं है। भारत ने पिछले 75 सालों में ऐसा दौर कभी नहीं देखा... विपक्षी नेताओं को जेल में डाला जा रहा हों।''

केजरीवाल ने कहा, ''रूस की तरह... पुतिन (राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन) ने या तो सभी प्रतिद्वंद्वी नेताओं को जेल भेज दिया या उन्हें मरवा दिया और फिर चुनाव कराया। इस दौरान उन्हें 87 फीसदी वोट मिले। जब कोई विपक्ष नहीं होगा, तो वोट पाने वाले आप अकेले होंगे।'' केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति मामले में 10 मई को जमानत दे दी गई थी ताकि वह लोकसभा चुनाव में प्रचार कर सकें। वह 2 जून को जेल में वापस आएंगे।

उन्होंने कहा, ''उन्होंने मुझे जेल में डाल दिया, मनीष सिसोदिया (दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री) को जेल में डाल दिया गया, कांग्रेस पार्टी का बैंक खाता कुर्क कर लिया गया, टीएमसी को परेशान किया जा रहा है, स्टालिन (तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन) के मंत्रियों को जेल में डाल दिया गया है।'' उन्होंने कहा, ''सबको जेल में डाल दो। तब केवल एक पार्टी और एक नेता बचेगा लेकिन लोकतंत्र नहीं बचेगा। हमें ऐसा नहीं होने देना है।''

आप के राष्ट्रीय संयोजक ने आरोप लगाया कि तिहाड़ जेल में उनकी कोठरी में दो सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और उन पर चौबीसों घंटे नजर रखी जा रही है कि वह जेल में क्या कर रहे हैं।




## न्यूज ब्रीफ

### भरतपुर: उत्तर प्रदेश रोडवेज की बस आगे चल रहे ट्रेलर से टकराई पांच महिलाओं की मौत

जयपुर, (भाषा) राजस्थान के भरतपुर जिले में शुक्रवार को एक सड़क हादसे में पांच महिलाओं की मौत हो गई जबकि 12 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर यह हादसा उस समय हुआ जब उत्तर प्रदेश रोडवेज की एक बस आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गई। पुलिस उपनिरीक्षक ब्रजेन्द्र सिंह ने बताया कि हलैना महुआ राजमार्ग पर अलीगढ़ से जयपुर की ओर आ रही उत्तर प्रदेश रोडवेज की बस आगे चल रहे एक ट्रेलर से टकरा गई जिससे बस में सवार चार महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बस में सवार 13 अन्य लोग घायल हो गये। उन्होंने बताया कि एक अन्य घायल महिला ने भरतपुर के सरकारी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। फिलहाल 12 घायलों का इलाज किया जा रहा है। एक घायल यात्री ने संवाददाताओं को बताया कि बस तेज गति से चल रही थी। बस चालक ट्रेलर को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन समय रहते ब्रेक नहीं लगा सका और ट्रेलर से बस टकरा गई।

# पूरी दुनिया जानती है कि सरकार 'हैट्रिक' बनाने जा रही है: प्रधानमंत्री



**बाराबंकी** (उप्र), (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि उनकी सरकार "हैट्रिक" बनाने जा रही है और नई सरकार में उन्हें गरीबों, युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए बहुत सारे बड़े फैसले लेने हैं।

प्रधानमंत्री मोदी आज बाराबंकी के जैदपुर मार्ग पर बाराबंकी और मोहनलालगंज से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, "चार जून बहुत दूर नहीं है। आज पूरा देश और पूरी दुनिया जानती है कि मोदी सरकार की 'हैट्रिक' बनने जा रही है। नई सरकार में मुझे गरीबों, युवाओं, महिलाओं, किसानों के लिए बहुत सारे बड़े फैसले लेने हैं। इसलिए मैं बाराबंकी और मोहनलालगंज के लोगों से आशीर्वाद मांगने आया हूं।" लोकसभा चुनाव के लिए सात चरण में मतदान के बाद चार जून को एक साथ मतगणना होगी। उन्होंने कहा, ''आज एक तरफ देशहित के लिए समर्पित भाजपा नीत राजग गठबंधन है, दूसरी तरफ देश में अस्थिरता पैदा करने के लिए 'इंडिया' गठबंधन है।''

मोदी ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का नाम लिए बिना उन पर निशाना साधते हुए कहा, "यहां जो बबुआ जी यानी समाजवादी शहजादे हैं, अब उन्होंने एक नई बुआ की शरण ली है। उनकी ये नई बुआ बंगाल में हैं। अब उनकी बंगाल वाली बुआ जी ने 'इंडिया' गठबंधन वालों को कहा है कि मैं आपको बाहर से समर्थन दूंगी।"

प्रधानमंत्री का इशारा पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर था। आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, " 'इंडिया' गठबंधन की एक और पार्टी ने अपनी सहयोगी दूसरी पार्टी से कह दिया है कि खबरदार अगर हमारे खिलाफ पंजाब में कुछ बोला।"

मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री पद को लेकर भी ये सब (विपक्षी नेता) ''मुंगेरी लाल को भी पीछे छोड़ रहे हैं। इनके सपनों की इंतहा देखिए, कांग्रेस के एक नेता ने कह दिया कि रायबरेली के लोग प्रधानमंत्री चुनेंगे। ये सुनते ही समाजवादी शहजादे का दिल ही टूट गया, बस आंसू नहीं निकले, लेकिन दिल के सारे अरमान बह गए।''

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 14 मई को रायबरेली में दिए अपने एक भाषण का वीडियो 'एक्स' पर साझा किया था। जिसमें उन्हें कहते सुना जा सकता है, "रायबरेली के लोग सिर्फ़ लोकसभा सदस्य नहीं चुन रहे हैं, बल्कि इंदिरा गांधी जी के बाद फिर से देश का प्रधानमंत्री चुनने जा रहे हैं।" मोदी ने कहा, "आपको काम करने वाले और आपका भला करने वाले सांसद चाहिए, पांच साल मोदी को गाली देने वाले नहीं। इसके लिए आपके पास एक ही विकल्प है - कमल का फूल।"




# जनता इनसे कह रही, आपको हटा देंगे फटाफट-फटाफट: अखिलेश यादव का मोदी पर पलटवार



**रायबरेली** (उप्र), (भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'खटाखट-खटाखट' वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि अब जनता इनसे कह रही है कि आपको हटा देंगे 'फटाफट-फटाफट-फटाफट।'

'इंडिया' गठबंधन के घटक दल कांग्रेस के रायबरेली से उम्मीदवार राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा की मौजूदगी में सपा प्रमुख यादव ने यहां एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए बिना नाम लिए प्रधानमंत्री पर जमकर निशाना साधा। इस सभा में बाद में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी भी पहुंचीं।

यादव ने कहा, "वे कह रहे हैं कि हम लोग विदेश चले जाएंगे, लेकिन हमारे देश की जनता जागरूक है, वह जानती है कि उन्होंने (मोदी) अपने खासमखास लोगों, मित्रों को एक के बाद एक विदेश भेजने का काम किया। उनके मित्र एक के बाद एक खटाखट-खटाखट विदेश भाग गये।"

यादव ने देश को कर्ज में डूबा देने का आरोप लगाते हुए कहा, "अब जनता इनसे कह रही है आपको हटा देंगे फटाफट, फटाफट, फटाफट।" उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग कहते थे कि 'न खाएंगे न खाने देंगे', वे तो सब डकार गये और कह रहे 'गटागट-गटागट', चुनावी बांड के बाद इन्होंने तो डकार भी नहीं ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि लोकसभा चुनाव के बाद 'इंडिया' गठबंधन बिखर जायेगा और कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव गर्मी की छुट्टी पर 'खटाखट-खटाखट' विदेश चले जाएंगे। विपक्ष पर तंज कसते हुए प्रधानमंत्री ने दावा किया कि चार जून के बाद 'इंडी' (इंडिया) गठबंधन खटाखट-खटाखट टूटकर बिखर जाएगा।

रायबरेली में मोदी पर तीखा प्रहार करते हुए यादव ने बिना नाम लिए कहा, "देश के एक बहुत बड़े नेता हैं जो हर जगह अपना झूठा रिश्ता निकाल लेते हैं। जहां जाते हैं वहां झूठा रिश्ता निकाल लेते हैं।" लोगों की उमड़ी भीड़ की तरफ इशारा करते हुए यादव ने कहा "वो भी देख लें और सुन लें कि राहुल गांधी जी का सच्चा रिश्ता रायबरेली से है। अगर रा से रायबरेली है तो रा से राहुल भी है।"

उन्होंने तंज कसते हुए कहा, "जो लोग गिनती नहीं समझ पाते वे भी गिनती समझ लें कि एक और एक 11 हो गया है और भाजपा 'नौ दो ग्यारह हो गई' है। जो चार चरणों का चुनाव देख चुके हैं, वे जानते हैं कि भाजपा चारों खाने चित हो गयी है।"

सपा प्रमुख ने व्यंग्य के साथ मुस्कुराते हुए कहा, "भाजपा इस बार उप्र में फंसी नहीं है, जनता ने इन्हें फंसा दिया। इनका रथ धंस गया है।"

ब्रीफ समाचार

## एएचटीयू टीम द्वारा बालश्रम उन्मूलन अभियान के तहत 23 बच्चों का रेस्क्यू कराया गया

नेशनल एक्सप्रेस/स्टेट ब्यूरो चीफ

**गौतमबुद्धनगर।**पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के निदेर्शानुसार डीसीपी/ एडीसीपी महिला सुरक्षा के पर्यवेक्षण व एसीपी महिला सुरक्षा के नेतृत्व में शुक्रवार को थाना एएचटीयू टीम द्वारा एनजीओ-सहयोग व डीपीओ कार्यालय व चाईल्ड लाईन नोएडा टीम के सहयोग से बाल श्रम उन्मूलन अभियान के अंतर्गत थाना फेस-2 व फेस-3 क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भंगेल व ममूरा सेक्टर-66 स्थित होटल/ढ़ाबों/ फर्नीचर की दुकानों एवं अन्य स्थानों पर बालश्रम कर रहे 23 नाबालिग बच्चों का रेस्क्यू कराया गया। सभी बच्चों व उनके परिजनों को समझाया गया कि वह अपना जीवन ऐसे कार्य करके खराब न करे एवं शिक्षित बनकर अपना जीवन प्रकाशमय करे।सभी बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दिलानें हेतु प्रयत्न किया जायेगाजिससे वह भविष्य में एक अच्छा नागरिक बनकर देशहित में कार्य करे।

## युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार, एक देसी पिस्तौल व एक रौंद बरामद



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**रोहतक(हरियाणा)।**रोहतक पुलिस की सीआईए-1 स्टाफ की टीम ने दौराने गश्त युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है।आरोपी से एक देसी पिस्तौल व एक जिंदा रौंद बरामद हुआ है।आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम 25(1-बी)(ए) के तहत अभियोग अंकित कर कार्यवाही की गई है। आरोपी को आज पेश अदालत किया गया है।अदालत के आदेश पर आरोपी को 03 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया गया है।आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है।प्रभारी सीआईए-1स्टाफ निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि मुख्य सिपाही रविन्द्र के नेतृत्व में सीआईए-1 स्टाफ की टीम नामदेव चौक के पास गश्त मे मौजूद थी।दौराने गश्त गांव सुनारियां की तरफ से पैदल आ रहे युवक को शक के आधार पर युवक को काबू किया गया।युवक की पहचान सुमित उर्फ भोलू पुत्र सुरेश निवासी गांव नन्दगढ जिला जीन्द हाल नेहरू कालोनी रोहतक के रूप में हुई है। नियमानुसार तलाशी लेने पर युवक के पास से एक देसी पिस्तौल व एक रौंद बरामद हुआ है।युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत थाना शिवाजी कॉलोनी मे अभियोग संख्या 289/2023 अंकित कर गिरफ्तार किया गया है।

उदयपुर जिले में डीएसटी व थाना सवीना पुलिस की कार्रवाई

## फैक्ट्री से लाखों का रॉ मैटेरियल चोरी की वारदात का खुलासा, खरीददार सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ

**जयपुर/उदयपुर।** उदयपुर डीएसटी व थाना सवीना पुलिस की टीम ने फैक्ट्री से लाखों रुपए कीमत के रॉ मैटेरियल चुराने की वारदात का खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 20 लाख रुपए कीमत का चुराया गया रॉ मैटेरियल बरामद कर लिया है।शेष माल की बरामदगी के लिए पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।एसपी योगेश गोयल ने बताया कि घटना के संबंध में 15 मई को थाना सवीना स्थित डाकन कोटडा फैक्ट्री के संजीव गोरवाड़ा द्वारा रिपोर्ट दी गई कि पिछले कुछ दिनों से उनकी फैक्ट्री के गोदाम से रात के समय कच्चे माल की चोरी हो रही है।रिपोर्ट का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर घटना के खुलासे के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा व सीओ छगन पुरोहित के सुपरविजन एवं एसएचओ फूलचंद टेलर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।तलाश के दौरान डीएसटी के हेड कांस्टेबल अखिलेश्वर व विक्रम सिंह को मिली सूचना के आधार पर चोरी के आरोपी सूरजमल मीणा पुत्र जगला मीणा(30)एवं खेमराज मीणा पुत्र शंकर(29)निवासी थाना बाघपुरा उदयपुर एवं चोरी के माल के खरीददार मावाराम पटेल पुत्र केवाजी(31) निवासी अंबामाता घाटी थाना सवीना को गिरफ्तार किया गया।एसपी गोयल ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी गए रॉ मैटेरियल एल्युमिनियम कास्टिक सोडा के आठ कट्टों में से चार कट्टे बरामद कर लिए हैं।जिसकी कीमत करीब 20 लाख रुपए है।शेष माल की बरामदगी के लिए पूछताछ किए जा रही है।

# जन्म जयंती पर आद्य शंकराचार्य का स्मरण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



**भारत समृद्धि** के तत्वावधान में आयोजित एक विचार गोष्ठी में आदि शंकराचार्य का स्मरण किया गया और उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम का संचालन रीना त्रिपाठी ने करते हुए कहा की सनातन धर्म को तत्त्वमीमांसा के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करने वाले महापुरुष ,महान दार्शनिक एवं धर्मप्रवर्तक, अद्वैत वेदान्त को ठोस आधार प्रदान कर भारतीय दर्शन को अमृत प्रदान किया। सभी ने आदि गुरु शंकराचार्य जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम को शुरू किया।

संगोष्ठी में बोलते हुए मुख्य वक्ता शैलेंद्र दुबे ने कहा की आदि शंकर भगवान् शंकर के साक्षात अवतार थे` आचार्य शंकर अद्वैत वेदांत के प्रतिष्ठाता तथा सन्यासी सम्प्रदाय के गुरु, सत्यद्रष्टा ऋषि थे` उनकी प्रतिभा अलौकिक थी और साधना अद्वितीय` अपनी भास्कर चेतना तथा ब्रह्मज्ञान के फलस्वरूप उन्होंने वैदिक सनातन हिन्दू धर्म को न केवल विघटित होने से बचा लिया अपितु अनेक आवश्यक रचनात्मक सुधार कर उसे पुष्ट नीव पर पुनर्स्थापित किया`उन्होंने कहा आचार्य ने जगत को मिथ्या समझते हुए भी उसकी व्यावहारिक सत्ता का प्रतिपादन किया ,आचार्य ने वेदान्त को व्यावहारिक धर्म बना दिया` आज भारत में वैदिक धर्म की प्रतिष्ठा , वेदों के प्रति श्रद्धा , ब्रह्मज्ञान के प्रति आदर ,अनन्य भक्ति ,त्याग ,तपस्या ,लोकसंग्रह की भावना जो कुछ भी दिखाई देता है उसका श्रेय आचार्य शंकर को ही है` आचार्य उच्च कोटि के प्रौढ़ दार्शनिक थे , निस्पृह और महान त्यागी सन्यासी थे , पंडितों में उद्भट पंडित और विद्वानों में श्रेष्ठतम विद्वान् थे `. आज 1200 साल के बाद आदि शंकराचार्य का 32 वर्ष का अलौकिक जीवन साक्षातरूपेण अबाधित सत्य का मूर्त प्रकाश है` आचार्य शंकर के जीवन का आज हमें नए रूप में स्मरण करना होगा और उनके जीवन के अनेक द्वंदों को आत्मज्ञान में समन्वित करने की प्रेरणा तथा उसका उपाय आचार्य शंकर के जीवन और उनकी वाणी से ग्रहण करना होगा।

वैशाख शुक्ल पंचमी को आज प्रातः श्री बदरी नाथ के कपाट खुल गये हैं। आज ही की तिथि को आदि शंकराचार्य का आविर्भाव भी हुआ। उनका पार्थिव शरीर महाप्रस्थान के बाद नही मिला था, वह केदारनाथ ज्योतिर्लिंग में ही विलीन हो गया था।आचार्य शंकर के श्री चरणों में प्रणाम , बारम्बार प्रणाम ।।

संगोष्ठी में मुख्य रूप से आशियाना उपवन के संस्थापक राजकुमार शुक्ला, त्रिवेणी मिश्रा, रीना त्रिपाठी, पूर्व सभासद कमलेश सिंह, शिव प्रकाश दिक्षित, अनिल सिंह ,रमेश शुक्ला ,पंडित हदय नारायण शर्मा,इंजीनियर जितेंद्र गुर्जर, इंजीनियर आलोक श्रीवास्तव, अनुपम सिंह, उषा त्रिपाठी, रेनू त्रिपाठी, रश्मि प्रधान, दिनेश प्रकाश प्रधान, सुमन दुबे, नीता मल्होत्रा, लालू यादव सहित

## डा. प्रतीक गुप्ता को मिला भामाशाह सम्मान



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**धौलाना (पिलखुवा)** मे महाराणा प्रताप जयंती पर राणा शिक्षा शिविर स्कूल मे महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह मे समिती द्वारा वरिष्ठ कवियों, अधिकारियो, समाजसेवियो, समिति कार्यकर्ताओ, प्रबुद्धजनों व अन्य श्रोताओं आदि की उपस्थिति मे क्रांतिधरा मेरठ से पधारे लोकप्रिय हास्य-व्यंग्य कवि एवं काइट कालेज मुरादनगर मे टइअ प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ. प्रतीक गुप्ता को परम् दानवीर 'भामाशाह सम्मान' प्रदत्त किया गया। डा. प्रतीक गुप्ता ने बतलाया कि यह सम्मान पाकर वे अविभूत हैं। इससे पहले भी उन्हें साहित्य व शैक्षिक क्षेत्र मे विशेष योगदान हेतु कई सम्मान प्रदान किए जा चुके हैं। डॉ. गुप्ता अपनी विशेष हास्य - व्यंग्य काव्य व शिक्षण शैली से समाज व जनजागृति के लिए जाने जाते हैं और मेरठ व काइट कालेज का नाम देश विदेश मे ऊँचा कर रहे हैं। इस अवसर पर मेरठ के साहित्यकारों, कवियों व काइट कालेज के शिक्षक बन्धुओ ने डा. प्रतीक गुप्ता को विशेष बधाई दी।

## गृह मंत्री अमित शाह के रोड शो में उमड़ी भीड़

स्वागत में लगे 'अबकी बार 400 पार और फिर एक बार मोदी सरकार' के नारे

मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ

**रांची(झारखंड)।**भगवान बिरसा मुंडा की धरती और झारखंड की राजधानी रांची के चुटिया में 17 मई को गृह मंत्री अमित शाह ने रोड शो किया।रोड शो इंदिरा गांधी चौक से शुरू होकर शिशु मंदिर तक गया।गृह मंत्री रथ पर सवार थे।उनके साथ रांची लोकसभा प्रत्याशी संजय सेठ,विधायक सीपी सिंह,नवीन जायसवाल,समरी लाल, पूर्व डिप्टी मेयर और संयोजक संजीव विजयवर्गीय,रांची महानगर जिला अध्यक्ष वरुण साहू,कार्यक्रम प्रभारी वरुण साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर भी मौजूद थे।रथ के आगे-आगे पारंपरिक वेशभूषा में 500 महिलाएं गृह मंत्री अमित शाह के स्वागत में चल रही थी।गाजे-बाजे के साथ 200 लोग भी मौजूद थे।उनकी सुरक्षा के व्यापक इंतजाम जिला प्रशासन



की ओर से किए गये थे।इसके अतिरिक्त पार्टी के 200 कार्यकर्ता अपने स्तर से उनकी सुरक्षा में लगे थे। 1.3 किलोमीटर के रोड शो में सड़क के दोनों किनारे लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।हर कोई गृह मंत्री अमित शाह की एक झलक पाने को बेताब था।रोड शो के दौरान लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था।उत्साह के साथ लोगों ने पूरे रास्ते गृह मंत्री पर फूलों की बारिश की।उनका दिल खोलकर स्वागत किया।गृह मंत्री अमित शाह ने भी हाथ हिलाकर और फूलों से उनका अभिनंदन किया।रोड शो के दौरान सड़क के दोनों किनारे खड़े लोग 'अबकी बार 400 पार,फिर एक बार मोदी सरकार' के नारे लग रहे थे।लोग जय श्री राम और भारत माता की जय के नारे भी लगा रहे थे।

## राजनाथ सिंह की जीत के साथ ही भाजपा करेगी 400 पार : अशोक अंशवानी

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**सिंधी सभा** के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता अशोक अंशवानी, राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष श्रीकांत भाटिया एवं भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश जोटवानी ने आज लखनऊ के हजरतगंज में सिंधी समाज के प्रमुख नेताओं के साथ बैठक करने के बाद प्रेस को बताया कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार का सुशासन, बेटियों की सुरक्षा एवं भयमुक्त समाज व मोदी की गारंटी के साथ देशभर में भारतीय जनता पार्टी का विश्वास आम जनमानस में तेजी के साथ इस उम्मीद में बड़ा है कि उसके जैसा नेता देश में ही नहीं वरन विश्व में भी नहीं है जो देश को आगे ले जा सके। प्रदेश व देश में विदेशी निवेश लगातार बढ़ रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर लगातार मजबूत हो रहा है। किसान और व्यापारियों को सरकार कई सुविधाएं दे रही है ' महिलाएं भी सशक्त हो



रही है। देश एवं प्रदेश को और अधिक मजबूत बनाने के लिए देश की जनता को अपना कीमती वोट भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में देकर योगी एवं मोदी की ताकत को बढ़ाना होगा और उसको 400 के पार पहुंचना होगा। आज की इस बैठक में प्रमुख रूप से दिलीप अंशवानी पहलाद राय रामानी कृष्णचंद्र बजाज अतुल अंशवानी राजेश अरोड़ा लक्ष्मण आडवाणी दिलीप वाधवानी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

विवेकानन्द प्रतिभा विकास न्यास द्वारा संचालित सिविल सेवा (IAS, IPS, PCS) आगरा तथा डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सैल द्वारा

## स्नेह मिलन एवं नवचयनित प्रतिभागियों का सम्मान समारोह का आयोजन आज

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**विवेकानन्द** प्रतिभा विकास न्यास द्वारा संचालित सिविल सेवा (IAS, IPS, PCS) आगरा तथा डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सैल द्वारा स्नेह मिलन एवं नवचयनित प्रतिभागियों का सम्मान समारोह कल निम्नवत किया गया है। यह जानकारी पूरन डावर (अध्यक्ष) विवेकानन्द प्रतिभा विकास न्यास, CA प्रमोद सिंह चौहान (महामंत्री) विवेकानन्द प्रतिभा विकास न्यास ने संयुक्त रूप से प्रेस रीलीज के माध्यम से दी।

दिन एवं समय - शनिवार, 18 मई, 2024 सायं 5:30 बजे स्थान - संस्कृति भवन सभागार, ललित कला संस्थान, पंचम तल, बाग फरजाना, आगरा उक्त कार्यक्रम में अध्यक्षता कुलपति डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय प्रो.आशु रानी एवं मुख्य अतिथि श्री दीपक कुमार, IPS पुलिस महानिरीक्षक आगरा रेंज होगें। मुख्य वक्ता श्री अनिल जोशी महामंत्री, संकल्प फाउंडेशन नई दिल्ली होंगे। अतः आपसे अनुरोध है कि समारोह की कवरेज हेतु पत्रकार एवं छायाकार महोदय को भेजने की कृपा करें।

# भारत के महासंत आचार्य महाप्रज्ञ

आचार्य महाप्रज्ञ के 15 वे महाप्रणाय दिवस पर विशेष (वैशाख कृष्णा 11 चार मई, 2024)

गोपेन्द्र नाथ भट्ट

**भारतीय संस्कृति** में वैदिक काल से ही अनेक ऋषि, मुनि और संत हुए है जिनकी प्रसिद्धि पूरे विश्व में हुई है तथा इसी कारण भारत को विश्व गुरु की उपमा से सुशोभित किया जाता रहा है। अवार्चीन काल से आधुनिक युग तक भारत के आध्यात्मिक गुरुओं ने जो सम्मान अर्जित किया है। ऐसा किसी ने इतिहास में अब तक नहीं पाया है। भारत के अनेकों साधकों, आचार्यों, मनीषियों, दार्शनिकों आदि ने अपने मूल्यवान अवदानों से भारत की आध्यात्मिक परम्परा को समृद्ध किया है।

दो विश्व युद्ध देख चुकी दुनिया पिछले कई दशकों से गाहें बहाएं तीसरे विश्व युद्ध के जयघोष की ध्वनियां सुनती आ रही हैं लेकिन तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़े विश्व को भारत के गुरुओं ने समय-समय पर जो उपदेश और आध्यात्मिक ऊर्जा दी है वह अहिंसा,विश्व शांति,पारस्परिक सहयोग एवं सद्भाव,सह अस्तित्व,भाई चारा आदि बढ़ाने में बहुत सार्थक हुए है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने विश्व के किसी कोने में सूर्यास्त नहीं होने का अहंकार भरने वाले अंग्रेजों की हकूमत से भारत को अहिंसा के बलबूते पर ही गुलामी से मुक्त कराया था।

अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री तुलसी ने विश्व शांति और अहिंसा के सिद्धांतों की जड़ों को मजबूत बनाने के लिए अपने अणुव्रत आंदोलन के माध्यम से दुनिया के सभी लोगों को अपने निज जीवन में छोटे- छोटे व्रत लेकर सभी के कल्याण के लिए काम करने का मूल मंत्र दिया जोकि आज भी अपनी प्रासंगिकता को साबित कर रहा है। आचार्य तुलसी द्वारा 1949 में प्रतिपादित अणुव्रत सिद्धांतो और आंदोलन को उनके रहते और बाद में आचार्य श्री महाप्रज्ञ ने आगे बढ़ाया और वर्तमान आचार्य महाश्रमण उसे चरमोत्कर्ष पर ले जा रहे है।

आचार्य महाप्रज्ञ के 15 वे महाप्रणाय दिवस (वैशाख कृष्णा 11 चार मई, 2024) पर उनका स्मरण



भारत के एक महासन्त को सच्चे अर्थों में भावांजलि अर्पित करना है।

विलक्षण प्रतिभा के धनी आचार्य महाप्रज्ञ श्वेतांबर जैन धर्म तेरापंथ के दसवें आचार्य थे। आचार्य महाप्रज्ञ न केवल एक महान संत थे वरन वे एक महापुरुष,सिद्ध योगी, आध्यात्मिक गुरु,दार्शनिक व्यक्तित्व, अधिनायक शख्शियत,अनूठे लेखक,श्रेष्ठ वक्ता और गजब के कवि भी थे। उनकी बहुत सी पुस्तकें और लेख उनके विद्वतापूर्ण व्यक्तित्व और कृतित्व को दशार्ने वाले हैं । पहले उनका नाम मुनि नथमल जी था। आचार्य तुलसी, उनके बहुआयामी गुणों से इतने अधिक प्रसन्न हुए कि उन्होंने अपने जीवन काल में ही उन्हें अपना उत्तराधिकारी आचार्य घोषित किया और आचार्य महाप्रज्ञ नाम से भी विभूषित किया ।

महाप्रज्ञ ने दस वर्ष की छोटी सी उम्र में जैन संन्यासी की दीक्षा ले ली थी। महाप्रज्ञ ने आचार्य तुलसी के अणुव्रत आंदोलन को आगे ले जाने में मुख्य भूमिका निभाई और 1995 में आंदोलन के अधिनायक बन गए।आचार्य महाप्रज्ञ ने 1970 के दशक में ₹प्रेक्षाध्यान₹ की वैज्ञानिक थ्योरी का आविष्कार किया और शिक्षा प्रणाली में ₹जीवन विज्ञान₹ की थ्योरी विकसित कर छात्रों के संतुलित विकास और उनके चरित्र निर्माण के लिए ऐतिहासिक कार्य किया। उनका यह प्रयास मील का पत्थर साबित हो रहा है। आज इस विधि द्वारा अनेक व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक रोगों से मुक्त हो रहे हैं। आज जीवन विज्ञान को शिक्षा के क्षेत्र में भावनात्मक विकास की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है,जो आचार्यश्री महाप्रज्ञजी की शिक्षा जगत को बहुत बड़ी देन है। महाप्रज्ञ जी ने संस्कृत,हिन्दी, गुजराती,इंग्लिश में 300 से ज्यादा किताबें लिखीं। वे भूगोल, खगोल, ज्योतिष, न्याय, विज्ञान के विशेष रहस्यों के ज्ञाता होने के साथ-साथ मंत्रद्रष्टा आचार्य और योग के महान साधक थे।

आचार्य महाप्रज्ञ का जन्म हिन्दू तिथि के अनुसार विक्रम संवत 1977, आषाढ़ कृष्ण त्रयोदशी को राजस्थान के झुंझनू जिले के एक छोटे-से गांव टमकोर गाँव में सन् 1920 में 14 जून को हुआ था । उनके पिता का नाम तोलाराम तथा माता का नाम बालू था। आचार्य महाप्रज्ञ का बचपन का नाम नथमल था। उनके बचपन में ही पिता का देहांत हो गया था। माँ बालू ने उनका पालन-पोषण किया। उनकी माँ धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी। इस कारण उन्हें बचपन से ही धार्मिक संस्कार मिले थे। विक्रम संवत 1987, माघ शुक्ल की दशमी (29 जनवरी 1931) को उन्होंने दस वर्ष की आयु में अपनी माता के साथ तेरापंथ के 8 वें आचार्य कालूगणी से सरदार शहर (राजस्थान) में दीक्षा ग्रहण की। आचार्य कालूगणी की आज्ञा से उन्होंने मुनि तुलसी जो आगे चल कर आचार्य कालूगणी के बाद तेरापंथ के नौवें आचार्य बने, के मार्गदर्शन में दर्शन, न्याय, व्याकरण, मनोविज्ञान, ज्योतिष, आयुर्वेद आदि का तथा जैन आगम, बौद्ध ग्रंथों, वैदिक ग्रंथों तथा प्राचीन शास्त्रों का गहन अध्ययन किया था। वे संस्कृत भाषा के आशु कवि थे। आचार्यश्री तुलसी ने महाप्रज्ञ (तब मुनि नथमल) को सन् 1944 में अग्रगण्य बनाया गया। विक्रम संवत 2022 माद्य शुक्ला सप्तमी (ईस्वी सन् 1965) को हिंसार में उन्हे निकाय सचिव नियुक्त किया। आगे चल कर उनकी प्रज्ञा से प्रभावित होकर आचार्य तुलसी ने उन्हें 12 नवंबर 1978 को राजस्थान के गंगाशहर में 'महाप्रज्ञ' के संबोधन अलंकरण की उपाधि से अंलकृत किया। तब से उन्हें महाप्रज्ञ के नाम से जाना जाने लगा। विक्रम संवत 2035 में राजस्थान के राजलदेसर में आयोजित मयार्दा महोत्सव के अवसर पर आचार्यश्री तुलसी ने 3 फरवरी 1979 को उन्हें अपना उत्तराधिकारी घोषित किया और वे 'युवाचार्य महाप्रज्ञ' हो गए। विक्रम संवत 2050 में 18 फरवरी 1994 को राजस्थान के सुजानगढ़ में आचार्य तुलसी ने अपने आचार्य पद का विर्सजन कर दिया और युवाचार्य महाप्रज्ञ को तेरापंथ का आचार्य नियुक्त कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया। इस प्रकार वे तेरापंथ के दसवें आचार्य बने।

देश के प्रसिद्ध साहित्यकार जैनेन्द्र ने कहा था- 'अगर मैं महाप्रज्ञ साहित्य को पहले पढ़ लेता तो मेरे साहित्य का रूप कुछ दूसरा ही होता।' राष्ट्रकवि दिनकर से आचार्यश्री महाप्रज्ञजी की अनेक विषयों में चर्चा-परिचर्चा हुई। वे राष्ट्रकवि महाप्रज्ञ की वैचारिक और साहित्यिक प्रतिभा से बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने महाप्रज्ञ की मनीषा का मूल्यांकन करते हुए कहा था, 'हम विवेकानंद के समय में नहीं थे। हमने उनको नहीं देखा, उनके विषय में पढ़ा मात्र है। लेकिन आज दूसरे विवेकानंद के रूप में हम आचार्य महाप्रज्ञ को देख रहे हैं।' देश के सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं प्रतिरक्षा विभाग के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. राजा रामन्ना भी महाप्रज्ञ के अनेकांत दर्शन का स्पर्श पाकर आत्मविभोर हो उठे थे।

# दिल्ली पुलिस ने मालीवाल से 'मारपीट' के मामले में केजरीवाल के सहयोगी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से कथित रूप से मारपीट के संबंध में बृहस्पतिवार को एक प्राथमिकी दर्ज की और 'आप' संयोजक के निजी सहायक बिभव कुमार को आरोपी बनाया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

वहीं, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मालीवाल पर कथित हमले को लेकर चुप्पी साधने के लिए अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। अधिकारियों ने बताया कि केजरीवाल के निजी सहायक बिभव कुमार को मामले में आरोपी बनाया गया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने मामले को लेकर कुमार को शुक्रवार को तलब किया है।

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पी.एस. कुशवाह के नेतृत्व में दो सदस्यीय टीम द्वारा मालीवाल का बयान दर्ज करने के बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। टीम ने मध्य दिल्ली स्थित मालीवाल के आवास पर उनका बयान दर्ज किया। टीम चार घंटे से अधिक समय तक मालीवाल के आवास पर रही।

अधिकारियों ने बताया कि यह प्राथमिकी महिलाओं के खिलाफ हिंसा के अपराध से संबंधित भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत दर्ज की गई।

मालीवाल ने सोमवार को सिविल लाइंस पुलिस थाने पहुंचकर आरोप लगाया था कि मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल के निजी स्टाफ के एक सदस्य ने मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर उनके साथ ''मारपीट'' की।

मालीवाल ने अपने साथ हुई कथित मारपीट के मामले को लेकर बृहस्पतिवार को चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि उन्होंने दिल्ली पुलिस के समक्ष अपना बयान दर्ज करा दिया है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को इस घटना पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।

मालीवाल ने 'एक्स' पर कहा, ''मेरे साथ जो हुआ, वह बहुत बुरा था। मेरे साथ हुई घटना पर मैंने पुलिस को अपना बयान दिया है। मुझे आशा है कि उचित कार्रवाई होगी। पिछले दिन मेरे लिए बहुत कठिन रहे हैं। जिन लोगों ने प्रार्थना की, उनका धन्यवाद करती हूं। जिन लोगों ने मेरा चरित्र हनन करने की कोशिश की और कहा कि मैं दूसरे पक्ष के कहने पर ऐसा कर रही हूं, भगवान उन्हें भी खुश रखे।'' उन्होंने कहा कि देश में अहम चुनाव चल रहा है और स्वाति मालीवाल जरूरी नहीं है, देश के मुद्दे जरूरी हैं।

मालीवाल ने कहा, ''भाजपा के लोगों से विशेष आग्रह है कि इस घटना पर राजनीति न करें।''

सूत्रों के मुताबिक, मालीवाल ने अपनी पुलिस शिकायत में कुमार को ''मुख्य आरोपी'' बताया है, जिन्होंने कथित तौर पर मालीवाल पर तब हमला किया था जब वह सोमवार को केजरीवाल से मिलने गई थीं।

लखनऊ में संवाददाता सम्मेलन के दौरान केजरीवाल द्वारा मालीवाल मामले पर टिप्पणी करने से इनकार करने के बाद भाजपा ने 'आप' संयोजक केजरीवाल पर निशाना साधा।

केजरीवाल बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव के साथ संवाददाता सम्मेलन के लिए लखनऊ पहुंचे थे। इस दौरान उनसे जब इस घटना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। 'आप' सांसद संजय सिंह ने जवाब दिया कि उनकी पार्टी ने पहले ही इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। जब केजरीवाल सवाल टाल रहे थे तो अखिलेश यादव ने माइक ले लिया और कहा, ''इससे भी महत्वपूर्ण बातें हैं।''

इसके बाद उन्होंने कागज का एक टुकड़ा दिखाया और कहा, ''भाजपा के लोग किसी के साथ नहीं हैं, यह एक 'गिरोह' है जो झूठे मामले दर्ज कराता है।''

इस बीच, भाजपा ने मालीवाल पर कथित हमले को लेकर चुप्पी साधने के लिए अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री एक 'गुंडे' की तरह व्यवहार कर रहे हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने दावा किया कि केजरीवाल इस मामले में 'मुख्य अपराधी' हैं क्योंकि शिकायत के मुताबिक उनके सहयोगी बिभव कुमार ने मुख्यमंत्री आवास पर मालीवाल पर हमला किया था। भाटिया ने इसके लिए मालीवाल की ओर से दिल्ली पुलिस को फोन करके दर्ज की गई शिकायत का हवाला दिया।

उन्होंने कहा, ''उनकी (केजरीवाल) चुप्पी बहुत कुछ कहती है। स्पष्ट हो गया है कि केजरीवाल... जो जमानत पर बाहर हैं....मुख्यमंत्री कम और 'गुंडे' ज्यादा हो गए हैं।'' उन्होंने कहा, ''एक महिला को पिटवाना और वह भी अपने पीए को निर्देश देकर...यह कोई छोटी-मोटी घटना नहीं है। इसकी तह तक जाना होगा। पुलिस की विवेचना होनी चाहिए। दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।''

वहीं, कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने कहा कि मालीवाल के साथ कथित तौर पर मारपीट के मामले में शामिल व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय राजधानी में 'इंडिया' गठबंधन के तहत मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं।

रागिनी नायक ने कहा कि इस मामले में कांग्रेस पार्टी का रुख बिल्कुल स्पष्ट है। उन्होंने कहा, ''अगर किसी महिला के खिलाफ कोई अपराध होता है, तो अपराध में जो भी शामिल है, चाहे वह किसी राजनीतिक दल से हो या नहीं, उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। (आप सांसद) संजय सिंह ने भी यही बात कही और कांग्रेस पार्टी ने भी यही बात कही है।'' उन्होंने यह भी कहा कि मालीवाल खुद अपने कानूनी अधिकारों को समझती हैं क्योंकि वह दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष रह चुकी हैं।

### दिल्ली पुलिस, फॉरेंसिक विशेषज्ञ मुख्यमंत्री केजरीवाल के आवास पहुंचे0

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस की एक टीम फॉरेंसिक विशेषज्ञों के साथ आम आदमी पार्टी (आप) की सांसद स्वाति मालीवाल पर कथित हमले के मामले में शुक्रवार शाम यहां मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर पहुंची। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। टीम का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (उत्तर) अंजिता चेप्याला कर रही हैं और इसमें तीन पुलिस अधिकारी हैं। उनके साथ पांच फॉरेंसिक विशेषज्ञ भी हैं। सूत्रों ने बताया कि अधिकारी शाम करीब 4.45 बजे वहां पहुंचे, जो मुख्यमंत्री के आवास से सबूत और सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर सकते हैं, जहां सोमवार सुबह मालीवाल पर कथित तौर पर हमला किया गया था।

# दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने बीबीसी वृत्तचित्र संबंधी याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग किया



Justice Anup Jairam Bhambhani

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कोर्पोरेशन (बीबीसी) से क्षतिपूर्ति की मांग करने वाली एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की याचिका पर सुनवाई से शुक्रवार को खुद को अलग कर लिया।

याचिका में दावा किया गया कि वृतचित्र 'इंडियाः द मोदी क्वेश्चन' ने देश की छवि को खराब किया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व भारतीय न्यायापालिका के खिलाफ झूठ व मानहानिकारक आरोप लगाये हैं।

न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने कहा कि वह खुद को अलग कर रहे हैं लेकिन उन्होंने इसके लिए कोई कारण नहीं दिया। अदालत ने कहा कि याचिका को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के आदेश के अधीन 22 मई को सुनवाई के लिए दूसरी पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए।

उच्च न्यायालय ने गुजरात के एनजीओ जस्टिस ऑन ट्रायल द्वारा दाखिल याचिका पर पूर्व में बीबीसी (यूके) और बीबीसी (भारत) को नोटिस जारी किया था।

याचिका में कहा गया कि बीबीसी (यूके) ब्रिटेन का राष्ट्रीय प्रसारक है और उसने नया वृत्तचित्र 'इंडियाः द मोदी क्वेश्चन' जारी किया है, जिसके दो एपिसोड है और बीबीसी (भारत) उसका स्थानीय संचालन कार्यालय है। याचिका में कहा गया कि जनवरी 2023 में दो एपिसोड प्रसारित किये गये थे। याचिकाकर्ता ने भारत के प्रधानमंत्री, भारत सरकार, गुजरात सरकार और भारत के लोगों की साख और मानहानि की क्षतिपूर्ति के लिए बचावपक्ष से एनजीओ को 10 हजार करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति की मांग की क्योंकि यह वृत्तचित्र गुजरात दंगों की अवधि के दौरान का है। यह वृत्तचित्र 2002 के गुजरात दंगों से संबंधित है, जब मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे।

# स्पाइसजेट विवाद में अजय सिंह को दिल्ली न्यायालय से राहत मिली



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को स्पाइसजेट विवाद मामले में अजय सिंह को राहत दी। अदालत ने एकल पीठ के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें मीडिया दिग्गज कलानिधि मारन को 579 करोड़ रुपये ब्याज के साथ लौटाने का स्पाइसजेट और उसके प्रवर्तक अजय सिंह को निर्देश दिया गया था।

न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की पीठ ने एकल पीठ के 31 जुलाई, 2023 के आदेश को चुनौती देने वाली सिंह और स्पाइसजेट की तरफ से दायर अपील को मंजूर कर लिया। पीठ ने कहा, ''यह अपील स्वीकार की जाती है। नतीजतन 31 जुलाई, 2023 का (एकल न्यायाधीश का) आदेश रद्द किया जाता है।''

खंडपीठ ने पहले एकल न्यायाधीश के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था और मारन एवं उनकी कंपनी काल एयरवेज से अपील पर जवाब देने को कहा था।

स्पाइसजेट और सिंह के वकील ने पहले दलील दी थी कि उनकी चुनौती 18 प्रतिशत ब्याज के मसले पर थी जिसे मध्यस्थता न्यायाधिकरण ने स्पाइसजेट को भुगतान करने का निर्देश दिया था।

एकल न्यायाधीश ने मारन और काल एयरवेज के पक्ष में 20 जुलाई, 2018 को मध्यस्थता न्यायाधिकरण के दिए गए निर्णय को बरकरार रखा था। सिंह ने मध्यस्थता न्यायाधिकरण के फैसले को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

यह मामला जनवरी, 2015 का है जब सिंह ने संसाधनों की कमी के कारण महीनों तक बंद रहने के बाद एयरलाइन को मारन से वापस खरीद लिया था।

न्यायाधिकरण ने मारन को निर्देश दिया था कि सिंह और एयरलाइन को दंडात्मक ब्याज के रूप में 29 करोड़ रुपये का भुगतान करें। वहीं सिंह को ब्याज के साथ 579 करोड़ रुपये वापस करने के लिए कहा गया था।

# घर से मतदान: पहले दिन 1,480 से अधिक मतदाताओं ने सुविधा का किया उपयोग

नयी दिल्ली, (भाषा) राजधानी में बृहस्पतिवार को घर से मतदान के पहले दिन सभी सात लोकसभा क्षेत्र में 1,480 से अधिक दिव्यांग और वृद्धजनों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। यह जानकारी आधिकारिक आंकड़ों से मिली।

घर से वोट देने की सुविधा दिव्यांगजनों और 85 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को दी जा रही है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय ने कहा कि 16 मई से शुरू हुई यह सुविधा 24 मई तक उपलब्ध रहेगी। आगामी 25 मई को दिल्ली में मतदान होगा। पश्चिम दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में सबसे अधिक लोगों ने घर से मतदान किया जहां 338 बुजुर्ग मतदाताओं सहित 406 लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठाया, जबकि पूर्वोत्तर दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में किसी ने इस सुविधा का लाभ नहीं उठाया। आंकड़ों के अनुसार, पूर्वोत्तर दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र में घरेलू मतदान सुविधा के लिए 442 मतदाता पंजीकृत हैं। दिल्ली में, 5,424 मतदाता हैं जो या तो 85 वर्ष से अधिक आयु के हैं या दिव्यांग हैं और उन्होंने फॉर्म 12 डी भरा है, जिससे वे 2024 के लोकसभा चुनाव में गृह मतदान की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। जानकारी के अनुसार, अगर ऐसे लोग मतदान केंद्र पर वोट डालने का विकल्प चुनते हैं, तो उनकी भागीदारी को और सुविधाजनक बनाने के लिए 8,000 स्वयंसेवक तैनात किए गए हैं और 4,000 व्हीलचेयर इस काम के लिए इस्तेमाल की जा रही हैं।

# 'राजनीतिक हिटमैन' खुद को बचाने की कोशिश कर रहा है: मालीवाल



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास का कथित सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) की सांसद स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को कहा कि 'राजनीतिक हिटमैन' ने स्वयं को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं।

मालीवाल 52 सेकंड के वीडियो में मुख्यमंत्री के आवास में सुरक्षाकर्मियों से बहस करती नजर आ रही हैं।

केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार ने मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर सोमवार को मालीवाल पर कथित तौर पर हमला किया था। दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की और कुमार को आरोपी बनाया।

मालीवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किसी का नाम लिए बगैर लिखा, ''हर बार की तरह इस बार भी इस 'राजनीतिक हिटमैन' ने खुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं।''

उन्होंने कहा, '' इसे लगता है कि वह इस अपराध को अंजाम देने के बाद अपने लोगों से ट्वीट कराके और संदर्भहीन वीडियो साझा करके खुद को बचा लेगा। कोई किसी को पीटते हुए वीडियो बनाता है भला? घर के अंदर की और कमरे की सीसीटीवी फुटेज की जाँच होते ही सत्य सबके सामने होगा।'' उन्होंने आगे लिखा, ''जिस हद तक गिर सकता है गिर जा, भगवान सब देख रहा है। एक ना एक दिन सब की सच्चाई दुनिया के सामने आएगी।''

कथित वीडियो में मालीवाल को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि उन्होंने पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन किया है और वह पुलिस कर्मियों के आने तक इंतजार करेंगी।

वह वीडियो में कह रही हैं, ''आज मैं इन लोगों को सबको बताऊंगी। मुझे डीसीपी (पुलिस उपायुक्त) से बात करने दो।''

वह सुरक्षाकर्मी को चेतावनी देती सुनाई दे रही हैं कि यदि वह उन्हें छूता है तो वह उसे भी नौकरी से निकलवा देंगी।

# दिल्ली भाजपा ने कांग्रेस और आप के खिलाफ 'आरोपपत्र' जारी किया

नई दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सभी सात लोकसभा सीटों पर 25 मई को होने वाले मतदान से पहले दिल्ली भाजपा ने शुक्रवार को अपने 'इंडिया गठबंधन' के प्रतिद्वंद्वियों (आम आदमी पार्टी और कांग्रेस) के खिलाफ एक 'आरोपपत्र' जारी किया। इस 'आरोपपत्र' में पिछले दो दशकों से अधिक समय से शहर पर शासन करने वाली दोनों पार्टियों से जुड़े कथित घोटालों और भ्रष्टाचार को सूचीबद्ध किया गया है।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पार्टी के अन्य नेताओं के साथ पार्टी कार्यालय में 40 पन्नों की पुस्तिका जारी की जो हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में है। इसका शीर्षक 'कांग्रेस और आप- लूट में भागीदार' है। आरोपों पर आप या कांग्रेस की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई।

'आरोप पत्र' में कहा गया है, ''पहले 15 वर्षों तक कांग्रेस और अब पिछले 9 वर्षों में दिल्ली सरकार (आप द्वारा संचालित) ने दिल्ली के लोगों को नुकसान पहुंचाया है।''

इसमें कहा गया है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से जन्मी आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जेल में हैं या भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे हैं।

सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में आबकारी नीति, स्वास्थ्य, शिक्षा, बसों में पैनिक बटन, दिल्ली जल बोर्ड आदि से संबंधित आप सरकार के घोटालों का लंबा सिलसिला है।

उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर अरविंद केजरीवाल के करीबी सहयोगी बिभव कुमार द्वारा कथित हमले को लेकर भी मुख्यमंत्री की आलोचना की।

सचदेवा ने कहा, ''हमें लगता है कि बिभव कुमार को पंजाब में शरण मिल सकती है।'' उन्होंने दिल्ली पुलिस से मामले में कार्रवाई करने की मांग की।

भाजपा विधायक और ''चार्जशीट कमेटी'' के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दावा किया कि यह दस्तावेज पूरी तरह से ''तथ्यों'' पर आधारित है।

उन्होंने कहा, ''यह चार्जशीट कांग्रेस और आप दोनों को बेनकाब करने वाला दस्तावेज है।''

भाजपा ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में दिल्ली की सभी सात सीटों पर भारी अंतर से जीत हासिल की थी।

इस बार पार्टी का मुकाबला 'इंडिया गठबंधन' से है। इस गठबंधन के तरत आप और कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। सीट बंटवारे के समझौते में आप ने नई दिल्ली, दक्षिण दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और पश्चिमी दिल्ली निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवार उतारे हैं और कांग्रेस उत्तर पूर्व दिल्ली, उत्तर पश्चिम दिल्ली और चांदनी

# पुणे हवाई अड्डे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने के बाद दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान रद्द




पुणे, (भाषा) दिल्ली जाने वाले एयर इंडिया के एक विमान की उड़ान पुणे हवाई अड्डे पर सामान ले जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से इसके टकराने के बाद रद्द कर दी गई।

यह दुर्घटना तब हुई जब पुणे हवाई अड्डे पर यह विमान उड़ान के लिए रनवे की तरफ बढ़ रहा था। एयरलाइन सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार शाम करीब 4 बजे हुई।

सूत्रों ने बताया कि विमान में करीब 200 यात्री सवार थे और घटना के बाद वे करीब छह घंटे तक हवाई अड्डे पर फंसे रहे।

एयर इंडिया ने कहा कि यात्रियों को उनका पूरा किराया वापस कर दिया गया और उन्हें अगली यात्रा मुफ्त में करने की पेशकश की गई। उसने बताया कि आगे की अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले यात्रियों को अन्य एयरलाइन द्वारा संचालित उड़ानों में समायोजित किया गया।

एयरलाइन ने यह भी कहा कि घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

विमान में सवार एक यात्री शहाब जाफरी ने बताया कि विमान को शाम करीब 4 बजे रवाना होना था।

उन्होंने कहा, ''उड़ान भरने के लिए रनवे की ओर बढ़ते समय विमान ने एक ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर मार दी। घटना के बाद हम करीब एक घंटे तक विमान में ही रहे। पायलट ने हमें घटना की जानकारी दी और उसके बाद हमें विमान से उतार दिया गया।''

जाफरी ने बताया कि बार बार कहने के बाद यात्रियों को वैकल्पिक उड़ान व्यवस्था के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा, ''हम शाम 4 बजे से रात 9.55 बजे तक करीब छह घंटे तक हवाई अड्डे पर फंसे रहे।''

उन्होंने बताया कि एयरलाइन कर्मचारियों से मामले की जानकारी लेने के बाद यात्रियों को शाम करीब 7.30 बजे जलपान उपलब्ध कराया गया।

जाफरी ने कहा, ''यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ा। कुछ यात्रियों की कनेक्टिंग फ्लाइट थी और वे निस्संदेह उन फ्लाइट को नहीं पकड़ पाए होंगे।''

आखिरकार उनका विमान रात 10.20 बजे रवाना हुआ और रात 12.20 बजे के आसपास दिल्ली पहुंचा।

अपने आधिकारिक बयान में, एयर इंडिया ने इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी कि वास्तव में क्या हुआ था। एयरलाइन ने कहा कि पुणे से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले उनके एक विमान से संबंधित एक घटना हुई थी।

इसमें कहा गया है, ''विमान को जांच के लिए रोक लिया गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया और उड़ान रद्द कर दी गई। यात्रियों को उनका पूरा किराया वापस कर दिया गया और उन्हें आगे की यात्रा मुफ्त में करने की सुविधा दी गई। जिन यात्रियों को आगे अंतरराष्ट्रीय उड़ान पकड़नी थी उन्हें अन्य एयरलाइंस की मदद से दिल्ली भेजा गया। घटना की जांच पहले ही शुरू कर दी गयी है।''

## अमित शाह कश्मीर दौरा खत्म कर दिल्ली लौटे

श्रीनगर, (भाषा) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कश्मीर घाटी का अपना संक्षिप्त दौरा पूरा किया और इस दौरान उन्होंने भाजपा और स्थानीय सिखों सहित कई प्रतिनिधिमंडलों से बातचीत की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शाह बृहस्पतिवार शाम श्रीनगर पहुंचे और शुक्रवार सुबह नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

हालांकि जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव के बीच उनकी यात्रा के कारण कश्मीर स्थित कुछ मुख्यधारा के राजनीतिक नेताओं के साथ उनकी बैठकों की अटकलें लगाई गईं थीं, लेकिन घाटी छोड़ने से पहले मंत्री की ऐसी किसी बैठक को लेकर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया। बारामूला में 20 मई को और अनंतनाग-राजौरी निर्वाचन क्षेत्र में मतदान 25 मई को होगा जो पहले 7 मई के लिए निर्धारित था। खराब मौसम के कारण यह कदम उठाया गया।

# दिल्ली कार शोरूम गोलीबारी: पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया हमलावर अजय उर्फ गोली



नयी दिल्ली, (भाषा) पश्चिम दिल्ली में एक कार शोरूम पर गोलीबारी में कथित तौर पर शामिल एक शूटर दिल्ली पुलिस की विशेष इकाई के साथ मुठभेड़ में मारा गया। यह मुठभेड़ शाहबाद डेरी इलाके के पास हुई। यह जानकारी अधिकारियों ने शुक्रवार को दी।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''हमें जानकारी मिली कि पुर्तगाल में रह रहा गैंगस्टर हिमांशु भाऊ का शार्पशूटर अजय उर्फ गोली बाहरी दिल्ली के खेड़ा खुर्द गांव आएगा। एक टीम बनाई गई और जाल बिछाया गया।'' अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार रात करीब 11.30 बजे टीम ने अजय को होंडा सिटी कार में रोका। अधिकारी ने कहा, "उसे रुकने का इशारा किया गया, तभी आरोपी पुलिस टीम पर अंधाधुंध गोलीबारी करने लगा।" उन्होंने बताया कि जवाबी गोलीबारी में उसे गोली लगी और उसे अस्पताल ले जाया गया।

पुलिस के अनुसार हरियाणा के रोहतक का मूल निवासी अजय, प्रदेश और दिल्ली में हत्या, हत्या के प्रयास तथा शस्त्र अधिनियम के तहत दर्ज मामलों समेत एक दर्जन वारदात में शामिल था। पुलिस के मुताबिक वह दस मार्च को सोनीपत के मुरथल में एक व्यापारी की हत्या में भी शामिल था।

अधिकारी ने कहा, ''उसने मुरथल में एक व्यापारी को उसकी कार से खींच लिया था, उसका पीछा किया था और गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी।'' पुलिस के अनुसार अजय ने छह मई को 27 साल के मोहित रिधाऊ के साथ मिलकर तिलक नगर इलाके में पुरानी लक्जरी कार के एक शोरूम पर गोलीबारी की थी। गोलियां कांच के दरवाजों और खिड़कियों पर लगी थीं जिसमें सात लोग घायल हो गए थे।

गोलीबारी की घटना के बाद हमलावरों ने मौके पर हाथ से लिखा एक नोट छोड़ा था, जिसमें तीन बदमाशों -भाऊ, नीरज फरीदकोट और नवीन बाली के नाम लिखे थे।

पुलिस ने बताया था कि शोरूम के मालिक को एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से कॉल आयी थी और फोन करने वाले ने उनसे रंगदारी के रूप में पांच करोड़ रुपये की मांग की थी। पुलिस के अनुसार बाद में रिधाऊ को कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया गया था। बृहस्पतिवार को विशेष प्रकोष्ठ ने नवीन बाली और हिमाशु भाऊ के सक्रिय सदस्य 27 वर्षीय अभिषेक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि वह छह मई को हुई गोलीबारी की घटना में भी कथित तौर पर शामिल था।

# 'इंडिया' गठबंधन की सरकार दिल्ली में प्रदूषण की समस्या को दूर करने को प्राथमिकता देगी: कांग्रेस



नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने शुक्रवार को केंद्र सरकार पर दिल्ली में प्रदूषण की समस्या पर अंकुश लगाने के लिए जरूरी कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया और कहा कि केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार बनने पर राष्ट्रीय राजधानी को इस समस्या से मुक्ति दिलाने को प्राथमिकता दी जाएगी।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि दिल्ली में प्रशासनिक संरचना अलग है तथा यहां प्रदूषण की समस्या पड़ोसी राज्यों से संबंधित है, इसलिए यह विषय केंद्र सरकार के अधीन आता है और उसकी जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''दिल्ली के चुनाव में पर्यावरण एक विशेष स्थान रखता है। दिल्ली के पर्यावरण के लिए केंद्र सरकार प्राथमिक रूप से जिम्मेदार है, क्योंकि दिल्ली में प्रदूषण की समस्या आसपास के अलग-अलग राज्यों से भी जुड़ी हुई है।'' रमेश का कहना है कि वायु प्रदूषण को लेकर पिछले 10 वर्षों में जो प्रयास किए गए उनका असर नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा, ''आज सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए वायु प्रदूषण एक बहुत बड़ी समस्या बन गई है। दिल्ली के आसपास 11 बिजली स्टेशन हैं, जो कोयले का उपयोग करते हैं। 2009 में सारे बिजली स्टेशनों के लिए वायु प्रदूषण मानक तय किए गए था, जो इसको लागू नहीं करते थे, उन्हें बंद करा दिया जाता था।'

रमेश ने दावा किया, ''आज असलियत यह है कि 11 बिजली स्टेशनों में से 9 में किसी न किसी तरह मानकों का उल्लंघन हुआ है। लेकिन नरेन्द्र मोदी सरकार ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की।'' उन्होंने कहा कि रसायनों से होने वाला संदूषण भी एक बड़ी समस्या है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि कूड़े के अंबार की समस्या से निपटने के लिए मोदी सरकार ने कोई प्रयास नहीं किया। रमेश ने कहा कि अरावली की पहाड़ी में अवैध खनन और अवैध निर्माण को लेकर भी केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण कदम नहीं उठाए। उन्होंने यह दावा भी किया कि दिल्ली के आसपास के इलाकों में करीब 350 ईंट के भट्टे हैं, लेकिन इनके आधुनिकीकरण को लेकर केंद्र ने जरूरी कदम नहीं उठाए। कांग्रेस महासचिव ने यमुना के दूषित होने का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के स्तर पर लापरवाही बरती गई है। उन्होंने दावा किया कि 'नमामि गंगे' के तहत यमुना को भी जोड़ा गया था, लेकिन इस नदी की अविरलता और निर्मलता पर कोई सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा। रमेश ने दावा किया कि 'इंडिया जनबंधन' की सरकार बनने जा रही है और वह दिल्ली में प्रदूषण की समस्या को दूर करने को प्राथमिकता देगी। उन्होंने कहा कि प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए जो नियम बनाए गए हैं, उनका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

# सड़क हादसे में मां-बेटी की मौत, मचा कोहराम



नेशनल एक्सप्रेस

बिजनौर। बाइक सवार दंपति तथा उनकी बेटी को ट्रक में को चल दिया हादसे में मां बेटी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पिता को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

धामपुर क्षेत्र के ग्राम खदाना निवासी भीष्म कुमार पुत्रियां यशपाल अपनी पत्नी उजाला तथा 4 वर्षीय पुत्री कनिषा को साथ लेकर शुक्रवार सुबह बैराज मार्ग से गुजर रहे थे। बताया जाता है कि जब उनकी बाइक माउंट लिट्रा स्कूल के पास पहुंची तो एक बाइक की साइट लगने से इनकी बाइक अनियंत्रित गई और वहां से गुजर रहे ट्रक में इन तीनों को कुचल दिया। हादसे में उजाला तथा कनिषा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि भीष्म कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सबको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा तथा घायल भीष्म को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जाता है कि पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है और अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# खुलासाः सौतेली बहन ही निकली मासूमों की कातिल





नेशनल एक्सप्रेस

बिजनौर। ग्राम गोहावर में दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई। मात्र 13 साल की किशोरी कातिल बन गई। उसने कत्ल भी किसी और का नहीं बल्कि अपनी सात और पांच साल की दो मासूम सौतेली बहनों का कर डाला। पुलिस ने हत्यारोपी किशोरी को गिरफ्तार कर लिया है।

गुरुवार देर रात नूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गोहावर जैत निवासी सहदेव सैनी की 13 वर्षीय बड़ी बेटी ने अपनी दो सौतेली बहन ऋतु उर्फ रिया (7 वर्ष) व पवित्रा (05 वर्ष) की हत्या होने का शोर मचाया। शोर सुनकर एकत्र भीड़ ने दो बच्चियों के शव देख उनके भट्ठा मजदूर पिता को अस्करीपुर भट्ठे पर तथा पुलिस को खबर की। रात में ही पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन एएसपी नगर, एएसपी ग्रामीण व सीओ चांदपुर के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक ने पिता को ढांढस बांधते हुए उचित व न्यायपूर्ण कार्रवाई का भरोसा दिया। बताया जाता है कि बार-बार बयान बदलने पर पुलिस को मृतिकाओं की बड़ी 13 वर्षीय बहन पर शक हुआ तो रात में ही पुलिस उसे पूछताछ के लिए थाने ले आयी। पूछताछ में पहले तो उसने दो अज्ञात लोगों द्वारा घर मे घुसकर उसकी बहन ऋतु उर्फ रिया व पवित्रा की हत्या की बात कही। लेकिन जब पुलिस ने उसकी बात पर यकीन नहीं किया और उससे सवाल जवाब किया तो वह टूट गई और उसने स्वीकार किया कि पिता की खराब हालत के कारण स्वयं ही दोनों बहनों की दुपट्टे से गला दबाकर हत्या की है। बताया जाता है कि पुलिस पूछताछ में ग्रामीणों ने बताया कि हत्यारोपी किशोरी घर का सारा कामकाज करती थी। इस कारण वह काफी परेशान रहती थी। बताया जा रहा है कि लड़कियों की मां सविता ने 2 शादी की है। करीब 12 साल पहले उसने पहले पति पुखराज को छोड़ दिया था। पहले पति पुखराज से 9 और 13 साल की बेटी है, जबकि दूसरे पति सहदेव से डेढ साल का बेटा और 11 साल, 7 साल की श्रुति उर्फ रिया और 5 साल की बेटी पवित्रा थी। फिलहाल पुलिस इस मामले में और अधिक गहराई तक जाने में लगी है।

# चेयरमैन ने अवर अभियंता के साथ लिया मालन नदी क्षेत्र का जायजा



नेशनल एक्सप्रेस

बिजनौर। बरसात के मौसम में मालन नदी में विद्युत पोल गिर जाने के चलते उत्पन्न होने वाली बिजली समस्या को लेकर साहनपुर चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी गंभीर हो गये है। उन्होने बरसात से पहले ही समस्या के समाधान के प्रयास शुरू करते हुए अवर अभियंता रमानन्द और लाइनमैन के साथ मौके पर पहुंचकर जायजा.लिया। बरसात के मौसम में पहाड़ो एंव मैदानी क्षेत्रो में बारिश होने तथा मालन में पानी आ जाने के चलते विद्युत पोल गिर जाते है जिससे साहनपुर फीडर से सप्लाई होने वाली बिजली आपूर्ति पूरी तरहा बाधित हो जाती है। क्षेत्रवासियों को कई कई घंटे बिजली समस्या को झेलना पड़ जाता है।

कई बार विद्युत विभाग एंव उच्चाधिकारियो से बिजली समस्या का स्थाई समाधान कराने के लिए लिखित पत्रचार किया गया। जनप्रतिधियों ने भी इसके लिए काफी पत्राचार किये मगर समस्या का समाधान नहीं हो पाया। अब चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने बिजली समस्या के समाधान के लिए प्रयास शुरू किये है। उन्होने विद्युत विभाग के अवर अभियंता रमानंद एंव लाइनमैन के साथ मालन नदी क्षेत्र का जायजा. लिया तथा विद्युत पोल गिर जाने की समस्या के समाधान के जेई से वार्ता कर समस्या का स्थाई हल निकालने को कहा है।

# मालन नदी को स्वच्छ रखने के लिए निकाली जागरूकता रैली

नेशनल एक्सप्रेस

बिजनौर। मालन नदी को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त रखने के लिए एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान एसडीएम नजीबाबाद ने सभी से मालन नदी को साफ सुथरा रखने का आह्वान किया। सखी वेलफेयर फाउंडेशन की संस्थापक समाजसेविका डॉ. राखी आनंद अग्रवाल और द्रोणा इंटरनेशनल एकेडमी के डायरेक्टर वसीम बक्श की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में समाजसेवियो के अलावा स्कूली छात्र भी शामिल हुए। मुख्य अतिथि एसडीएम कुंवर बहादुर सिंह ने सभी को जागरूक करते हुए कहा कि मालन नदी को साफ रखे, उन्होंने कहा कि केवल एक आदमी नही बल्कि सब साथ मिलकर मालन नदी को साफ रखने में सहयोग करे। द्रोणा स्कूल के डायरेक्टर वसीम अहमद बक्श ने कहा कि हमें जीवन में जल का महत्व समझते हुए इसका सदुपयोग करना चाहिये। उन्होने सभी से मालन नदी को साफ रखने की अपील की। रैली में रमा जैन कॉलेज से के.सी. मठपाल, भावना अरोरा व द्रोणा स्कूल से आए बच्चों में शगुन गुप्ता, हमजा, प्रिंस, इलमा, महक और स्कूल स्टाफ में राहुल चौहान, सना, प्राची, इंशा, प्रियंका, गुंजन आदि उपस्थित रहे। बता दें कि सखी वेलफेयर सोसायटी की संचालिका डॉ. राखी अग्रवाल वर्षों से मालन नदी की स्वछता अभियान से जुड़ी है, और समय समय पर जागरूकता अभियान चलाकर क्षेत्रवासियों को जागरूक भी करती रहती है। उनके प्रयासो के चलते आसपास के उद्योग से आने वाले प्रदूषित रसायन को मालन में आने से रोका जा चुका है।



# कम खर्च पर बच्चों को एमबीबीएस डॉक्टर बनाने पर दिया गया जोर

नेशनल एक्सप्रेस

बिजनौर। यूरेशिया एजुकेशन लिंक के तत्वावधान में आयोजित एमबीबीएस गाइडेंस सैमिनार में यूरोपियन यूनिवर्सिटी से जुड़े अतिथियों ने सभी से आहवान करते हुए कहा कि कम खर्च में वे अपने बच्चो को एमबीबीएस की डिग्री दिला सकतें है। उन्होने बताया कि यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस की शिक्षा का बेहतर इंतेजाम किया गया है। नगर के एक होटल में आयोजित सैमिनार में पहुंचे यूरोपियन यूनिवर्सिटी के डा. गोचा टयूब्राइज व मिसेज तमर भाटिया ने कहा कि यूनिवर्सिटी में बहुत अच्छे वातावरण एंव अच्छे माहौल में बच्चो के भविष्य को संवारने का काम किया जा रहा है। उन्होने बताया कि जो बच्चे अच्छे अंको से पास होते है उनको स्कॉलरशिप भी दी जाती है। यूनीवर्सिटी से एमबीबीएस की डिग्री लेने के बाद कहीं पर प्रैक्टिस की जा सकती है। इस दौरान यूनिवर्सिटी से आये अतिथियों ने छात्र छात्राओं एंव अभिभावको के सवालो के जवाब देते हुए उनकी शंकाओं को भी दूर किया। एजुकेशन के एमडी डा. मससूर ने बताया कि वह अब तक सात हजार बच्चो को यूनिवर्सिटी में प्रवेश दिला चुके है जो आज अलग अलग जगह पर प्रैक्टिस कर रहें है। उन्होने बताया कि यूनिवर्सिटी को लेकर कोई शंका अपने दिल में ना रखें कम खर्च पर अपने बच्चो को वहां भेजें और एमबीबीएस डाक्टर बनाएं। डा. महमद कुरैशी उर्फ भोलू ने कहा कि यूरेश्यिा एजुकेशन लिंक अपनी अलग पहचान रखती है। यूनिवर्सिटी से क्षेत्रीय ही नहीं बल्कि जनपद एंव उत्तराखण्ड के भी बच्चे लाभान्वित हो रहें है। उन्होने यह भी कहा कि जो बच्चे तालीम हासिल करना चाहते है और उनकी आर्थिक स्थिती अच्छी नहीं है ऐसे बच्चे निराश ना हो उनको भी तालीम दिलाने की जिम्मेदारी लेने को वह तैयार है। सैमिनार को चेयरमैन इंजी. मुअज्जम अहमद, पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खां एड., साहनपुर के पूर्व चेयरमैन मेराज अहमद, नफीस कुरैशी एड., ब्लाक प्रमुख तपराज सिंह, डायरैक्टर मौ. राशिद, महताब खां चांद, हुदा परवीन, मौ. सलमान आदि ने भी सम्बोधित करते हुए अपने बच्चो को एमबीबीएस डाक्टर बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर डा. मकसूद, इरफान कुरैशी, अबरार अहमद, सफदर आमिर, मौ. अय्यूब, मौ. आरिफ, मौ. शाहिद, जीशान सैफी, समीर मिन्टू, शहबाज खां, मौ. जाकिर प्रधान, मुकीम कुरैशी, विसाल कुरैशी, सलीम कुरैशी आदि मौजूद रहें।



# पटाखा व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगाः हेमंत चांदना



नेशनल एक्सप्रेस

बिजनौर। फायर वर्क्स डीलर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत चांदना का नजीबाबाद आगमन पर एसो. के सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पटाखा व्यापारियों का उत्पीड़न किसी कीमत पर बर्दाशत नही किया जायेगा। गुरुवार को हरिद्वार मार्ग टॅम्पू स्टेंड स्थित लवी अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर पटाखा व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे फायर वर्क्स डीलर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत चांदना का पटाखा व्यापारियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया। बैठक में बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत चांदना ने कहा कि हमारी एसोसिएशन पूरे प्रदेश में कार्य कर रही है, इस बार 15 दिवसीय भेट वार्ता कार्यक्रम रखा गया है, कार्यक्रम के तहत पूरे प्रदेश में बनारस से लेकर सहारनपुर तक पटाखा व्यापारियों से मिलकर उनकी समस्याएं को सुना जा रहा है। पटाखा व्यापारियों के सामने जो समस्याएं आ रही है उन्हे प्रदेश स्तर पर उठाकर उनका निस्तारण कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि पटाखा व्यापारियों का उत्पीड़न किसी कीमत पर बर्दाशत नही किया जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी पटाखा व्यापारियों से मानकों और नियमो के तहत ही कारोबार करने की सलाह दी।

प्रदेश महामंत्री अखिलेश गुप्ता व कोषाध्यक्ष महेश गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक जिले में जाकर पटाखा व्यापारियों के सामने आ रही पेरशानियों के सम्बंध में जानकारी की जा रही है, जल्द ही पटाखा व्यापारियों की तमाम समस्याओ को लेकर प्रदेश स्तर पर एक ज्ञापन दिया जायेगा। बैठक में लवी अग्रवाल, कमल सेठी, विवेक अग्रवाल नेनू, शिवम अग्रवाल, बंटी तायल, मुकेश तायल, प्रदीप पाल, हाजी नौशाद, वाजिद हुसैन आदि व्यापारी उपस्थित रहे।




# शाहिद खां ने जीती कैरम प्रतियोगिता



नेशनल एक्सप्रेस

बिजनौर। कैरम क्लब की ओर से आयोजित टूनार्मेंट के फाइनल मैच मे शाहिद खान ने आबिद को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। मुख्य अतिथि नजीबाबाद चेयरमैन इंजी. मुअज्जम अहमद ने विजेता उपविजेता को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। टूनार्मेंट का सेमीफाइनल सादिक सुफियान शाहिद व जाकिर के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि चेयरमैन इंजी मुअज्जम ने सभी खिलाड़ियों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से जहां आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता है वहीं प्रतिभा में निखार भी आता है। उन्होंने खेल को खेल भावना से ही खेलने की अपील की। इस मौके पर जाकिर, आबिद, शादिर, वासिर खान,शाहनावाज, दानिश, बब्लू अख्तर, नजर खान, पुत्तन अंसारी, आसिम, सोनी, फैसल, सईद, नदीम, आफताब आदि मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेशन पर व्याप्त समस्या को लेकर दिया ज्ञापन



**नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा**

चंदौसी। शुक्रवार को अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में स्टेशन अधीक्षक आशीष मिश्रा के माध्यम से सहायक मंडल प्रबंधक रेलवे को स्टेशन पर व्याप्त समस्या को ले कर ज्ञापन दिया ।

ज्ञापन के माध्यम से अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने अवगत कराया कि रेलवे परिसर में जो पुल बन रहा है उसे पर स्वचालित सीढ़ियों के निर्माण कराया जाए ताकि विकलांग और बुजर्गों को लाभ मिल सके। स्टेशन परिसर में वाई फाई की सुबिधा दी जाए। स्टेशन पर वाहन पार्किंग की सुविधा नही है जिसकी बजह से आये दिन स्टेशन के बाहर लंबा जाम लग जाता है आये दिन वाहन चोरी हो जाते है अतः वाहन पार्किंग शुरू की जाये। सबसे बड़ी बात अमृत भारत योजना के तहत सौंदर्यीकरण का कार्य स्टेशन पर हो रहा है वह कछुआ की गति से हो रहा है । अतः स्टेशन का सौंदर्यीकरण के कार्य में तेजी लाई जाये।स्टेशन पर जो कोच संकेतक लगे है वह अभी तक शुरू नही हुए है उनको तुरन्त सुचारू रूप से चालू किया जाये।

पूछताछ केंद्र पर अधिकांश पर 24 घण्टे किसी कर्मचारी की ड्यूटी तय की जाए।

मांग पूरी न होने पर अखिल भारतीय युवा उधोग व्यापार मंडल आंदोलन की लिये बाध्य होगा। इस दौरान ज्ञापन में इरफान मंसूरी तुषार वार्ष्णेय किर्स्टल विक्की रस्तोगी सभासद अन्ना खान निशांत शर्मा राजा कुरैशी आकाश वार्ष्णेय विक्की रस्तोगी मयंक वार्ष्णेय चिंकल आदि मौजूद रहे।

# ट्रेनों में चोरी की घटना को अंजाम देने वाला गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस अंशुल गुप्ता**

चंदौसी/पुलिस अधीक्षक रेलवे मुरादाबाद आशुतोष शुक्ला द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे मुरादाबाद के निकट पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक राजदेव पूनिया थाना जीआरपी चन्दौसी के कुशल नेतृत्व में शुक्रवार को थाना जीआरपी चन्दौसी पुलिस टीम द्वारा राजघाट रेलवे स्टेशन प्लेट फार्म नं0-1 बबराला साइड से चैकिंग के दौरान 01 नफर अभियुक्त अनिल उर्फ हनुमान पुत्र गनपत सिंह निवासी मौहल्ला जगन गडिया भटटी की सराय, पीपल वाली गली भुजपुरा ठेका के पास, थाना सासनी गेट जनपद अलीगढ उम्र करीब 32 वर्ष को चोरी की घटना से सम्बन्धित 4110 रुपए चार हजार एक सौ दस रुपये बरामद हुए,पुलिस द्वारा कडाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि मैं नशे आदि करता हूँ। नशे व अन्य शौक पूरा करने के लिये ट्रेनों में यात्रियों के सामान चोरी कर लेता हूँ। आज भी मैं चोरी करने के इरादे से आया था। लेकिन



पुलिस ने मुझे पकड लिया। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर सफल अनावरण किया गया।अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 अन्सार अहमद चौकी जीआरपी राजघाट थाना जीआरपी चन्दौसी, हे0का0 राशिद हुसैन-चौकी जीआरपी राजघाट थाना जीआरपी चन्दौसी,का0 तारीफ सिंह चौकी जीआरपी राजघाट थाना जीआरपी चन्दौसी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में साथ रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अस्पताल में पौधा रोपण कर, मरीजों को फल और बिस्कुट किए वितरण

नेशनल एक्सप्रेस/चंदौसी। जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर चंदौसी ने सरकारी अस्पताल में भर्ती अस्थमा के मरीजों को फल और बिस्कुट वितरण किया गया और मरीजों की स्वस्थ की कामना की और उस उपलक्ष्य में अस्पताल में पौधारोपण भी किया जिससे मरीजों को शुद्ध वातावरण मिल सकें इस मौके पर ग्रुप की अध्यक्ष शालिनी शर्मा भी मौजूद रही और उन्होंने बताया कि हमें समय-समय पर पौधारोपण करते रहना चाहिए जिससे हमारा वातावरण शुद्ध हो और सब को भरपूर ऑक्सीजन मिलती रहें इस मौके पर फेरटशन अफसर शिखा शर्मा भी मौजूद रही उन का कहना है हमें वातावरण शुद्ध रखने के लिए नीम बेलपत्र अशोक आदि के पौधे लगाने चाहिए और ग्रुप के अन्य सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा । इस दौरान शोभा शर्मा नीतू रस्तोगी शीनू शर्मा कोषाध्यक्ष रागिनी सैनी विमलेश सैनी रेखा दीक्षित आदि मौजूद रहे।

### अवैध शस्त्र के आरोपी को तीन वर्ष कारावास व अर्थदंड से किया दण्डित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/सम्भल/शुक्रवार को कुलदीप सिंह गुनावत पुलिस अधीक्षक सम्भल के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 16.05.2024 को विशेष सत्र परीक्षण सं0 894/2010 व मु0अ0सं0 92/2010 धारा 25 आयुध अधिनियम थाना असमौली जनपद सम्भल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त सतपाल सैनी पुत्र चरन सिंह निवासी पाडली थाना आदमपुर जनपद अमरोहा को न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-07 जनपद मुरादाबाद द्वारा अभियुक्त सतपाल सैनी उपरोक्त को दोष सिद्ध करते हुए 03 वर्ष के कारावास व 02 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। सजा कराये जाने में नीलम वर्मा एडीजीसी तथा कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी गिरीशपाल का सराहनीय योगदान रहा।

### एक आरोपी को आजीवन कारावास व 83,000 रुपए के अर्थदण्ड से किया दण्डित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/संभल बहजोई /शुक्रवार को कुलदीप सिंह गुनावत पुलिस अधीक्षक सम्भल के कुशल निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 17.05.2024 को विशेष सत्र परीक्षण सं0 118/15 व मु०अ०सं० 514/2014 धारा 307/342/504 भादवि व 3 (2)5 एससी/एसटी एक्ट थाना बहजोई में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त शैलेन्द्र उर्फ शिवेन्द्र उर्फ छोटे पुत्र इन्द्रपाल निवासी पंवासा थाना बहजोई जनपद सम्भल को न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) जनपद मुरादाबाद द्वारा अभियुक्त शैलेन्द्र उर्फ शिवेन्द्र उर्फ छोटे उपरोक्त को मुकदमा उपरोक्त में दोष सिद्ध करते हुए आजीवन कारावास व 83,000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। सजा कराये जाने में आनन्द पाल सिंह एडीजीसी,कोर्ट मोहर्रिर का० संजीव कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

### उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन



नेशनल एक्सप्रेस/चंदौसी बहजोई- कई मांगों को लेकर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि जनपद में काफी शिक्षकों के चयन वेतनमान लगभग डेढ़ साल से लंबित है। जनपद के 22 स्कूलों के शिक्षकों को वार्षिक तरक्की जुलाई 2023 से नहीं लगाई गई है। काफी शिक्षकों का एक दिन, दो दिन तथा एक माह का वेतन रुका हुआ है जिसके निकालने का आदेश अभी तक निर्गत नहीं किया गया है। शिक्षकों के अवशेष वेतन का एरियर काफी समय से लंबित है। 50 प्रतिशत से कम उपस्तिथि पर स्कूल के समस्त स्टाफ का वेतन रोक दिया गया है जिसमें अब काफी सुधार है। एफएलएन ट्रेनिंग का मानदेय अभी तक शिक्षकों के खातों में नहीं पहुंचा है। ज्ञापन में मांग की गई कि शिक्षकों की उक्त सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए अन्यथा शिक्षक संघ आंदोलन को बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में अंजीव कुमार श्रोतिए, मुहम्मद रहीस, मुकेश कुमार गोयल, लायक सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

### जेवर व हजारों रुपय की नकदी लेकर युवती हुई फरार

नेशनल एक्सप्रेस/बिजनौर। नहटौर के एक मौहल्ला निवासी युवती घर से सोने के जेवर सहित हजारों रुपय की नकदी लेकर युवक संग फरार हो गई। युवती के पिता ने थाने पहुंचकर एक युवक पर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए युवती की बरामदगी की गुहार की। युवती 14 मई की सुबह परिजनों को बिना कुछ बताए घर से फरार हो गई। परिजनों को पता लगने पर युवती को तलाश किया गया लेकिन युवती का पता नही लग सका।साथ ही परिजनों का आरोप है कि युवती घर में रखे 7 तोले सोने के जेवर सहित 51500 की नकदी अपने साथ ले गई। युवती के पिता ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर एक युवक व उसके परिजनों के खिलाफ अपने साथ भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए युवती की बरामदगी की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## छेड़छाड़ के एक आरोपी को 03 वर्ष 06 माह के कारावास

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो /गुन्नौर/शुक्रवार को कुलदीप सिंह गुनावत पुलिस अधीक्षक सम्भल के कुशल निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 17.05.2024 को विशेष सत्र परिक्षण संख्या 04/2020 मु0अ0सं0 423/2019 धारा 452/323/504/506/354 भादवि व 3 (2) 5 क एससी/एसटी एक्ट थाना गुन्नौर में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त पुष्पेन्द्र यादव पुत्र जमुना सिंह ग्राम घौसली राजा थाना गुन्नौर जनपद सम्भल को न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) सम्भल स्थित चन्दौसी द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को मुकदमा उपरोक्त में दोष सिद्ध के 03 वर्ष 06 माह कारावास एवं 5,750 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। सजा कराये जाने में शालिनी ए.डी.जी.सी. तथा महिला आरक्षी सरिता रानी कोर्ट मोहर्रिर व पैरोकार मौ० अफरोज आलम थाना गुन्नौर का सराहनीय योगदान रहा।

# पांच दिवसीय समर कैंप में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस मुनीश शर्मा**

चंदौसी। शुक्रवार को खतियान मोहल्ला स्थित सरोजिनी नायडू जूनियर हाई स्कूल नगर क्षेत्र चंदौसी में लगाए जा रहे पांच दिवसीय समर कैंप में रामायण सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

भारत विकास परिषद के तत्वाधान में लग रहे हैं इस शिवर का आयोजन महिला एवं बाल विकास प्रकल्प के अंतर्गत किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजिका रेखा रस्तोगी रही। सचिव डॉ दुर्गा टंडन ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य भारतीय संस्कृति से बच्चों का जुड़ाव है ।भारत की संस्कृति में रामायण संस्कारों की संरक्षिका है। रामायण सामाजिक जीवन का आधार है। बच्चों को बहुत ही सामान्य भाषा में रामायण की कथा सुनाई गई एवं रामायण के महत्व पर प्रकाश डाला गया ।उसके पश्चात 50 प्रश्नों की लिखित परीक्षा का आयोजन हुआ जिसमें प्रथम स्थान सोनू ने,द्वितीय स्थान



मुस्कान ने, तृतीय स्थान मानवी ने, प्राप्त किया मिलन एवं अंकित को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों ने श्री राम पर आधारित बहुत सुंदर भजनों का प्रदर्शन भी किया, बच्चो ने रामायण की चौपाई दोहा इत्यादि भी सुनाएं। कार्यक्रम के पश्चात सभी बच्चों को बिस्किट एवं फल बांटे गए। कार्यक्रम में अभिषेक गुप्ता, बीनू, आयुषी, सोनी आदि परिषद परिवार के सदस्य एवं विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा ।

# पॉक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**नेशनल एक्सप्रेस**

चंदौसी/शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कुलदीप सिंह गुनावत व अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र के कुशल निर्देशन में और क्षेत्राधिकारी चंदौसी डॉक्टर प्रदीप कुमार के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में शुक्रवार को कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में थाना चंदौसी पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त साजिद पुत्र दुल्हा जान निवासी नई आबादी न्यू सफेद कोठी नईम एलसीडी वाले के पास जयन्तीपुर थाना मझौला जनपद मुरादाबाद को उ0नि0 सचिन भाटी द्वारा मय पुलिस टीम के तहसील तिराहे के पास खाली पडे मैदान के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

## पुलिस ने वांछित किया गिरफ्तार




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

सम्भल/शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कुलदीप सिंह गुनावत व अपर पुलिस अधीक्षक श्रीशचंद्र के कुशल निर्देशन में और क्षेत्राधिकारी संभल अनुज कुमार चौधरी के कुशल नेतृत्व में जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में थाना सम्भल पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त वसीम पुत्र जफर निवासी चौधरी सराय थाना सम्भल जनपद सम्भल को उ0नि0 विनोद कुमार द्वारा मय पुलिस टीम के अभियुक्त के घर से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष भेजा गया।

## पति को दूसरी औरत संग पकड़ा, तहरीर भी दी, नहीं हुई कार्यवाही

**नेशनल एक्सप्रेस अंशुल गुप्ता**

चंदौसी- नगर के बहजोई रोड निवासी एक महिला ने अपने पति पर दूसरी महिला के साथ अवैध संबंध होने का आरोप लगाया है। वहीं महिला का आरोप है कि उसने अपने पति को लगभग दो माह पूर्व शक्ति नगर में दूसरे मकान में उस महिला के साथ रंगे हाथों पकड़ा था और इसकी तहरीर कोतवाली चंदौसी में दी थी लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। महिला ने एक बार फिर सीओ चंदौसी को शिकायती पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। शिकायती पत्र में महिला ने बताया कि उसका पति बिजनौर में तैनात है और उसके पति के बदायूं जिला निवासी एक महिला के साथ अवैध संबंध हैं। उसके पति उस महिला को अपनी पत्नी बताते हैं जबकि अभी तक उसका उसके पति के साथ संबंध विच्छेद नहीं हुआ है। महिला का आरोप है कि उसके पति उसे गुजारा भत्ता भी नहीं देते हैं जिससे उसके सामने बच्चों की परवरिश और घर चलाने में समस्या आ रही है। महिला का आरोप है कि 10 मार्च को उसने अपनी पति को उस महिला के साथ शक्ति नगर में बने घर में पकड़ लिया था। जिसकी तहरीर उसने चंदौसी कोतवाली में दी थी वहीं पुलिस अधीक्षक संभल और पुलिस अधीक्षक बिजनौर को डाक के माध्यम से भेजी थी लेकिन दो माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी अभी तक उसके पति के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई है जबकि उसका पति और उक्त महिला उसे लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। महिला ने सीओ चंदौसी से कार्यवाही कर न्याय दिलाने की मांग की है।

# लूट व हत्या के प्रयास में तीन आरोपियों को 10 वर्ष का कारावास

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

संभल। शुक्रवार को कुलदीप सिंह गुनावत, पुलिस अधीक्षक सम्भल के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 16.05.2024 को मु0अ0सं0 91/2010 धारा 393/307/34बी भादवि

**15-15 हजार रुपए के अर्थदण्ड से किया दंडित**

थाना असमोली जनपद सम्भल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्त सतपाल सैनी पुत्र चरन सिंह नीटू पुत्र परम सिंह निवासीगण पाडली थाना आदमपुर जनपद अमरोहा, वीरेन्द्र उर्फ गुड्डू पुत्र हरपाल निवासी शरीफपुर थाना नखासा जनपद सम्भल को न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-07 जनपद मुरादाबाद द्वारा उपरोक्त अभियुक्तगण सतपाल सैनी नीटू वीरेन्द्र उर्फ गुड्डू को धारा 393/307/34बी भादवि में दोष सिद्ध करते हुए प्रत्येक को 10 वर्ष का कारावास व 15-15 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । सजा कराये जाने में नीलम वर्मा एडीजीसी तथा कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी गिरीशपाल का सराहनीय योगदान रहा।

# सम्भल का नाम बुलंद करने वाले छात्र व छात्राओं को किया सम्मानित

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

संभल। शुक्रवार को सीबीएससी बोर्ड का रिजल्ट आने के बाद लगातार बच्चों मे पास होने के बाद उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। सर्वाधिक अंक पाने वाले बच्चें काफी उत्साहित हैं तो उनके परिजन ओर विधालय मे भी खुशी का माहौल है। सामाजिक संस्था ह्यूमन केयर चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने अपनी कठिन मेहनत और लगन से सम्भल का नाम बुलंद करने वाले छात्र व छात्राओं को प्रमाण पत्र और फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया।ट्रस्ट के संस्थापक नाज़िश नसीर ने कहा कि ट्रस्ट हर साल हर क्षेत्र में सम्भल का नाम रोशन करने वाले मेधावियों को ट्राफी व सार्टिफिकेट देकर सम्मानित करता है।हयात नगर निवासी एडवोकेट फिरोज खान की बेटी सादिया खान ने सीबीएसई बोर्ड में कक्षा



12 की परीक्षा में 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार के साथ साथ सम्भल शहर का नाम भी रोशन किया है। छात्रा सादिया खान ने कहा कि सबसे अच्छे मोटिवेशनल स्पीकर साबित हुए। माता-पिता ने कहा कि अंक बहुत महत्वपूर्ण हैं, लेकिन तुमसे ज्यादा नहीं।अपनी तैयारी पर भरोसा रखो और जो अब तक पढ़ा है। उसके मुताबिक बिना डरे परीक्षा में बैठो। कुछ अभिभावकों ने अपने विद्यार्थी जीवन के किस्से साझा कर बच्चों का मार्गदर्शन किया । शिक्षकों के द्वारा बताई जाने वाली हर छोटी-बड़ी बात को मैं ध्यान से सुनती थी।

मेने सेल्फ स्टडी की कोई कोचिंग नहीं की।इसके अलावा घर पर नियमित तीन, चार घंटे पढ़ाई की, उसी का परिणाम है कि इतने अच्छे नंबर मिले हैं। सादिया खान ने कहा कि मैं मुस्तकबिल में डाक्टर बनकर लोगों की खिदमत करना चाहती हूं। अपनी कामयाबी के लिए में अल्लाह की शुक्रगुजार हूं, कामयाबी में माता पिता का अहम योगदान रहा। इस अवसर पर नाज़िर खान, मुहम्मद फहीम, फिरोज खान, रिजवान खान, हाफि ज इलयास, मुहम्मद साकिब आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# 370 के बाद कश्मीरी जनादेश

जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर सीट पर आम चुनाव के चौथे चरण में करीब 38 फीसदी मतदान हुआ। यह 1996 के बाद सर्वाधिक मतदान है। तब 40.9 फीसदी वोट डाले गए थे। राष्ट्रीय संदर्भ में यह बहुत कम मतदान लग सकता है, लेकिन कश्मीर के नाजुक हालात के मद्देनजर यह ऐतिहासिक और उत्साही मतदान है। 1998 के 30 फीसदी मतदान का भी रिकॉर्ड टूट गया है। पिछले आम चुनाव 2019 में, अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से पहले, श्रीनगर सीट पर मात्र 14 फीसदी मतदान हुआ था। संसद के जरिए 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 निरस्त किया गया। उसके बाद का यह पहला लोकसभा चुनाव है। चुनावी लोकतंत्र और कश्मीरी जनादेश को मतदाताओं की ऐसी भागीदारी से ताकत मिलेगी। हालांकि अमन-चैन और संपूर्ण सामान्य हालात बनना फिलहाल एक लंबी प्रक्रिया है, लेकिन कश्मीर बदला है और बदल रहा है। कश्मीरी घाटी में मतदान के ऐसे रुझानों को पढना और समझना बेहद मुश्किल और पेचीदा है। मतदान पर दमन और दबाव के आरोप लगते रहे हैं। मतदान से पहले सुरक्षा-व्यवस्था सबसे अहम सरोकार था, क्योंकि 4 मई को भारतीय वायुसेना के काफिले पर आतंकी हमला किया गया था। पुंछ इलाके के उस हमले में हमारा एक जांबाज सैनिक 'शहीद' हुआ और 4 सैनिक घायल हुए थे। कश्मीर में ऐसा टुकड़े-टुकड़े आतंकवाद आज भी मौजूद है। कश्मीर का राजधानी-शहर श्रीनगर आज चहल-पहल में डूबा है। लोग पार्क में बैठे पार्टी कर रहे हैं और पत्रकारों को भी चाय-नाश्ते की पेशकश कर रहे हैं। श्रीनगर में चुनाव के वक्त इसकी कल्पना भी नहीं की जाती थी। लोग प्रधानमंत्री मोदी और उनके बदलावों की भी चर्चा कर रहे थे।

घाटी में तो भाजपा का अस्तित्व ही नहीं रहा है। भाजपा ने अपना उम्मीदवार भी श्रीनगर से खड़ा नहीं किया था। वह किसी 'अपनी पार्टी' और 'पीपुल्स कॉन्फ्रेंस' को चुनावी समर्थन दे रही थी, यह भी गप्पबाजी के अलावा कुछ नहीं है। श्रीनगर सीट पर फारूक अब्दुल्ला की 'नेशनल कॉन्फ्रेंस' और महबूबा मुफ्ती की 'पीडीपी' ने एक-दूसरे के खिलाफ प्रत्याशी उतारे थे, हालांकि दोनों ही 'इंडिया' गठबंधन के घटक हैं। वे इतने मतदान को अनुच्छेद 370 निरस्त करने के खिलाफ कश्मीरियों का गुस्सा करार देते हैं। अभी जम्मू-कश्मीर की शेष सीटों पर मतदान होना है, लेकिन भाजपा का मानना है कि अनुच्छेद 370 कोई मुद्दा ही नहीं रहा। भाजपा के लिए यह ऐतिहासिक इसलिए है, क्योंकि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 'एक विधान, एक निशान, एक प्रधान' के लिए लंबा संघर्ष किया था। उनकी शहादत आज भी एक रहस्य है। अनुच्छेद 370 'जनसंघ' के दौर से एक वैचारिक और सैद्धांतिक एजेंडा रहा है। मोदी सरकार ने अगस्त, 2019 में संसद के जरिए इसे निरस्त किया और उसके बाद आम कश्मीरी आंदोलित भी नहीं हुआ। कश्मीर में 'तिरंगा' फहराया जा रहा है। भारत का संविधान और तमाम कानून कश्मीर में भी प्रभावी हो गए हैं। आरक्षण की व्यवस्था भी लागू कर दी गई है। गैर-कश्मीरी भी जमीन खरीद कर अपना कारोबार कर रहे हैं। कश्मीरी महिलाओं के पारिवारिक और वैवाहिक हक शेष भारत की तरह लागू कर दिए गए हैं। कश्मीर बदल गया है, इसका पुख्ता सबूत यह है कि आम चुनाव के जरिए जनादेश भी शांति और सद्भाव से दर्ज करा दिया गया है। यकीनन यह बदले और नए कश्मीर का पहला जनादेश है। टीवी चैनलों पर असंख्य कश्मीरियों को यह कहते सुना और देखा गया-बेशक बहुत कुछ बदल गया है। अब हम रात-दिन सक्रिय और सुरक्षित हैं।''

आम चुनाव के ऐसे मतदान ने उम्मीदें भी जगा दी हैं कि जम्मू-कश्मीर का राज्यत्व भी बहाल होगा और विधानसभा चुनाव भी ऐसे ही सुकून के साथ होंगे। बीते दिसंबर माह में सर्वोच्च अदालत ने चुनाव आयोग को निर्देश दिए थे कि जम्मू-कश्मीर में 30 सितंबर, 2024 तक विधानसभा चुनाव कराए जाएं। अदालत ने यथाशीघ्र राज्यत्व भी बहाल करने के निर्देश दिए थे। चूंकि जम्मू-कश्मीर में परिसीमन का काम पूरा हो चुका है और मतसूचियां भी अपडेट की जा चुकी हैं, लिहाजा अब चुनावों के लिए किसी भी बहाने की गुंजाइश नहीं है। राज्य में पूर्ण सामान्यीकरण के लिए भी विधानसभा चुनाव कराने बेहद महत्वपूर्ण हैं। कश्मीरियों के अपने जन-प्रतिनिधि चुने जाएं, उनकी अपनी विधानसभा और राज्य सरकार हो, ताकि कश्मीर अपने फैसले खुद ले सके। यह बात सुखद है कि अब पर्यटक घूमने के लिए कश्मीर तक पहुंच रहे हैं। इससे स्थानीय लोगों को बड़े पैमाने पर रोजगार भी मिलता है। टैक्सी वाले, होटलियर्स, टूरिस्ट गाइड और अन्य अनेक कारोबारियों का कारोबार बढने लगा है। वह दिन दूर नहीं जब कश्मीर फिर से पृथ्वी का स्वर्ग बन जाएगा।

# एक देश, एक रंगीला, दूसरा बर्दाश्त नहीं



राकेश अचल

> बनारस में माननीय मोदी जी को हराना फिलहाल किसी के बूते की बात नहीं है। कांग्रेस के अजय राय की भी नहीं, फिर भी राय लगातार तीसरी बार माननीय मोदी जी के सामने खड़े हुए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी का बस नहीं चलता अन्यथा वो राय साहब का नामांकन भी उसी तरह खारिज कर देता जिस तरह सूरत में हुआ, जिस तरह खजुराहो में हुआ। जहाँ नामांकन रद्द नहीं हो सकता वहां सत्तारूढ़ दल प्रतिद्वंदी पार्टी के उम्मीदवार को खरीद लेता है या नाम वापस करा लेता है।

हम तेजी से एक देश, एक निशान, एक विधान, एक नेता, एक भगवान की और आगे बढ़ रहे हैं, इसीलिए हमें इस देश में रंगीला भी एक चाहिए। दूसरा कोई रंगीला हम बर्दाश्त नहीं कर सकते, फिर चाहे वो श्याम रंगीला हो या राम रंगीला। इस देश में एक ही रंगीला है। दूसरे की कल्पना करना ही जुर्म है। राष्ट्रद्रोह है।

वाराणसी के श्याम रंगीला को कल तक कोई नहीं जानता था, लेकिन आज पूरा देश जान गया है। श्याम रंगीला हास्य कलाकार है। हमारे यहां हास्य कलाकारों को पहले जोकर, बाद में विदूषक और अब कॉमेडियन कहा जाता है। कॉमेडियन श्याम रंगीला बनारस से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन उनका नामांकन खारिज हो गया है। उन्होंने वाराणसी से पर्चा भरा था. जांच के बाद श्याम रंगीला का पर्चा खारिज हो गया।

नामांकन रद्द होने के बाद उन्होंने कहा कि 'वाराणसी से नहीं लड़ने देंगे यह तय था, अब साफ हो गया। दिल जरूर टूट गया है, हौसला नहीं टूटा है.। श्याम रंगीला की तरह 32 और लोगों के नामांकन पात्र ख़ारिज कर दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी की मजबूरी थी कि वो ऐसा करे। यदि न करता तो उसकी छुट्टी हो जाती। बाकी का तो पता नहीं लेकिन श्याम रंगीला के नामांकन को लेकर देश में अच्छी प्रतिक्रिया नहीं आयी है।

बनारस में माननीय मोदी जी को हराना फिलहाल किसी के बूते की बात नहीं है। कांग्रेस के अजय राय की भी नहीं, फिर भी राय लगातार तीसरी बार माननीय मोदी जी के सामने खड़े हुए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी का बस नहीं चलता अन्यथा वो राय साहब का नामांकन भी उसी तरह ख़ारिज कर देता जिस तरह सूरत में हुआ, जिस तरह खजुराहो में हुआ। जहाँ नामांकन रद्द नहीं हो सकता वहां सत्तारूढ़ दल प्रतिद्वंदी पार्टी के उम्मीदवार को खरीद लेता है या नाम वापस करा लेता है।

रंगीला यदि चुनाव लादते तो कोई आसमान नहीं टूट जात। रंगीला की तरह अन्य 32 लोग भी यदि मोदी जी के खिलाफ खड़े रहते तो भी आसमान को नहीं टूटना था लेकिन मोदी जी का दिल जरूर टूट जाता। जिला निर्वाचन अधिकारी को बनारस में ज्यादा से ज्यादा ईवीएम लगना पड़ती। मुमकिन है कि मोदी जी का नाम मशीन में पहले -दूसरे नंबर के बजाय सबसे नीचे होता। यदि ऐसा होता तो मुमकिन है कि मतदाता मोदी जी के कमल निशान तक पहुँच ही न पाता। रंगीला का दिल तोड़ने का काम निर्वाचन अधिकारी ने दिल पर पत्थर रखकर किया है। आखिर अघोषित राजाज्ञा भी तोकोई चीज होती है।

मैंने कल ही कहा था कि आज के लोकतंत्र में आम आदमी के लिए चुनाव लड़ने का कोई अवसर नहीं बचा है। करोड़, दस करोड़ नहीं बल्कि हजारों करोड़ के मालिक ही अब चुनाव लड़ते है, लड़ सकते हैं। श्याम रंगीला जैसों को ये अधिकार नहीं है और यदि है तो उसे आसानी से छीना जा सकता है। श्याम रंगीला में इतनी कूबत नहीं है कि वो बनारस के जिला निर्वाचन अधिकारी के फैसले के खिलाफ किसी बड़ी अदालत का दरवाजा खटखटाये। श्याम रंगीला को चुप होकर घर ही बैठना पडेगा। यदि वो जिद करेगा तो उसे कॉमेडी करने से भी रोक दिया जाएगा, क्योंकि कॉमेडी करने पर भी एकाधिकार माननीय का है। वे देश के सबसे बड़े स्टेंडअप कमेडियन हैं। उनकी भाव मुद्राएं क्रूज पर साक्षात्कार देते समय अलग और रैली में अलग होती हैं। उनका अभिनय बहुआयामी है।, उनके कपडे सब हास्य बोध करते हैं।

जिस देश में एक निशान, एक विधान, एक जुबान, एक खानपान का सपना देखा जा रहा हो उस देश में श्याम रंगीला चुनाव कैसे लड़ सकता है ?माननीय के खिलाफ चुनाव लड़ने से रंगीला को केवल सुर्खियां मिलतीं, दुर्भाग्य से सुर्ख़ियों पर भी माननीय का एकाधिकार कहिये या कॉपी राइट कहिये, है। आम आदमी को सुर्खी में रहने का भी अधिकार नहीं है। उसे केवल एक अधिकार प्राप्त है और वो है मताधिकार। गनीमत है कि एक दशक पुरानी सत्ता ने उससे उसका ये वाला मताधिकार नहीं छीना है। अभी तक सत्ता पक्ष की और से ये हौवा खड़ा नहीं किया गया है कि यदि कांग्रेस सत्ता में आ गयी तो आपके मंगलसूत्र, मकान और भैंसों के साथ ही आपका मताधिकार छीन लिया जाएगा।

देश में एक जमाने में रंगीला की तरह बहुत से ऐसे नागरिक थे जो अपनी सांकेतिक उपस्थिति से चुनाव को रोचक बनाया करते थे। हमारे अपने शहर ग्वालियर में एक जमाने में धरतीपकड़ हुआ करते थे। अनेक चायवाले थे लेकिन उनके नामांकन को कभी किसी प्रतिद्वंदी नेता ने न ख़ारिज कराया और न उसके खड़े होना का बुरामाना, लेकिन अब दुनिया ही नहीं हमारा देश भी बदल रहा है। रंगीला और धरतीपकड़ की भूमिका हमारे सत्तारूढ़ दल के नेता खुद निभा सकते हैं, निभा रहे हैं। निभा इसलिए रहे हैं क्योंकि उनकी अपनी कोई विरासत नहीं है। इसलिए मजबूरी में भाजपा को भी उन्हीं ज्योतिषियों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिनका सहारा दूसरे लोग भी लेते हैं।

मै अपने आपको सौभाग्यशाली मानता हूँ कि मैंने विधानसभा का चुनाव लड़ा लेकिन मेरे प्रतिद्वंदी तबके सत्तारूढ़ दल के मंत्री बालेंदु शुक्ल ने मेरा नामांकन रद्द नहीं कराया। मुझे चुनाव लड़ने दिया। मुझे खरीदने की कोशिश नहीं की। मुझे धमकाने की कोशिश नहीं की। जिला निर्वाचन अधिकारी से कुछ नहीं कहा, क्योंकि जब मैंने चुनाव लड़ा था तब मोदी युग नहीं था। शायद मोदी जी भी तब कहीं नहीं थे। यदि रहे भी होंगे तो उन्हें लोग श्याम रंगीला जितना भी शायद न जानते हों। इंदिरा गाँधी को रायबरेली से चुनाव हारने वाले राजनारायण जी भी समाजवादी राजनीति के श्याम रंगीला थे। एकदम फक्क्ड़। बात-बात पर हंसाते थे, खुद भी हसंते थे, लेकिन राजनीति भी जमकर करते थे। मुझे लगता है कि भाजपा को श्याम रंगीला में कहीं राजनारायण के दर्शन तो नहीं हो गए।

बहरहाल श्याम रंगीला के साथ जो हुआ, वो नहीं होना चाहिए था। चुनाव लड़ने वाले किसी भी नागरिक के साथ नहीं होना चाहिए। यदि ऐसा हो रहा है तो इसके लिए देश और लोकतंत्र शर्मिंदा है। गनीमत है कि हम भारत में रहते हैं, स्लोवाकिया में नहीं। हालाँकि हम स्लोवाकिया की तरह अपने ही अनेक नेताओं के कत्ल के आरोपी रहे हैं। ईश्वर करे कि देश में कभी कोई सिरफिरा पैदा न हो। फिर हमारे नेताओं के जिस्म छलनी न हों।

ये सुनिश्चित करने के लिए हमें श्याम रँगीलाओं को संरक्षण देना होगा। उन्हें चुनाव लड़ने का मौक़ा देना होग। अन्यथा लोकतंत्र को लोकतंत्र कहने में संकोच होगा। अठारहवीं लोकसभा के लिए हो रहे मतदान के बाकी के चरणों में निर्वाचन अधिकारी किसी की कठपुतली न बनें। किसी को चुनाव लड़ने से जानबूझकर न रोकें। क्योंकि अभी इस देश में एक निशान है, एक संविधान है। एक किसान है, एक जवान है। समृद्ध अतीत है और संभावनाओं से भरा भविष्य है। वर्तमान कैसा है वो आपके सामने है ही।



## 18 मई : इतिहास की अहम घटनाएं

1955 स्वतंत्रता के लिए ऑपरेशन पास, 310,000 वियतनामी नागरिकों, सैनिकों और फ्रांसीसी-वियतनामी सदस्यों के साम्यवादी उत्तरी वियतनाम से दक्षिण वियतनाम के लिए प्रथम इंडोचाइना युद्ध की समाप्ति के बाद निकासी समाप्त हो गई।

1956 ल्होत्से का मुख्य शिखर पहली बार 18 मई, 1956 को अन्स्र्ट रीस और फ्रिट्ज़ लुचिंगर की एक स्विस टीम द्वारा चढ़ा गया था। यह दुनिया का चौथा सबसे ऊंचा पर्वत है जो 8,516 मीटर की दूरी पर है और तिब्बत और नेपाल की सीमा पर स्थित है।

1965 एली कोहेन, एक जासूस, जिसे सीरिया के खिलाफ छह-दिवसीय युद्ध में इजरायल के असफल होने का श्रेय दिया जाता है, चार महीने पहले सार्वजनिक रूप से पकड़े जाने के बाद सार्वजनिक रूप से फांसी दी गई थी।

1969 अमेरिकी अपोलो अंतरिक्ष कार्यक्रम अपोलो 10 के चौथे मानवयुक्त मिशन को 18 मई 1969 को नासा द्वारा तीन चालक दल के सदस्यों के साथ लॉन्च किया गया था। अपोलो 10 गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में 39,897 किमी / घंटा की गति से एक मानव वाहन द्वारा प्राप्त की गई उच्चतम गति के लिए पंजीकृत है।

1980 स्ट्रैटोवोलकानो माउंट सेंट हेलेंस 18 मई, 1980 को स्केमानिया, वाशिंगटन में फटा। यह अमेरिकी इतिहास में सबसे अधिक आर्थिक रूप से विनाशकारी ज्वालामुखी घटना के रूप में गिना जाता है, जिसमें 57 लोग मारे गए। इसने 250 घरों, 47 पुलों, 24 किमी रेलवे, 298 किमी राजमार्गों को भी नष्ट कर दिया।

1980 स्ट्रैटोवोल्केनो माउंट सेंट हेलेंस फट गया, दक्षिणी वाशिंगटन राज्य में 57 लोग मारे गए, सैकड़ों वर्गमीलों को बंजर भूमि में गिरा दिया और यूएस $ 1 बिलियन से अधिक की क्षति हुई।

1991 ब्रिटेन की पहली अंतरिक्ष यात्री हेलेन शर्मन ने अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी थी। 27 वर्षीय हेलेन सोवियत सोयुज़ नाम की अंतरिक्ष कैपसुल में बैठकर कज़ाख़स्तान से रवाना हुई।

1991 सोमालीलैंड ने 18 मई, 1991 से खुद को स्वतंत्र राज्य घोषित किया, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी अन्य देश या संगठन द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं है।

1991 सोमाली राष्ट्रीय युद्ध ने सोमालिया की स्वतंत्रता की घोषणा की, एक वास्तविक राज्य जिसे सोमालिया के स्वायत्त क्षेत्र के रूप में मान्यता प्राप्त है, सोमाली राज्य गृह युद्ध के दौरान केंद्र सरकार के पतन के बाद।

2004 इस्त्रायल के राफा विस्थापित कैम्प में इस्त्रायली सैनिकों ने 19 फिलीस्तीनियों को मौत के घाट उतारा।

2005 हबल स्पेस टेलीस्कोप की एक दूसरी तस्वीर में प्लूटो-निक्स और हाइड्रा के दो नए चंद्रमाओं की थीडिसकवरी की पुष्टि की गई है।

2006 18 मई अधिनियम को जन-अन्दोलन सरकार द्वारा 2006 में पारित किया गया था जिसे नेपाली मैग्ना कार्टा के रूप में वर्णित किया गया है। इस बिल ने राजा की शक्ति को कम कर दिया और राष्ट्र को धर्मनिरपेक्ष देश के रूप में स्थापित किया।

2006 नेपाल की संसद ने सर्वसम्मति से अपनी कई शक्तियों के राजा ज्ञानेंद्र को हटाने के लिए मतदान किया।

2009 18 मई, 2009 को श्रीलंकाई सेना ने तमिल टाइगर्स (लिबरेशन टाइगर्स ऑफ़ तमिल ईलम) को हरा दिया और इस तरह 26 साल के सैन्य अभियान के बाद श्रीलंकाई गृहयुद्ध समाप्त हो गया। सरकार ने देश के उत्तर और पूर्व हिस्से का नियंत्रण ले लिया, जो पहले LTTE के नियंत्रण में था।

2012 सोशल नेटवर्किंग कंपनी फेसबुक इंक ने नास्डैक में ट्रेडिंग करना शुरू किया।

## समसामयिक



# पीओके : जो घनीभूत पीड़ा थी


**पाक** अधिकृत कश्मीर (पीओके) में हुए हालिया विरोध प्रदर्शन से उस इलाक़े के भीतर उबल रहे असंतोष का पता चलता है। हालाँकि इसका तात्कालिक कारण पाकिस्तान में चल रहे आर्थिक संकट के कारण उत्पन्न आर्थिक कठिनाई प्रतीत होता है, लेकिन इस अशांति की जड़ें बहुत गहरी हैं। पीओके में विरोध प्रदर्शन निर्विवाद रूप से पूरे पाकिस्तान में महसूस किए जा रहे गंभीर आर्थिक तनाव से जुड़ा हुआ है। वहाँ भोजन और ईंधन की बढ़ती लागतें व्यापारियों और आम नागरिकों की ज़िंदगी को समान रूप से मुहाल किए हुए हैं। यह आर्थिक कठिनाई उस सार्वजनिक हताशा का अहम उत्प्रेरक है, जिसने लोगों को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर किया है।पाकिस्तान का आर्थिक संकट जगज़ाहिर है। उसे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिनमें मुद्रा का मूल्यह्रास, बढ़ती महँगाई और घटता विदेशी मुद्रा भंडार शामिल हैं। ऐसे में सरकार जानबूझकर पीओके में ज़रूरी वस्तुओं पर सब्सिडी देने या बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं में निवेश से गुरेज करती है। लंबे समय से चले आ रहे इस सौतेले बर्ताव से पीओके के आर्थिक विकास को पंगु बना कर रख दिया है। ग़ैर-ज़म्मेदार केंद्र सरकार की ओर से मिली यह घोर उपेक्षा स्थानीय लोगों के मन में अलगाव की चिंगारी भड़काने में अहम किरदार निभाती है। उन्हें यह भी शिकायत है कि संसाधन वितरण में उनके साथ भेदभाव किया गया है। उन्हें लगता है कि पीओके को सरकारी सहायता और निवेश का उचित हिस्सा नहीं मिल रहा है।

असमान व्यवहार की यह टीस आग में घी का काम करती है।सयाने याद दिला रहे हैं कि पाकिस्तान सरकार ने पीओके को हमेशा राजनीति और समाज के हाशिये पर रखा है। पाकिस्तान ने इस इलाक़े को अपना अभिन्न अंग समझने के बजाय एक उपनिवेश भर समझा है। इसी से उपजा गुस्सा अब दुर्दिन में घनीभूत होकर फूट फूट कर निकल रहा है !ग़ौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के कारण पीओके में आर्थिक कठिनाई और बढ़ गई है। 2019 से दोनों देशों के बीच व्यापार में व्यवधान का पीओके की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। यह क्षेत्र पहले सीमा पार व्यापार का एक प्रमुख लाभार्थी था, इसलिए इसकी गिरावट ने आर्थिक मंदी को बढ़ा दिया है।यहाँ यह भी दोहराना ज़रूरी है कि कश्मीर मुद्दे के व्यापक भू-राजनीतिक संदर्भ की भी इस संदर्भ में बड़ी भूमिका है। भारत और पाकिस्तान के बीच अनसुलझा क्षेत्रीय विवाद पीओके पर शुरू से ही छाया रहा है, जिससे क्षेत्रीय सहयोग और आर्थिक विकास में बाधा आती है। वर्तमान राजनीतिक माहौल में ऐसे परिदृश्य की कल्पना करना मुश्किल हो गया है जहाँ भारत और पाकिस्तान के बीच व्यापार संबंध सामान्य हों। इसका खामियाज़ा सीधे सीधे पीओके को भुगतना पड़ रहा है। न पाकिस्तान आतंकवाद की अपनी पाठशालाएँ बंद करेगा, न भारत से रिश्ते सामान्य होंगे और न पीओके की नियति बदलेगी !

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का मानना है कि पाकिस्तान को अपने आर्थिक संकटों को दूर करने के लिए वित्तीय सहायता की ज़रूरत है। हालाँकि, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सहायता अक्सर कड़ी शर्तों के साथ आती है, और यह स्पष्ट नहीं है कि ऐसी सहायता पीओके के लोगों के लिए कितने प्रभावी लाभ में तब्दील होगी। इसलिए इस समस्या के अधिक टिकाऊ समाधान के लिए पाकिस्तान सरकार को बहु-आयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा। उसे अपने आर्थिक असंतुलन को दूर करने और पीओके में शासन में सुधार के लिए मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने, अर्थव्यवस्था में विविधता लाने और संसाधनों का समान वितरण सुनिश्चित करने के उपाय आजमाने होंगे। पाकिस्तान को यह भी समझना होगा कि भारत के साथ रिश्ते सुधारे बिना यह सब संभव नहीं। रही बात पीओके को आज़ाद कराने के लिए भारत के किसी मिलिटरी ऑपरेशन की; तो याद रहे कि यह युग युद्धों का युग नहीं है !

**ऋषभदेव शर्मा**

# श्रीलंका में भी होती है माता सीता जी की पूजा !



डॉ, श्रीगोपालनारसन एड.

भारत ही नही, श्रीलंका में भी होती है माता सीता जी का पूजा।श्रीलंका में जहां कभी रावण ने सीता माता को बंदी बनाकर रखा था, आज वहां एक ऐसा मंदिर है, जहां मुख्य रूप से सीता माता की पूजा अर्चना होती है, इस मंदिर में सीता माता की भव्य प्रतिमा प्राण प्र ति ष्ठि त है।विश्वभर में यही एक ऐसा स्थल है, जहां सीता माता ने असुरराज रावण की कैद में लंबा समय बिताया था।यहां के तमिल भाषी लोग न हिंदी बोल पाते हैं और न ही हिंदी समझ पाते है, फिर भी यहां हनुमान चालीसा पढ़ी व गुनगुनाई जाती है, साथ ही सीता माता को एक देवी के रूप में रूहानियत का सम्मान दिया जाता है।

असुरराज रावण के राज्य श्रीलंका के 'न्यूवार इलिया' नामक पर्वत पर बसे न्यूवार इलिया कस्बे से 5 कि. मी. दूर केन्डी रोड पर इस सीता इलिया अथवा सीता अम्मान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई है। सीता माता के इस एकमात्र भव्य मंदिर का निर्माण यद्यपि सन 1998 में ही हुआ है, किंतु मान्यताओं एवं किंवदन्तियों की दृष्टि में यह वहीं पवित्र स्थल है जहां रावण द्वारा सीता माता को बन्दी बनाकर रखा गया था।

शांत किन्तु रमणीक ग्रामीण पृष्ठभूमि के इस क्षेत्र में एक झरने के निकट बनाये गए इस मंदिर की गोलाकार छत बहुरंगी पौराणिक चित्रों से समृद्ध प्रतीत होती है।श्रीलंका सरकार द्वारा पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण दर्शनीय स्थल होने की आशा से इस पूरी योजना को सीता इलिया प्रोजेक्ट का नाम दिया गया है।हालांकि श्रीलंका में सीता माता का ही एक मंदिर नही है।बल्कि श्रीलंका को मंदिरो का देश कहे तो भी गलत नही होगा।आइए जानते है यहां के कुछ प्रसिद्ध मंदिरो के बारे में,



**गंगारामया मंदिर**

श्रीलंका के कोलंबो में स्थित गंगारामया मंदिर बहुत प्राचीन है और यहां आने वाले लोगों की आस्था भी बहुत अधिक है। यह मंदिर आधुनिकता और सांस्कृतिक वास्तुकला का मिश्रण कहा जा सकता है। यह कोलंबो शहर के बीच में स्थित है। यहां पहुंचने के लिए कोलंबो एयरपोर्ट से 40 मिनट का समय कार द्वारा लगता हैं।

**दलदा मालीगावा**

अगर कोई व्यक्ति श्रीलंका में आध्यात्मिक समय व्यतीत करना चाहता है तो वह श्री दलदा मालीगावा मंदिर के दर्शन करने अवश्य जाएं। यहां पर श्रीलंका के सबसे पवित्र अवशेष देखे जा सकते हैं। यह बहुत ही सुंदर व भव्य मंदिर है और यहां पर होने वाले धार्मिक कार्यक्रम भी देखने योग्य होते हैं।

**नागुलेश्वरम मंदिर**

श्रीलंका के सबसे मशहूर मंदिरों में से एक है नागुलेश्वरम मंदिर, इस मंदिर में भगवान शिव की पूजा होती है। यह कीरिमलाई वॉटर स्प्रिंग के सामने स्थित है। यहां वातावरण बहुत ही पवित्र व धार्मिक है।इस मंदिर में पूजा करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते है।

**शंकरी देवी मंदिर**

शंकरी देवी मंदिर श्रीलंका में रावण के द्वारा बनाया गया था। यह मंदिर कोनेश्वरम के पास स्थित है।इस मंदिर का हिंदू धर्म में काफी महत्व है। तभी तो बड़ी संख्या में हिन्दू इस मंदिर में शिव साधना के लिए पहुंचते है।इस मंदिर से बहुत ही खूबसूरत इंडियन ओशन का नजारा देखा जा सकता है।

**काटारगामा मंदिर**

श्रीलंका में यह मंदिर सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। यहां भगवान कार्तिकेय की पूजा की जाती है। इस मंदिर की बाबत एक धार्मिक कहानी है, जो कि भगवान इंद्र और कार्तिकेय से जुड़ी हुई है। जिसे जानने के लिए श्रद्धालु दूर दूर से इस मंदिर में पहुंचते है और अपनी मनोकामना पूरी करते है।

**केव मंदिर**

श्रीलंका में इस मंदिर को दांबुला का स्वर्ण मंदिर भी कहा जाता है। यह एक यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट है। यह श्रीलंका में सबसे बड़ा केव मंदिर है और यह सबसे मशहूर मंदिर में से एक है। यहां पर पूजा अर्चना करने के साथ-साथ श्रद्धालुओं को खूबसूरत नजारें भी देखने को मिलते हैं।

**मवीदापुरम कंडास्वामी**

भगवान स्कंदा को समर्पित यह मंदिर श्रीलंका में काफी मशहूर है।ऐसा माना जाता है कि यह मंदिर तमिलनाडू की एक राजकुमारी द्वारा बनवाया गया था। इस मंदिर की वास्तुकला बहुत ही खूबसूरत हैव दर्शनीय है।

**मुनेस्वरम मंदिर**

श्रीलंका के मुनेस्वरम मंदिर परिसर में एक साथ पांच मंदिर है जिनमें बुद्ध, शिव व तीन अन्य देवी देवताऽओं के मंदिर है। यह मंदिर श्रीलंका के मंदिरों की श्रंखला में काफी लोकप्रिय है, इन मंदिरों की वास्तुकला कुछ विशेष ही नज़र आती है। लोग इस मंदिर में आस्थाभाव के साथ पूजा अर्चना करने आते है।जहां कहते है मन की मुराद भी पूरी होती है।

# अघोषित कटौती से परेशान किसानों का विद्युत फीडर का घेराव

## एकत्रित किसानों ने तहसीलदार टूंडला को समस्या से अवगत कराया

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**





टूण्डला। भीषण गर्मी में विद्युत विभाग द्वारा की जा रही अघोषित कटौती से परेशान किसानों ने विद्युत फीडर का घेराव कर दिया। उन्होंने फीडर पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। अधिकारियों और कर्मचारियों पर अनदेखी का आरोप भी लगाया। शुक्रवार को पचोखरा क्षेत्र के गांव नगला गंगाराम, बुर्ज नत्थू, देवखेड़ा, बुर्ज भजन, नगला धन सिंह, श्रीनगर, पचोखरा और गढ़ी दया समेत विभिन्न गांव के किसानों ने पचोखरा विद्युत वितरण का घेराव कर दिया। जहां पर किसानों ने नारेबाजी भी की। किसानों का कहना है कि विगत 10 दिन से दिन- रात बिजली कटौती की जा रही है। जिसकी वजह से वह फसलों की सिंचाई भी नहीं कर पा रहे हैं। फसलें भीषण गर्मी में सूखने लगी हैं। अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। किसानों ने विद्युत कटौती की समस्या का निदान न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। अवर अभियंता अनुज भारद्वाज ने बताया कि लोड अधिक होने पर पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। टुकड़ों में काटकर बिजली दी जा रही है। लोड कम होने पर किसानों को पर्याप्त बिजली दी जाएगी। संतोष जनक जवाब न मिलने पर किसानों ने टूंडला तहसील में तहसीलदार को समस्या से अवगत कराया।

# गांव की गलियों में बह रहा पानी, नालियों की नहीं होती सफाई

**नेशनल एक्सप्रेस / तहसील रिपोर्टर।**



सिरसागंज ।विकासखंड अरांव की ग्राम पंचायत पीथेपुर में गांव की गलियों में पानी बह रहा है। नालियां कई जगह रुकी पड़ी है। तहसील सिरसागंज से 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह गांव विकास के कार्यों में भी पीछे दिखाई दे रहा है। यहां नालिया तो पक्की बनी है गांव में सीसी है, लेकिन समय से सफाई न होने के कारण रुकी पड़ी है। शुक्रवार शाम को गांव से निकलते वक्त देखा कि गांव की गलियों में बुरी तरह पानी बह रहा है जानकारी करने पर लोगों ने बताया कि सफाई कर्मचारी अपनी मर्जी का मालिक है जब चाहे तब आता है और जब चाहे तब नहीं आता है। जिससे गांव की गलियां रुकी पड़ी है और नालियों में पानी बह रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, पत्नी की मौत पति घायल



नेशनल एक्सप्रेस / तहसील रिपोर्टर/सिरसागंज। थाना सिरसागंज क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठी पत्नी की मौत हो गई ,जबकि पति घायल हो गया । गांव धौलपुरा निवासी मिथिलेश अपने पति के साथ सिरसागंज क्षेत्र में आई थी, अभी नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी , जिससे पति व पत्नी बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल फिरोजाबाद भेजा जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने मिथलेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि पति का इलाज किया जा रहा है।

### दो दो कारतूस सहित दो अभियुक्त गिरफ़्तार

नेशनल एक्सप्रेस/ क्राइम रिपोर्टर/फि रोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस ने दो अभियुक्त को 02-02 कारतूस सहित गिरफ़्तार किया। थाना रसूलपुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान व मुखबिर की सूचना पर डांक बगला मस्जिद के बराबर में खाली पडे मैदान से आसिफ पुत्र हनीफ कुरैशी और जुबैर पुत्र हबीब को 02-02 कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

### चोरी की मोटरसाइकिल सहित अभियुक्त गिरफ़्तार भेजा जेल

नेशनल एक्सप्रेस/ क्राइम रिपोर्टर/फि रोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस ने शातिर बाइक चोर को चोरी की एक मोटरसाइकिल व अवैध असलहा सहित गिरफ़्तार कर जेल भेजा। चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति व वाहन के दौरान थाना दक्षिण पुलिस ने वांछित आशीष पण्डित उर्फ विष्णु पुत्र सुरेश अवस्थी निवासी लोहिया नगर जलेसर रोड बनवारी को किराये का मकान थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद को पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित चोरी की मोटरसाइकिल और एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के मालगोदाम के पास से गिरफ्तार किया गया। वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### महिला ने लगाया पिटाई करने का आरोप

नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर/जसराना। थाना जसराना क्षेत्र के गांव नगला नथुआ निवासी महिला ने अपने पति, सास, ससुर एवं जेठ पर गाली गलौज करने एवं पिटाई करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। नगला नथुआ निवासी कुमकुम का कहना है कि पति सत्यवीर, सास विमला देवी, ससुर सौराज सिंह, जेठ रामप्यारे आए दिन उसके साथ गाली गलौज एवं पिटाई करते हैं। पीडित महिला ने पुलिस को अपनी दास्तां सुनाई तो पुलिस ने तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना प्रभारी अंजीश कुमार सिंह ने कहा मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### बीडीएम में यूपी बोर्ड की छात्राएं हुई सम्मानित



नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर/ शिकोहाबाद ।बीडीएम इंटर कॉलेज में यूपी बोर्ड की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य स्वालिहा परवीन द्वारा कॉलेज की टॉपर समेत टॉप टेन ने शामिल छात्राओं को मेडल आदि देकर सम्मानित किया गया । इस दौरान कॉलेज में प्रथम स्थान पर कुमारी योग्यता ने 91.8 फीसदी, द्वितीय स्थान पर रहे कुमारी शिवानी 89.2 फीसदी, तीसरे स्थान पर कुमारी वैष्णवी ने 88 प्रतिशत, कुमारी प्रिया ने 87.8 फीसदी तथा पांचवे स्थान पर मुस्कान ने 87.47 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इस मौके पर कॉलेज की शिक्षिकाएँ रेखा चौहान ,नीरा माथुर, सविता, डॉक्टर मीना रानी, पूर्णिमा सिंह, नीलम यादव, शिवानी शर्मा, आयशा खातून, रेखा कुमारी आदि मौजूद रही।

### अवैध तमंचा सहित अभियुक्त गिरफ़्तार भेजा जेल

नेशनल एक्सप्रेस/ क्राइम रिपोर्टर/फि रोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस ने चैकिंग के दौरान अभियुक्त आकाश को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा। पुलिस ने चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति वाहन के दौरान आकाश पुत्र शिवनाथ यादव को पत्थर वाली गली के पास खाली मैदान से नाजायज एक तमंचा 315 बोर और एक कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के आधार पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर जेल भेजा जा रहा है।

### विवाहिता ने लगाया ससुरालियों पर घर से निकालने का आरोप

नेशनल एक्सप्रेस /बिजनौर। एक विवाहिता ने अपने ससुरालियों पर मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। नहटौर थाना क्षेत्र के गांव करीमपुर मुबारक निवासी विवाहिता विवाहिता पत्नी इदरीश ने पुलिस को दी तहरीर में अवगत कराया कि उसके ससुराल के उसका पति इदरीश,नूर मौहम्मद पुत्रगण रईस, अनीस पुत्र हनीफ निवासी करीमपुर मुबारक उसे तरह तरह से परेशान करते रहते है ।साथ ही गाली गलौज कर मारपीट करते हुए अश्लील हरकत करते रहते है ।उसका आरोप है कि उसके द्वारा कई बार समझाने पर आरोपी बाज नहीं आए ।इसी चलते आरोपियों ने उसके साथ गली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। उसकी चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों ने उसे बचाया ।साथ ही उसका आरोप है कि आरोपियों ने कही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए बिना कुछ सामान दिए उसे घर से निकाल दिया।

# दबंगों ने भागवत कथा के भंडारे में जमकर मचाया हंगामा, मुकदमा

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**





फिरोजाबाद । जनपद के थाना एका क्षेत्र में कुछ दबंगों ने प्रधान के साथ मिलकर भागवत कथा के भंडारे में जमकर हंगामा मचाया। मामला इतना ही नहीं दबंगो ने लाठी-डंडों से मारपीट के साथ ही महिलाओं के साथ भी मारपीट की और उनके कपड़े फाड़ दिए। दबंगों ने पूर्व प्रधान की झोंपड़ी में आग लगा दी। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है।

थाना क्षेत्र के गाँव नगला दयाराम निवासी मुन्नालाल पुत्र अमर सिंह और महाराजपुर थाना एका के वर्तमान ग्राम प्रधान मनोज के बीच चुनावी रंजिश के साथ ही सरकारी जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। मुन्नालाल ने बताया कि उन्होंने गांव में भागवत कथा कराई थी। शाम को भागवत समापन पर उसका भंडारा चल रहा था। उसी समय मनोज प्रधान अपने साथियों को साथ लेकर गांव में आ गया। लाठी-डंडों से गांव के सत्यवीर सिंह, चंद्रपाल, प्रमोद कुमार को जमकर मारा पीटा। उसके बाद मुन्नालाल की झोंपड़ी में आग लगा दी। महिलाओं के साथ भी मारपीट करते हुए उनके कपड़े तक फाड़ दिए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने इसका संज्ञान लिया और आरोपियों के विरुद्ध मारपीट समेत बलवा की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया। पुलिस ने बताया कि मुन्नालाल की तहरीर पर मनोज प्रधान महाराजपुर, रवीश, अरविंद, छोटे, रवी, गुलनि, अंकित, कुलदीप, विजय, सचिन, राहुल, लंजनि, विजय, संगम उर्फ शिवा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# शोक सभा का आयोजन कर अधिशासी अधिकारी को कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



फिरोजाबाद। मक्खनपुर नगर पंचायत अंतर्गत शुक्रवार को एक शोक सभा का आयोजन नगर पंचायत कार्यालय पर किया गया। शोक श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए नगर पंचायत के कर्मचारियों द्वारा अधिशासी अधिकारी स्वर्गीय अमर बहादुर सिंह को उनके चित्र पर माल्या अर्पण कर पुष्प चढ़कर शोक माला चढ़कर लोग भावुक हो गए थे श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी के द्वारा कराए गए प्रशंसनीय कार्यों एवं उनके द्वारा विकास कार्यों को कराए जाने के संबंध में विस्तार से उनके लोगों ने प्रकाश डाला तथा उनके 2 साल के कार्यकाल को लेकर विस्तार से चचाएं की गई इस अवसर पर लोगों द्वारा बताया गया कि एक कर्मठ इमानदार एवं दूर दृष्टि वाले अच्छे अधिकारी का विगत शनिवार को एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी जिसके लिए आज कार्यालय मक्खनपुर पर एक शोक श्रद्धांजलि का आयोजन कराया गया था शोक श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद आदेश सिंह तहसीलदार शिकोहाबाद राखी शर्मा नगर पंचायत शिकोहाबाद के अधिकारी तथा सिरसागंज की अधिशासी अधिकारी सुरभि शर्मा टूंडला के अधिशासी अधिकारी श्री त्रिपाठी जी एवं शिकोहाबाद के अधिकारी सुरेंद्र सिंह जी तथा नगर पंचायत मक्खनपुर के एवं जिला पंचायत के कर्मचारी अधिकारी तथा मक्खनपुर व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अखिलेश गुप्ता नगर पंचायत की अध्यक्ष गीता दिवाकर उनके पति दिलीप लोधी सत्यपाल सिंह चौहान भारतीय जनता पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष उमाकांत गुप्ता रतन प्रकाश गुप्ता वार्ड मेंबर सोहेलकांत शर्मा पारुल मोहन वार्ड मेंबर कमलेश यादव अर्जुन सिंह दरोगा जी वैभव कुमार जैन जसवंत यादव हाकीम सिंह प्रेम सिंह रानू ठाकुर रुचि चतुर्वेदी एवं सैकड़ो नगर पंचायत के कर्मचारियों तथा व्यापारी आज लोग उपस्थित थे इन सब ने आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा उनके परिवार को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की उनके चित्र पर पुष्प व माला अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि समर्पित की ज्ञात रहे की विगत शनिवार को सड़क की दुर्घटना में उक्त अधिकारी की मृत्यु हो गई थी जिसके परिणाम स्वरूप नगर पंचायत कार्यालय पर शुक्रवार को शोक सभा का आयोजन नगर पंचायत के वार्ड मेंबर एवं कर्मचारियों द्वारा आयोजित किया गया था ।

## खुले हुए नालों से दुकानदार परेशान नगर पंचायत अधिकारी मौन

**नेशनल एक्सप्रेस/ तहसील रिपोर्टर।**

जसराना । एका नाला एक बाजार से होते हुए पहले पुलिया पर नदी में उसका पानी जाता है बैंक ऑफ इंडिया के निकट नाला पर पटिया नहीं रखवाई गई दुकानदारों का ग्राहकों का गिरने का डर रहता है कुछ माह पहले गाय फस गई थी। बैंक ऑफ इंडिया तथा चौराहे पर उपभोक्ता व ग्रामीणों का आवा गमन चलता रहता है हमेशा गिरने का डर बना रहता है खुले हुए नाले को लेकर के नगर पंचायत बिल्कुल मौन है।

स्थानीय दुकानदारों ने कई बार नगर पंचायत में शिकायत की है लेकिन नगर पंचायत की तरफ से संतोष जनक जवाब नही पाटिया से नाला को नहीं ढका गया।

# हिस्ट्रीशीटर को अवैध तमंचा सहित गिरफ़्तार कर जेल भेजा

## मोनू पर एक दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है



**नेशनल एक्सप्रेस/ क्राइम रिपोर्टर।**

टूण्डला। थाना रजावली पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर मानवेन्द्र उर्फ मौनू को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा।

अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में थाना रजावली पुलिस ने चैंकिंग के दौरान नगला सिकन्दर मैरिज होम के पास से हिस्ट्रीशीटर मानवेन्द्र उर्फ मोनू पुत्र रघुराज सिंह निवासी जरौली कला थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद को एक नाजायज तमंचा 315 बोर व दो कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# गैंगलीडर साजिद खान की 41 लाख से अधिक की सम्पत्ति कुर्क

**साजिद खान की पूर्व में भी 2,51,97,473 रुपये की चल अचल सम्पत्ति की जा चुकी है कुर्क**

**नेशनल एक्सप्रेस/ क्राइम रिपोर्टर।**



फि रोजाबाद। थाना उत्तर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के गैंगलीडर अभियुक्त साजिद खान की गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत मूल्य 41 लाख बावन हजार एक सौ साठ रुपए की अचल सम्पत्ती को मौके पर जाकर कुर्क करते हुए जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना उत्तर पुलिस टीम मय राजस्व टीम ने पंजीकृत अभियोग गिरोहबंद एंव असामाजिक क्रियाकलाप अधिनियम से सम्बन्धित गैंगस्टर एचएस 111 ए साजिद खान पुत्र स्व0 ताहिर खान निवासी मौ0 कटरा पठानान थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद की अचल सम्पत्ति मूल्य 41 लाख बावन हजार एक सौ साठ रुपये (41,52,160 रुपए) को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी है।

कुर्क की गयी सम्पत्ती में थाना दक्षिण क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला कटरा सुनारान स्थित दो मंजिला मकान जिसकी कीमत 41,52,160 रुपए को जब्त किया गया।

# मारपीट के मामले में आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

**नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर**

शिकोहाबाद । गांव जलुआ में दबंगों ने एक युवक को बेरहमी से मारपीट कर दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दीपक पुत्र रामप्रकाश निवासी नगला जलुआ नौशहरा का आरोप है कि वह 13 मई की रात वह अपने घर के बाहर अपने दोस्त सत्यवीर पुत्र बच्चूनाथ निवासी ग्राम खिमसीपुर फरूखाबाद के साथ खड़ा था , तभी गांव के युवक अजय पुत्र रामदास ने आकर गाली गलौज कर दी । जब गाली गलौज का विरोध किया तो उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। अपने दोस्त के साथ मारपीट होते देखकर वह उसे बचाने के लिए दौड़ पड़ा तो आरोपी ने दीपक पर भी हमला कर दिया । जिससे सिर पर गंभीर चोट आई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है ।

# एसएसपी ने मतदान हेतु पुलिस बल को ब्रीफ कर किया रवाना

**नेशनल एक्सप्रेस/ क्राइम रिपोर्टर।**





फि रोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के पाँचवे चरण का चुनाव कराने हेतु पुलिस बल को ब्रीफ करते हुए रवाना किया गया।

पाँचवे चरण के मतदान के दृष्टिगत एसएसपी ने पुलिस लाइन ग्राउण्ड में जनपदीय पुलिस बल को पूर्ण निष्ठा एवं मनोयोग से अपने कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने एवं भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गये दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए अनुशासन में रहकर अपनी-अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा के साथ करने की हिदायत दी गयी। जिससे आगामी मतदान निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं सकुशल संपन्न हो सके। एसएसपी ने पुलिस बल को ब्रीफ करने के पश्चात सभी को बसों द्वारा रवाना किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक एवं अन्य अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बगद नदी को पुनर्जीवित करने को जिला अधिकारी ने स्वयं फावड़ा चलाकर किया शुभारंभ

**नदी को पूर्व स्वरूप में लाये जाने को खुदाई का कार्य पूर्ण होने तक लगातार चलता रहेगा कार्यः राजेश कुमार त्यागी**

नेशनल एक्सप्रेस



**अमरोहा।** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने विकास खण्ड गंगेश्वरी के ग्राम मंगरौला तत्पश्चात विकास खण्ड हसनपुर के ग्राम अगरौला में बगद नदी के पुनर्जीवित किये जाने के कार्य का शुभारंभ विधिवत भूमि पूजन अर्चन मंत्रोच्चार के साथ हवन की आहुति देकर स्वयं फावड़ा चलाकर किया गया ।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारीअश्विनी कुमार मिश्र जी परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप उपजिलाधिकारी हसनपुर जिलाविकास अधिकारी उपनिदेशक कृषि जिला समाज कल्याण अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार सहित अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में उपस्थित ग्राम वासियों ग्राम प्रधान द्वारा फावड़ा चलाकर खुदाई का कार्य किया गया । जिलाधिकारी ने कहा कि इस नदी के पुनर्जीवन के लिए आज से बगद नदी के खुदाई के कार्य का शुभारंभ कर दिया गया है आज से प्रतिदिन नदी की खुदाई का कार्य किया जाएगा ।

नदी की खुदाई का यह कार्य मनरेगा और विभिन्न विभागों संगठनों समाज सेवियों के श्रमदान द्वारा किया जाएगा । हमारा यह प्रयास होगा कि किसानों छात्रों पेट्रोल पंप के संगठन समाज सेवी संगठनों को पुलिस कर्मियों को भी एक-एक दिन के लिए श्रमदान करने के लिए जोड़ा जाएगा । कहा कि मीडिया के लोगों का भी श्रमदान आवश्यक है आप लोग भी एक दिन श्रमदान करें इस पुनीत कार्य में सहभागी बने । जिलाधिकारी ने कहा कि यह अनेक तरह से लाभकारी सिद्ध होगी इसको प्राचीन स्वरूप में लाने के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा किसी भी किसान भाई को परेशान होने की

■ इस पुनीत कार्य में सभी का सहयोग अपेक्षित, पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर ले हिस्साः डी एम

आवश्यकता नहीं है उनका जितना रकबा है उनको मिलेगा । यह एक पुण्य का कार्य है नदियों को जीवित रखना हम सबके नैतिक कर्तव्य भी है । सी डी ओ अश्विनी कुमार मिश्र ने कहा जल्द ही हम भारत सरकार को भी इसकी रिपोर्ट प्रेषित करेंगे नदी तालाब झील सभी पानी के स्त्रोतों को बचाये रखना हम सब की जिम्मेदारी बनती है ।

कहा की इसमें पूरे ग्राम वासियों का सहयोग अपेक्षित रहेगा सभी लोग अपना अपना अमूल्य समय निकालकर श्रमदान अवश्य करें ।इस अवसर पर परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी ग्राम प्रधान सेक्रेटरी तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी और मनरेगा मजदूर उपस्थित रहे ।

## ब्रीफ समाचार

### भाकियू और अधिकारियों की वार्ता विफल, वार्ता विफल होने पर भाकियू ने किया प्रदर्शन



नेशनल एक्सप्रेस

**मंडी धनौरा।** बीते गुरुवार को एसडीएम के आश्वासन पर तहसील कार्यालय में भाकियू टिकेत कार्यकताओं का एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को संबंधित अधिकारियों से वार्ता के लिए एसडीएम कार्यालय बुलाया गया था। लेकिन वार्ता के दौरान विभाग का कोई भी अधिकारी बैठक में नहीं पहुंचा। काफी इंतजार करने के बाद विद्युत विभाग के एक्सईएन गजरौला व एसडीओ धनौरा किसानों के बीच पहुंचे लेकिन किसी भी समस्या का वह संतोष जनक जवाब नहीं दे पाए जिस पर भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता नाराज हो गए और तहसील कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। वहीं भारतीय किसान यूनियन टिकैत के प्रतिनिधि मंडल ने आपस में वार्ता कर आगामी रणनीति बनाने की चर्चा की। इस मौके पर गुरमीत सिंह, सोवीर सिंह, रोहताश सिंह,जमील अहमद,सरदार जसवंत सिंह, बॉबी चाहल,सुभाष चीमा अशोक प्रधान सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की भीलवाड़ा जिले के आसींद थाना क्षेत्र में कार्रवाई**

### 3.50 करोड़ रुपये कीमत का मध्य प्रदेश से तस्करी कर लाया गया 22 क्विंटल एवं 22 किलो अवैध अफीम डोडा चूरा जप्त





मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ

**जयपुर/राजस्थान।**एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने भीलवाड़ा जिले के आसींद थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक ट्रक ट्रेलर से भारी मात्रा में नशे की खेप बरामद की है ।सीमेंट के कट्टों की आड़ में मध्य प्रदेश से तस्करी कर लाया जा रहा 22 क्विंटल 22 किलो अफीम डोडा चूरा पुलिस ने जब्त कर लिया है। जिसकी कीमत करीब 3 करोड़ 50 लाख रुपए है ।अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि वांछित एवं इनामी बदमाशों की धर पकड़ तथा अवैध मादक पदार्थ,शराब एवं हथियार तस्करी की रोकथाम के लिए विभिन्न गिरोह से जुड़े सक्रिय बदमाशों के बारे में आसूचना संकलन के लिए पुलिस मुख्यालय से राज्य के शहरों में टीम भेजकर जानकारी हासिल की जा रही है।

एडीजी श्री एमएन ने बताया कि डीआईजी क्राइम योगेश यादव एवं एजीटीएफ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्या प्रकाश के सुपरविजन एवं पुलिस इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में गठित की गई टीम के सदस्य कांस्टेबल गोपाल लाल धाभाई व विजय सिंह को आसूचना के संकलन के दौरान मिली जानकारी पर आसींद थाना क्षेत्र में शुक्रवार को यह कार्रवाई की गई।

टीम को जानकारी मिली कि कुछ तस्कर मध्य प्रदेश में किसानों से थोड़ी-थोड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा लाकर राजस्थान बॉर्डर स्थित किसी गोदाम पर इकट्ठा करते हैं ।फिर वहां से बड़े ट्रक टैंकरों में सारा माल लोड कर किसी सामान की आड़ में राजस्थान के विभिन्न इलाकों में सप्लाई किया करते हैं।

■ टैंकर में सीमेंट के कट्टों की आड़ में तस्करी किया जा रहा था मादक पदार्थ

इस सूचना को डवलप करने के बाद शुक्रवार को एजीटीएफ टीम द्वारा सन्दिग्ध टैंकर का पीछा कर आसींद थाना पुलिस को सूचना दी गई ।पुलिस को पीछा करते देख टैंकर सवार आसींद से करीब 1 किलोमीटर पहले हाईवे सर्विस रोड पर गाड़ी को खड़ा कर फरार हो गए ।गाड़ी की तलाशी ली गई तो उसमें रखे सीमेंट के कट्टों के साथ छुपा कर रखे गये 109 प्लास्टिक के कट्टों से कुल 22 क्विंटल 22 किलो अवैध डोडा पोस्त चूरा बरामद किया गया।

एडीजी श्री एमएन ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ से भरे टैंकर को थाना पुलिस की टीम ने जब्त कर लिया है। साथ ही फरार हुए आरोपियों की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है ।एडीजी ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्या प्रकाश के सुपरविजन एवं इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में कांस्टेबल गोपाल लाल धाबाई व विजय सिंह की विशेष भूमिका रही ।क ार्रवाई में एसएचओ आसींद हंसपाल सिंह व एएसआई अयूब मोहम्मद मय जाब्ता के शामिल थे।

## हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र मे भयमुक्त, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए 58 कंपनी विशेष बल प्रतिनियुक्त

मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ



**पटना(बिहार)।**लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर दिनांक 20 मई को होने वाले हाजीपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए 58 कंपनी पैरामिलिट्री फोर्स हाजीपुर आ चुकी है। इन बलों की प्रतिनियुक्ति हाजीपुर, महनार, राघोपुर,राजापाकर,लालगंज तथा महुआ विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर किया जाएगा ।इन बलों के ठहरने एवं अन्य सुविधाओं की समीक्षा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी यशपाल मीणा एवं पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय के द्वारा विभिन्न कंपनियों के कमांडेंट व वरीय पदाधिकारी की उपस्थिति में किया गया ।बल को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि आपका काम मतदान केंद्र पर विधि व्यवस्था कायम रखना है ।मतदान दल को ईवीएम प्राप्त हो जाने के उपरांत रास्ते में दल को कहीं नहीं रुकना है ।सीधे बूथ पर जाना है ।अगर किसी प्रकार की असुविधा हो तो अविलंब वरीय पदाधिकारी को इसकी सूचना देनी है। 20 मई को भयमुक्त,स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराना है ।मतदान के पश्चात वापसी में आर.एन.कॉलेज,हाजीपुर स्थित वज्र गृह में इवीएम को जमा करना है ।बैठक में अपर समाहर्ता,उप निर्वाचन पदाधिकार- ी,अनुमंडल पदाधिकारी एवं अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अमरोहा में मेधावी छात्र -छात्राओं को डीएम ने किया सम्मानित

असफलता से नहीं डरना, सफलता की और आगे बढ़ना है; अहंकार नहीं करना हैः डी एम

नेशनल एक्सप्रेस



**अमरोहा ।** जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने यूपी बोर्ड में हाई स्कूल व इंटर में जनपद व प्रदेश स्तर पर सर्वोच्च स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने माध्यमिक परीक्षा वर्ष 2024 में प्रदेश और जनपद में हाई स्कूल व इंटर परीक्षा में टॉप टेन में आने वाले विद्यार्थियों को माला पहनाकर, स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**अध्यापकों की भी रही भूमिका**

जिलाधिकारी ने सभी छात्रों, उनके अभिभावकों और विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को संबोधित करते हुए कहा कि यह बच्चे जो माध्यमिक परीक्षा में सर्वोच्च स्थान पाने में कामयाब रहे हैं।

वह ऐसे ही नहीं हो गया है। उन्होंने कड़ी मेहनत के साथ और कुशल मार्गदर्शन के साथ काम किया है। इसके लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य और अध्यापकों का भी बहुत महत्वपूर्ण स्थान रहा है। इन बच्चों के माता-पिता भाई-बहन का भी बहुत ही योगदान है, जो आज यह बच्चे इस मुकाम पर पहुंचे हैं। सतत प्रयास करने की आवश्यकता है। हम सबको असफलता से नहीं डरना है। हमेशा सफलता की और आगे बढ़ते जाना है। कभी अहंकार नहीं करना है। अपने अंदर अहंकार नहीं आने देना है।

## ईडी ने आबकारी नीति से जुड़े मामले में केजरीवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया, 'आप' को बनाया आरोपी

**नयी दिल्ली, (भाषा)** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। इसमें आम आदमी पार्टी (आप) को भी बतौर आरोपी नामजद किया गया है।

यह पहली बार है जब पदस्थ मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ पार्टी को धनशोधन के मामले में नामजद किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि यहां एक विशेष अदालत के समक्ष एक विस्तृत अभियोजन शिकायत दाखिल की गई। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा आने वाले दिनों में अनुलग्नक के अलावा 200 पृष्ठों के आरोप पत्र पर संज्ञान ले सकती हैं।

उन्होंने बताया कि यहां कि एजेंसी ने विशेष अदालत में अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) दाखिल की और आरोपी के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आरोप तय करने का अनुरोध किया। संघीय एजेंसी ने आप के राष्ट्रीय संयोजक 55 वर्षीय केजरीवाल को 21 मार्च को उनके आवास से गिरफ्तार किया था और इस समय वह अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर हैं।

इस मामले में ईडी द्वारा दाखिल यह आठवां आरोप पत्र है और वह अबतक 18 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। पिछले सप्ताह इसी तरह का आरोप पत्र ईडी ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के.कविता एवं अन्य चार अन्य के खिलाफ दाखिल किया था। ईडी ने इससे पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री को आबकारी नीति ह्यघोटाले का सरगना और मुख्य साजिशकर्ताह्न करार दिया था। एजेंसी ने आरोप लगाया कि उन्होंने दिल्ली सरकार के मंत्रियों, आप नेताओं और अन्य लोगों के साथ साठगांठ कर इसे अंजाम दिया।

अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एस. वी.राजू ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय में एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा था, हमारे पास प्रत्यक्ष प्रमाण हैं कि केजरीवाल एक सात सितारा होटल में रुके थे, जिसके बिल का आंशिक भुगतान मामले के एक आरोपी ने किया था।

राजू ने दावा किया कि केजरीवाल ने अब रद्द की जा चुकी दिल्ली आबकारी नीति को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि आप के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में केजरीवाल कथित घोटाले के लिए परोक्ष रूप से जिम्मेदार हैं।

ईडी ने पहले दावा किया था कि एक राजनीतिक दल होने के नाते आप को जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत भारत के नागरिकों के एक संघ या निकाय के रूप में परिभाषित किया गया है, और इसलिए इसे पीएमएलए की धारा 70 के तहत कंपनी के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है।

## न्यायालय ने वाईएसआरसीपी के खिलाफ शर्मिला को टिप्पणी करने से रोके जाने संबंधी आदेश पर रोक लगाई

**नयी दिल्ली (भाषा)** उच्चतम न्यायालय ने आंध्र प्रदेश की एक जिला अदालत द्वारा पारित उस आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी जिसमें कांग्रेस की राज्य इकाई की प्रमुख वाई. एस. शर्मिला और अन्य को अपने चाचा एवं पूर्व सांसद वाईएस विवेकानंद रेड्डी की हत्या को लेकर वाईएसआर कांग्रेस पार्टी और उसके कुछ सदस्यों के खिलाफ टिप्पणी करने से रोक दिया गया था। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश को चुनौती देने संबंधी शर्मिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। उच्च न्यायालय ने जिला अदालत के 16 अप्रैल के आदेश के खिलाफ अपील का निस्तारण कर दिया था।

उच्च न्यायालय ने जिला अदालत को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई. एस. जगनमोहन रेड्डी की बहन शर्मिला और अन्य के खिलाफ एक आदेश को रद्द करने के अनुरोध संबंधी आवेदन की सुनवाई और निपटान में तेजी लाने का निर्देश दिया था। कडप्पा जिले के पुलिवेंदुला में उनके पैतृक घर में विवेकानंद रेड्डी की 15 मार्च, 2019 की सुबह हत्या कर दी गई थी। उच्चतम न्यायालय के समक्ष सुनवाई के दौरान शर्मिला की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गौरव अग्रवाल ने कहा कि एक राजनीतिक दल ने मुकदमा दायर किया था। उन्होंने कहा कि एक पक्षीय आदेश को रद्द करने का आवेदन आठ मई को खारिज कर दिया गया था। उन्होंने कहा, ह्यह्यमैं इस आदेश पर रोक लगाने का अनुरोध कर रहा हूं।

# कांग्रेस नेताओं के शरीर में औरंगजेब की आत्मा प्रवेश कर गई है, जजिया जैसा कर लगाना चाहते हैं : योगी

**छपरा (भाषा)** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि औरंगजेब की आत्मा कांग्रेस नेताओं के शरीर में प्रवेश कर गई है और वे मुगल शासक के काल में गैर-मुसलमानों पर लगाये गए जजिया कर की तर्ज पर कर लगाना चाहते हैं।

आदित्यनाथ ने सारण लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार राजीव प्रताप रूडी के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी इंडिया गठबंधन सत्ता में आने पर लोगों पर विरासत कर लगाने की तैयारी कर रहा है।

भाजपा नेता योगी आदित्यनाथ ने कहा, कांग्रेस नेताओं के शरीर में औरंगजेब की आत्मा प्रवेश कर गई है। यही कारण है कि वे विरासत कर लगाने की तैयारी कर रहे हैं जो औरंगजेब के शासन के दौरान हिंदुओं पर लगाए गए जजिया के समान है।

उन्होंने कांग्रेस की कथित विरासत कर योजना को "खतरनाक" बताते हुए दावा किया कि इससे लोगों की संपत्ति और अधिकार छीन जाएंगे। आदित्यनाथ ने कहा, यह कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति का हिस्सा है। वे केवल मुसलमानों को लाभ पहुंचाने के लिए धर्म के आधार पर आरक्षण भी देना चाहते हैं। कांग्रेस और राजद (राष्ट्रीय जनता दल) एससी (अनुसूचित जाति), एसटी (अनुसूचित जनजाति) और ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) के आरक्षण को छीनने और उसे मुसलमानों को देने की कोशिश कर रहे हैं।

कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर का नाम लिए बिना योगी ने कहा कि पाकिस्तान के लिए गीत गाने वालों को भारत में नहीं रहना चाहिए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा, वे इस देश पर बोझ हैं...उन्हें वहां जाकर भीख मांगनी चाहिए। अय्यर ने एक साक्षात्कार में कहा था कि पाकिस्तान का सम्मान किया जाना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और उसके पास 'परमाणु बम' हैं। कांग्रेस पर हमला करने के लिए भाजपा नेता इस टिप्पणी का उल्लेख कर रहे हैं, हालांकि अय्यर ने कहा है कि साक्षात्कार पुराना है।

बिहार में लोगों से केवल राजग को वोट देने का आग्रह करते हुए, योगी ने कहा, ह्यह्यराजद अपनी सहयोगी कांग्रेस की तरह एक समस्या बन गई है, जिससे हम उत्तर प्रदेश में प्रभावी ढंग से निपटे और विधानसभा चुनाव में पार्टी (कांग्रेस) की सीट घटकर दो रह गई जबकि लोकसभा चुनावों में वे खाता भी नहीं खोल पाएंगे। समाजवादी पार्टी पर बिना नाम लिए निशाना साधते हुए भाजपा नेता योगी ने कहा, यहां राजद की तरह, हमारे यहां उत्तर प्रदेश में भी शासन करने वाला एक परिवार था, जिसने राज्य में गुंडा-राज फैलाया था। हमने इसे खत्म कर दिया है।

बिहार के लोगों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राजद इस चुनावी लड़ाई में हारे। उन्होंने कहा कि राजग को वोट करने से गुंडा राज खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा, जब (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार डिजिटल इंडिया पर ध्यान केंद्रित कर रही है, तो राजद नेता लालटेन (राजद का पार्टी चिह्न) के बारे में बात कर रहे हैं। लालू प्रसाद जी अपने परिवार से परे नहीं सोच सकते। आदित्यनाथ ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में न तो कर्फ्यू है और न ही दंगा है क्योंकि वहां अपराधी या तो जेल में हैं या नरक में सड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, बिहार के लोगों को विकसित भारत और विकसित बिहार के लिए मोदी जी को तीसरा कार्यकाल सुनिश्चित करना चाहिए।

उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और राजद भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते थे। उन्होंने कहा, वर्तमान चुनाव राम भक्तों और राम द्रोहियों के बीच एक विकल्प चुनने का है। जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। (हम उन्हें सत्ता में लाएंगे जो राम लला को अयोध्या मंदिर में लाए थे)। सारण में मुकाबला भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव प्रताप रूडी और राजद की रोहिणी आचार्य के बीच है।

## ब्रीफ समाचार

## देवघर में भीषण सड़क हादसा, मुंडन कराने आ रहे जुड़वा भाई-बहन की मौत,परिवार में मचा कोहराम



**नेशनल एक्सप्रेस/सोनी कुमार वर्मा**

**रांची(झारखंड)।** विधाता का लिखा बदला नहीं जा सकता।विधाता चाहे तो गमगीन माहौल को भी खुशनुमा कर सकता है,यदि नहीं चाहे तो खुशी को मातम में बदल सकता है।यही वाक़्या जुड़वां बच्चों के परिजनों के साथ हुआ।बाबानगरी की धरती से पहले जिस बच्चों का मुंडन कराने बिहार के आरा जिला से बाबाधाम आ रहे थे,वे बच्चे काल के गाल में समा गए।दरअसल एक सड़क हादसा में दोनों की मौत हो गई।बाकी सवार घायल है जिनका इलाज देवघर सदर अस्पताल में चल रहा है।

### बच्चों का मन्नत उतारने आ रहे तो ऐसे घटी घटना

बिहार के आरा जिला के रहनेवाले नागेंद्र राम और नेहा देवी अपने दोनों जुड़वां बच्चों का मुंडन संस्कार करवाने देवघर आ रहे थे।स्विफ्ट डिजायर गाड़ी में अपने परिवार के साथ हंसी खुशी आ रहे थे,तभी देवघर जमुई मुख्य सड़क पर बिशनपुर के समीप तेज रफ्तार से चली आ रही इनका कार असंतुलित होकर सड़क किनारे पेड़ में जोरदार टक्कर मार दी।इस घटना में नरेंद्र राम के दोनो जुड़वां बच्चे सहित सभी सवार घायल हो गए।दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों द्वारा आनन फानन में सभी को देवघर सदर अस्पताल लाया गया,जहां चिकित्सक ने जुड़वां भाई बहन को मृत घोषित कर दिया।बाकी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

### इस वजह से हुआ सड़क दुर्घटना

बताया जा रहा है कि ड्राइवर को नींद लग गई होगी,जिसके बाद कार असंतुलित हो गई होगी।आरा निवासी नागेंद्र राम और नेहा देवी के दोनों जुड़वां बच्चे का मन्नत उतारने बाबाधाम आ रहे थे।दोनो जुड़वां बेटा बेटी अभिनंदन और नंदिनी की उम्र 5 वर्ष पूरे होने के बाद मुंडन संस्कार बाबाधाम में संपन्न कराने के उद्देश्य से आ रहे थे,लेकिन विधाता को कुछ और मंजूर था बाबानगरी पहुंचने से पहले ही यह हादसा हुआ।

हादसे के बाद पूरी तरह आरा से लेकर देवघर तक उनके परिजनों में मातम छा गया है।अब गलती जिसकी हो हमेशा वाहन चलाते समय सावधानी बरतने की आवश्यकता है नहीं तो किसी भी घर का चिराग बुझने से इंकार नहीं किया जा सकता।

## बोकारो में दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने ज्वेलर्स पर चलाई गोली,सीसीटीवी में कैद हुए हमलावर

**नेशनल एक्सप्रेस/सोनी कुमार वर्मा**

**रांची(झारखंड)।**बोकारो जिला के बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत फुसरो बाजार में दिनदहाड़े गोली चली है।मोती अलंकार ज्वेलर्स के मालिक को जान मारने के नीयत से गोली चलाई गई।आपको बता दें कि बदमाशों के द्वारा फुसरो में भुवनेश्वर सिंह बंद पेट्रोल पंप के सामने मुख्य पथ से गोली चलाई गई है।इस संबंध में प्रत्यक्षदर्शी युवा व्यावसायिक संघ के रवि सिंह ने बताया कि बाइक सवार दो युवकों ने दुकान के सामने गोली चलाई जिससे दुकान के सामने का शीशा टूट कर गिर गया।बाइक सवार युवक मुंह पर काला गमछा बांधे हुए था,गोली चलाते हुए आगे निकल गया।हालांकि बदमाशों की ये करतूत वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।सूचना मिलते ही बेरमो पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की पड़ताल में जुट गई है।वहीं इस बात को लेकर दुकानदारों में आक्रोश है।

### उदयपुरःजिले में थाना सवीना पुलिस की कार्रवाई

## नागा साधु के वेश में संकट दूर करने और धन प्राप्ति का प्रलोभन देकर लूट का आरोपी गिरफ्तार



**स्टेट ब्यूरो चीफ/नेशनल**

**जयपुर/उदयपुर।** उदयपुर जिले की सवीना थाना पुलिस की टीम ने करीब 7 महीने पहले थाना क्षेत्र में नागा साधु के वेश में एक व्यक्ति के पहने सोने के जेवर गुमराह कर लूटने के मामले में आरोपी नागा साधु धारूनाथ उर्फ धुरव नाथ पुत्र अजानाथ(32)निवासी थाना देहगांव जिला गांधीनगर गुजरात को बापर्दा गिरफ्तार किया है।एसपी योगेश गोयल ने बताया कि घटना के संबंध में 19 अक्टूबर 2023 को बसंत विहार सैक्टर-14 निवासी प्रकाश चंद जैन द्वारा रिपोर्ट दी गई कि आज दोपहर एक कार में आए नागा साधु ने रास्ते में उसके पास आकर गाड़ी रोकी और शिव मंदिर का पता पूछा।

बातचीत के दौरान संकट दूर करने एवं धन का प्रलोभन देकर उसकी सोने की चेन व हाथ की दो अंगूठी ले ली और अचानक गाड़ी की रफ्तार बढ़ा फरार हो गए।मामले में त्वरित कार्रवाई के लिए एसपी गोयल द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा व सीओ जगन पुरोहित एवं एसएचओ फूलचंद टेलर के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा मुखबिर तंत्र, तकनीकी संसाधनों,सीसीटीवी फुटेज एवं घटना में प्रयुक्त वाहन की पहचान कर आरोपी धारूनाथ उर्फ धुरव नाथ को गुजरात से डिटेन कर गिरफ्तार किया गया है।आरोपी के पास से पुलिस ने हड़पी गई सोने की चेन व दोनों अंगूठी तथा घटना में प्रयुक्त वाहन जब्त कर लिया है।जिससे अन्य दूसरी वारदातों के संबंध में पुलिस गहनता से पूछताछ करने में जुटी है।

# लापता बच्चों को अपने परिवार के सदस्यों से मिलवाने में नित्य नए आयाम स्थापित कर रही हरियाणा पुलिस

### राज्य पुलिस की बैस्ट प्रैक्टिसिज को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिल रही पहचान

**मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ**

- जापान से पहुंचे मीडिया चैनल पर दिखाई गई हरियाणा पुलिस की सफलता की कहानियां,दुनिया भर के देशों में किया गया प्रसारण

**चंडीगढ़(हरियाणा)।**हरियाणा पुलिस सेवा,सुरक्षा और सहयोग की अवधारणा को चरितार्थ करते हुए निरंतर अपने कर्त्तव्य पथ पर आगे बढ़ रही है।मानवता तथा संवेदनशीलता का परिचय देते हुए हरियाणा पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट(एएचटीयू)नित नए आयाम स्थापित कर रही है जिसकी प्रशंसा हरियाणा में ही नही बल्कि विदेशों में भी होने लगी है।विदेशी मीडिया प्लैटफॉर्म पर हरियाणा पुलिस की इन सफलता की कहानियों को प्रसारित किया जा रहा है जिससे हरियाणा पुलिस विदेश में रह रहे लोगों के मानस पटल पर एक प्रभावशाली छवि बनाने में कामयाब रही है।हाल ही में जापान के एक प्रतिष्ठित मीडिया चैनल ने हरियाणा का दौरा किया और यहां पर राज्य अपराध शाखा की एएचटीयू द्वारा लापता बच्चों तथा महिलाओं को अपने परिवार से मिलवाने के लिए की जा रही कार्यप्रणाली को देखा।जापान के इस मीडिया चैनल द्वारा हरियाणा पुलिस द्वारा इस दिशा में किए गए कार्यों तथा बैस्ट प्रैक्टिसिज पर आधारित कवरेज की गई।जिसका दुनिया भर के देशों में प्रसारण किया गया।इससे हरियाणा पुलिस को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है।हरियाणा के पुलिस महानिदेशक ने इसके लिए राज्य अपराध शाखा की एएचटीयू को बधाई देते हुए उनका मनोबल बढ़ाया।हरियाणा के पुलिस महानिदेशक डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने बताया कि हरियाणा पुलिस गुमशुदा व्यक्तियों की पहचान करते हुए उन्हें अपने परिजनों से मिलवाने के लिए सक्रियता से प्रयास कर रही है।कर्तव्य से आगे बढ़कर अपनी डयूटी को बखूबी



निभाते हुए हरियाणा पुलिस की टीमों द्वारा मानवता व परोपकार की भावना से काम किया जा रहा है।

डीजीपी शत्रुजीत कपूर ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि हमारा पुलिस बल लापता व्यक्तियों का पता लगाने और उन्हें सुरक्षित घर लाने के लिए पूर्ण समर्पण भाव के साथ प्रतिबद्ध है।उन्होंने कहा कि यदि किसी भी व्यक्ति का कोई परिजन लापता है तो कृपया निकटतम पुलिस स्टेशन से संपर्क करने में संकोच न करें या आपातकालीन नंबर 112 पर इसकी सूचना दें ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें।डीजीपी ने आगे कहा कि हरियाणा पुलिस लापता व्यक्तियों की तलाश के लिए निरंतर प्रयासरत है।ये अभियान ज्यादातर बाल कल्याण समिति व अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से चलाए जाते हैं।

हरियाणा पुलिस द्वारा बड़ी संख्या में लापता व्यक्तियों व बच्चों को ढूँढकर फिर से मिलाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि हमारी पुलिस टीमें लापता बच्चों व व्यक्तियों की तलाश के लिए आश्रय गृहों जैसे संस्थानों के अलावा बस स्टैंड-,रेलवे स्टेशनों और विभिन्न धार्मिक स्थलों जैसे सार्वजनिक स्थानों पर भी जाती हैं।आंकड़े सांझा करते हुए राज्य अपराध शाखा हरियाणा की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ममता सिंह ने बताया कि हरियाणा पुलिस द्वारा 1जनवरी 2024 से लेकर 30 अप्रैल 2024 तक एएचटीयू तथा जिला पुलिस के संयुक्त प्रयासो से 18 वर्ष से कम आयु के लापता 790 किशोर तथा किशोरियों,18 वर्ष से अधिक आयु के 3489 युवक व युवतियों,433 भिखारियों, 273 बंधुआ मजदूरी करने वाले बच्चों को रेस्क्यू किया गया है।डीजीपी ने कहा कि सोशल मीडिया जैसे माध्यम दुनिया भर में गुमशुदा व्यक्तियों को खोजने का सशक्त माध्यम है।लापता व्यक्तियों का विवरण देने वाले ऐसे पोस्ट प्रसारित करने में हमें कुछ ही सेकंड लगेंगे।यह संदेश किसी गुमशुदा को उसके परिजनों से मिलाने में अहम योगदान दे सकता।उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे इस प्रकार के लापता लोगों व बच्चों के बारे में जानकारी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर जरूर शेयर करें ताकि किसी भी ऐसे लापता बच्चों को जल्द से जल्द अपने परिवार से मिलवाया जा सके।

## मंत्री आलमगीर आलम होटवार जेल से पहुंचे ईडी कार्यालय, आज से छह दिनों तक ईडी के कड़े सवालों का करना होगा सामना

**मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ**



**रांची(झारखंड)।**गिरफ्तार ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को ईडी की टीम होटवार जेल से लेकर ईडी कार्यालय पहुंची है।कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें ईडी कार्यालय लाया गया है।आज से आलमगीर आलम 6 दिनों की ईडी रिमांड पर है।यानी कि आज से 6 दिनों तक मंत्री आलमगीर आलम से ईडी सवाल जवाब करेगी।आलमगीर आलम को ईडी के कड़े सवालों का सामना करना पड़ेगा।गौरतलब हो कि मनीलांड्रिंग के मामले में लंबी पूछताछ के बाद बुधवार को ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर लिया था।जिसके बाद मेडिकल जांच कराई गई थी और फिर रात उन्हें ईडी दफ्तर में ही रखा गया था।गुरुवार की सुबह फिर से मेडिकल टीम ईडी दफ्तर पहुंच कर स्वास्थ्य की जांच की।इसके बाद उन्हें पीएमएलए की विशेष अदालत में पेश किया गया था।ईडी ने कोर्ट से 10 दिन की रिमांड की मांग की थी। लेकिन कोर्ट ने छह दिन की रिमांड दी।जिसके बाद उन्हें गुरुवार की रात होटवार जेल में बिताने पड़ी।अब आज ईडी की टीम कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें ईडी कार्यालय लेकर पहुंची है। आलमगीर आलम से अब कड़ी दर कड़ी पूरे मामले पर पूछताछ की जायेगी।

## आलमगीर आलम,जमींदार से मंत्री तक का सफर, अब होटवार में बीती रात,क्या हेमन्त से हुई मुलाकात?

**मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ**



**रांची(झारखंड)।**कैश कांड मामले में गिरफ्तार ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम की रात होटवार जेल में बीती।यह पहला मौका है जब मंत्री जेल गए है।अब तक के राजनीतिक सफर में किसी भी मामले में जेल की यात्रा नहीं हुई थी।काफी सरल स्वभाव से चर्चित रहते थे।लेकिन मंत्री के पीएस के नौकर के पास से बरामद रुपए ने जेल यात्रा पर भेज दिया।आलमगीर आलम की कल पहली रात होटवार में बीती है।मंत्री के जेल जाते ही लोग सोचने लगे कि क्या मंत्री की मुलाकात जेल में हेमन्त सोरेन से भी होगी?दरअसल हेमन्त सोरेन भी बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद है।अपर डिविजन सेल उनका ठिकाना है।अब मंत्री आलमगीर आलम को भी अपर डिवीजन में ही रखा गया है।लेकिन दोनों सेल का एक दूसरे से कोई लिंक नहीं है।जेल मैनुअल के हिसाब से कोई कैदी जेल के अंदर बैठकी नहीं कर सकता है।दोनों को सुविधा वीआईपी ही मिलेगी।लेकिन कई बंधन इसमें रहता है।खुले में ऐसे किसी से भी जेल के अंदर मुलाकात नहीं कर सकते है।आलमगीर आलम की बात करें तो इनका लंबा राजनीति सफर रहा है। 2000 में पहली बार चुनाव जीत कर विधायक बने।आलमगीर आलम एक जमींदार परिवार से भी ताल्लुक रखते है।इतने लंबे सफर में कभी जेल का मुंह नहीं देखा था।अब रात जेल में बिताने के बाद सुबह ग्यारह बजे ईडी के अधिकारी जेल से लेकर ईडी दफ्तर पहुंचेंगे।इसके बाद छह दिनों तक सवाल जवाब का सामना करना है।

## छत्तीसगढ़ : कोरिया पुलिस अधीक्षक ने किया जनरल परेड का निरीक्षण

**मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ**

- पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के ड्रिल,वेशभूषा एवं अनुशासन का किया परीक्षण
- अच्छी वेशभूषा और उत्तम ड्रिल वाले कुल 14 अनुशासित कर्मचारियों को किया पुरस्कृत

**रायपुर(छत्तीसगढ़)।**कोरिया जिला के पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार(आईपीएस)द्वारा पुलिस लाईन में तड़के सुबह जनरल परेड लिया गया। जिसमें उप पुलिस अधीक्षक श्याम लाल मधुकर,राजेश साहू,नेलशन कुजूर,प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक रविकांत सहारे,रक्षित निरीक्षक नितीश आर.नायर,यातायात प्रभारी विपुल आंनद जांगड़े,बचरापोड़ी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेश तिवारी,उप निरीक्षक अब्दुल मुनाफ,पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टॉफ,यातायात एवं पुलिस लाइन के अधिकारीगण व कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।परेड निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम रक्षित निरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक कोरिया को सलामी दी और मंच से गुजरते हुए मार्च पास्ट किया गया।इसके पश्चात एसपी कोरिया द्वारा टुकड़ी वार सभी अधिकारी कर्मचारी के वर्दी,अनुशासन और परेड ज्ञान की जांच की गई।जिसमें उत्तम दर्जे की वेशभूषा,ड्रिल व अनुशासन में दिखे प्र.आ.अनिल विजय लकड़ा,प्र.आ.आनंद टोप्पो, प्र.आ.मुखदेव सिंह,आ.हुकुम श्रीवास,आ.शशि भूषण मिश्रा,आ.अंकित सोनवानी,आ.प्रदीप तिर्की, आ.संत लाल,आ.राकेश मिश्रा,आ.सुनील मरावी,म.आ.लक्ष्मी दोहरे,म.आ.उषा सिंह,म.आ.सुमन सिंह एवं डॉग मास्टर संजीव गोयल को ईनाम देकर प्रोत्साहित किए।लॉ एंड ऑर्डर में काम आने वाले टोलीवार स्क्वॉड ड्रील कराया गया।उक्त जनरल परेड में एसपी कोरिया

द्वारा शासकीय वाहनो और वाहन चालकों का निरीक्षण भी किया गया,जिसमें उचित मरम्मत,ड्राइवर डायरी,टूल्स और वाहन का निरीक्षण किया गया एवं बेहतर रख रखाव हेतु दिशा निर्देश भी आरआई और एमटीओ को दिये गए।परेड पश्चात पुलिस अधीक्षक कोरिया ने पुलिस कर्मचारियों की ओ.आर.पेशी ली और गुजारिश सुनी।इस मौके पर छोटी गलती,अनुपस्थिति,अनुशासनहीनता जैसे प्रकरण का तत्काल निराकरण हेतु आरक्षक और प्रधान आरक्षक का ओ.आर.पेशी में पेश कर प्रकरण का निराकरण किया गया और कर्मचारियों की गुजारिश सुनकर समस्या का निराकरण के लिए संबधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया है।

## एसीबी की टीम ने बिजली निगम सोनीपत में कार्यरत जेई को ₹20000 की रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार

**मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ**

- क्षतिग्रस्त बिजली के खंभे का नाममात्र राशि का एस्टीमेट(अनुमान)बनाकर केस बंद करने के बदले में की थी रिश्वत की मांग

**चंडीगढ़(हरियाणा)।**हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने सोनीपत के बिजली विभाग में कार्यरत जूनियर इंजीनियर(जेई)जोगिंदर को ₹20000 के रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया हैं।आरोपी द्वारा शिकायतकर्ता से क्षतिग्रस्त बिजली के खंभे का नाममात्र राशि का एस्टीमेट(अनुमान)बनाकर केस बंद करने के बदले में रिश्वत की मांग की गई थी।

इस बारे में जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि एसीबी की टीम को शिकायत प्राप्त हुई कि जेई जोगिंदर बिजली निगम में जिला सोनीपत के मॉडल टाउन सबडिवीजन में कार्यरत है और वह शिकायतकर्ता से क्षतिग्रस्त बिजली के खंभे का नाममात्र राशि का एस्टीमेट(अनुमान)बनाकर केस बंद करने के बदले में रिश्वत की मांग कर रहा है।एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने मामले की जांच पड़ताल करने उपरांत आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया और उसे 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

आरोपी के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो रोहतक के पुलिस थाने में मामला दर्ज करते हुए उनकी गिरफ्तारी की गई है।यह पूरी कार्रवाई गवाहों के समक्ष पूरी पारदर्शिता के साथ की गई।

# चुरू जिले में थाना भालेरी पुलिस की कार्रवाई,अंतर्राज्यीय जेबतराश गिरोह का किया खुलासा,चार आरोपी गिरफ्तार

**मुकेश कुमार/स्टेट ब्यूरो चीफ**



**जयपुर/चूरू।**चूरू जिले की भालेरी थाना पुलिस की टीम ने अंतर्राज्यीय जेबतराश गिरोह का खुलासा कर चार जेबतराशों बबलू बावरी पुत्र ओमप्रकाश(22)निवासी पालियास थाना पादूकलां नागौर,प्रेमाराम बावरी पुत्र बीरबल राम(30)निवासी थाना मुंडवा हाल जैजासनी थाना पादूकलां, सुशील राम बावरी पुत्र शंकर राम(34) निवासी जैजासनी थाना पादूकलां एवं नेमाराम बावरी पुत्र सतु राम(38)निवासी रिया बड़ी थाना पादूकलां नागौर को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त एक स्विफ्ट कार जब्त की है।एसपी जय यादव ने बताया कि हनुमानगढ़ से बेटी को पेपर दिलाने चूरू आया देवीलाल जाट वापस बस से लौट रहा था।बस में चढ़े दो जेब तराश जेब काटने की कोशिश करने के दौरान पकड़े गए।गश्त पर निकले एएसआई भंवरलाल ने भालेरी बस स्टैंड से दोनों जेबताराशों बबलू बावरी व प्रेमाराम बावरी को डिटेन कर लिया।पूछताछ में पकड़े गए दोनों आरोपियों ने बताया कि उनका एक साथी बस स्टैंड के पास ही गाड़ी लेकर खड़ा है। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची तो पुलिस की गाड़ी को देखकर स्विफ्ट गाड़ी का चालक सरदारशहर की ओर भागने लगा।जिसका पीछा किया गया तो गांव डालमाण के पास रास्ते में गाड़ी छोड़ कर भागने लगा।भागे चालक सुशील राम बावरी को टीम ने पीछा कर घेर कर पकड़ लिया। जिसने अपने साथ एक अन्य व्यक्ति को भालेरी बस स्टैंड पर घूमना बताया।पुलिस टीम दोबारा भालेरी बस स्टैंड पहुंची तो पता चला कि चौथा व्यक्ति नेमाराम बावरी चूरू जाने वाली बस में बैठकर निकल गया है।साइबर सेल की मदद से पीछा कर पुलिस ने बस को रुकवाया और नेमाराम को भी पकड़ लिया।थाने लाकर पूछताछ की गई तो चारों आरोपियों ने बताया कि वह लंबे समय से राजस्थान एवं राजस्थान के बाहर भीड़भाड़ वाली बसों में चढ़कर जेबतराशी किया करते हैं।

# शाह ने रायबरेली को 'पारिवारिक सीट' करार देने को लेकर प्रियंका गांधी पर निशाना साधा



**रायबरेली**, (भाषा) केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां एक चुनावी रैली में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी पर रायबरेली को 'पारिवारिक सीट' करार देने के लिए हमला बोला। उन्होंने कहा कि रायबरेली किसी 'परिवार' की नहीं बल्कि जनता की सीट है।

समाजवादी पार्टी (सपा) के बागी विधायक मनोज पांडे आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए और मंच पर अमित शाह के बगल में बैठे। शाह ने अयोध्या में आयोजित प्राणप्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकराने को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और कहा कि यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो वे फिर से मंदिर में ''बाबरी ताला'' लगा देंगे। उन्होंने कहा कि मनोज पांडे ने सही कहा कि प्राकृतिक आपदा के दौरान गांधी परिवार कभी भी रायबरेली नहीं आया।

उन्होंने कहा, ''कांग्रेस का कहना है कि राम मंदिर का ठीक से अभिषेक नहीं हुआ है। अगर 'इंडिया' गठबंधन आया तो वे राम मंदिर पर फिर से 'बाबरी ताला' लगा देंगे।'' शाह ने कहा कि 'इंडिया' एक परिवार आधारित गठबंधन है। उन्होंने दावा किया, ''लालू (प्रसाद यादव) अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, ममता अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं।''

वह (प्रियंका गांधी) कहती हैं कि रायबरेली और अमेठी उनके परिवार की सीट हैं। उन्होंने कहा, ''मैं कहता हूं कि यह सीट किसी परिवार की नहीं है। यह दोनों जिलों के गरीब युवाओं की सीट हैं। रायबरेली और अमेठी की जनता जिसे चाहेगी, वह संसद में जाएगा। यह लोकतंत्र है, परिवार की कोई सीट नहीं है।''

शाह ने कहा कि संकट में साथ रहने वाला और विकास करने वाला ही विजयी होता है। शाह ने कहा, ''अमेठी में स्मृति ईरानी और रायबरेली में दिनेश प्रताप की जीत के साथ, दोनों सीट मोदी के पास जाने वाली हैं।'' उन्होंने कहा, ''कांग्रेस पार्टी अनुच्छेद 370 पर बैठी थी। मोदी ने इसे खत्म कर दिया। कांग्रेस कहती है कि हम अनुच्छेद 370 वापस लाएंगे। मोदी जी ने देश से आतंकवाद खत्म कर दिया है।''

शाह ने कहा कि एक तरफ नरेन्द्र मोदी हैं जिन पर 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहने के बावजूद चार आने का भी आरोप नहीं है और दूसरी तरफ भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे लोग हैं। शाह ने कहा कि राहुल गांधी सुन लें कि जिन-जिन लोगों ने भ्रष्टाचार किया है, उन्हें जेल में डालने का काम नरेन्द्र मोदी करेंगे।

शाह ने कहा कि जिस संसदीय क्षेत्र को वे पारिवारिक सीट कहते हैं, वहां 70 साल से कोई कलेक्टर कार्यालय नहीं था, लेकिन वर्ष 2018 में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने स्मृति ईरानी के साथ मिलकर कलेक्टर कार्यालय की नींव रखने का काम किया। उन्होंने कहा कि अमेठी और रायबरेली के लोग वर्षों से गांधी परिवार को अपना नेता मानते रहे हैं, लेकिन उन्होंने कभी यहां के लोगों को अपना नहीं माना।

भाजपा के पूर्व अध्यक्ष शाह ने कहा कि वर्ष 2014 में जब वे यहां आये थे तो उन्हें लगा कि स्मृति ईरानी यहां क्या

# सपा और कांग्रेस जनता की संपत्ति 'वोट जिहाद' करने वालों को उपहार में दे देंगी: प्रधानमंत्री मोदी



**हमीरपुर** (उप्र), (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस सत्ता में आने के लिए लोगों के वोट का इस्तेमाल करेंगी और फिर उनकी संपत्ति का एक हिस्सा उन लोगों को उपहार में दे देंगी जो उनके लिए 'वोट जिहाद' करते हैं।

यहां एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने उत्तर प्रदेश में दो विपक्षी सहयोगियों के 'इरादों' के प्रति लोगों को आगाह किया।

उन्होंने कहा, ''आज मैं आपको सपा और कांग्रेस के खिलाफ सावधान करने आया हूं। वे आपका वोट लेंगे, लेकिन सत्ता में आने के बाद वे उन लोगों को ये उपहार बांटेंगे जो उनके लिए 'वोट जिहाद' करते हैं।'' उन्होंने कहा, "इस बार तो सपा-कांग्रेस ने चुनाव से पहले ही इरादे साफ कर दिए हैं। कांग्रेस कह रही है कि वो सबकी संपत्ति की जांच कराएगी। फिर वो आपकी संपत्ति में से एक हिस्सा, उनके लिए 'वोट जिहाद' करने वाले वोट बैंक को दे देंगे।"

समाजवादी पार्टी (सपा) की पदाधिकारी और कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की भतीजी मारिया आलम ने 29 अप्रैल को एक रैली को संबोधित करते हुए फर्रुखाबाद लोकसभा सीट से 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार नवल किशोर शाक्य के पक्ष में 'वोट जिहाद' का आह्वान किया था। तब से मोदी 'वोट जिहाद' को लेकर 'इंडिया' गठबंधन पर कड़ा प्रहार कर रहे हैं।

अनुच्छेद 370 और पाकिस्तान के पास परमाणु बम होने से जुड़ी इसकी धमकी को लेकर बुन्देलखंड में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह कांग्रेस से कहेंगे कि उन्हें बुन्देलखंड की इस भूमि पर आना चाहिए और देखना चाहिए कि वीरता क्या होती है। मोदी ने कहा, ''कांग्रेस कह रही है कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 वापस लाएंगे। इन दिनों कांग्रेस धमकी दे रही है कि पाकिस्तान से डरो क्योंकि उसके पास परमाणु बम है। मैं कांग्रेस से कहना चाहता हूं कि उन्हें बुंदेलखंड की इस धरती पर आकर देखना चाहिए वीरता क्या होती है।

मोदी ने कहा, ''वो कहते हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, लेकिन यह धमकी देने वालों को पता नहीं है कि उसके पास इनका रखरखाव करने का भी पैसा नहीं है। वो कहते हैं कि उसके पास मिसाइल हैं। हम बुंदेलखंड में जो 'रक्षा गलियारा' बना रहे हैं, वह पटाखे बनाने के लिए नहीं है, मिसाइल बनाने के लिए है।''

हमीरपुर लोकसभा सीट पर 11 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला भाजपा के कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल और सपा के अजेंद्र सिंह लोधी के बीच माना जा रहा है।

इस सीट पर लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा।

# लखनऊ में सपा उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा के समर्थन में अखिलेश यादव का रोड शो



लखनऊ, (भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को लखनऊ लोकसभा सीट से 'इंडिया' गठबंधन के उम्मीदवार के समर्थन में रोड शो किया।

यादव ने एक गाड़ी के ऊपर खड़े होकर हजरतगंज इलाके में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के पास से रोड शो शुरू किया।

उनके साथ सपा के विधायक रविदास मेहरोत्रा भी थे, जिन्हें पार्टी ने लखनऊ से मैदान में उतारा है।

जैसे ही यादव का वाहन लोकप्रिय हजरतगंज बाजार से गुजरा, लोगों ने दोनों सपा नेताओं का स्वागत किया। साथ ही कुछ लोगों ने उन पर फूलों की पंखुड़ियां भी बरसाईं। यादव ने भीड़ की ओर हाथ जोड़कर अभिवादन किया।

रोड शो एक किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करते हुए हजरतगंज चौराहे पर बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर की प्रतिमा तक जारी रहा।

मेहरोत्रा रक्षा मंत्री और भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह के खिलाफ

# शराबी पति ने गायिका पत्नी को तीसरी मंजिल से नीचे फेंका इलाज के दौरान हुई मौत

**नेशनल एक्सप्रेस / डी के सिंह।**

कानपुर। शराबी बेरोज़गार नशे का लती पति ने अपनी पत्नी को तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया। शोर सुनकर आस पास के लोग व देवर आया। देवर भाभी को लेकर अस्पताल गया। जहा पर इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।आरोप है कि वो बेरोजगार व नशेवाज था, उसका आए दिन इस बात को लेकर झगड़ा होता रहता था। गुरुवार देर रात नशेवाज पति से उसकी लड़ाई हो गई। इस पर उसने पत्नी सपना को बेल्ट से पीटा। वो दरवाजे के पास आकर मदद के लिए चिल्लाने लगी। तभी पीछे से आकर उसने धक्का दे दिया, जब वो गिर तो गई। दरवाजा बंद कर भाग गया। ये मामला नौबस्ता के हंसपुरम का है। पति बेरोजगार साथ साथ शराबी व नशे का लती था, इस बात पर होती थी लड़ाई

मूल रूप से घाटमपुर निवासी राहुल तिवारी बेरोजगार थे। परिवार में पत्नी सपना तिवारी (36) बेटा समर्थ (10) और बेटी शौर्य (6) हैं। राहुल के साथ में उनका छोटा भाई अंकित भी रहता है। राहुल अपने पूरे परिवार के साथ किराए के मकान में हंसपुरम में रहता था। परिवार वालों ने बताया कि सपना भजन गायक थी। राहुल नशे का लती था, इस कारण नौकरी नहीं जाता था। देवर पड़ोसियों की मदद से अस्पताल लेकर गया। रात को सपना



और राहुल में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। इसके बाद राहुल ने सपना को पीटा और तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया। यह नजारा देख अंकित तुरंत नीचे उतर के आया। पड़ोसियों की मदद से सपना को पास के नीचे अस्पताल ले गया। जहां पर सपना की मौत हो गई।

झूठ बोलकर की थी शादी सपना के पिता शिवकुमार शर्मा ने बताया-15 साल पहले सपना ने राहुल से लव मैरिज की थी। उस समय राहुल ने सपना को बताया था कि वह किसी बड़ी कंपनी में काम करता है, लेकिन बेटी उसके झूठ को नहीं पकड़ पाई थी। शादी के बाद पता चला कि राहुल कुछ भी नहीं करता है और नशे का लती है। सपना से छीन लेता था पैसे पिता शिव कुमार ने बताया-राहुल आए दिन नशे में धुत होने के बाद बेटी से मारपीट करता था। शराब पीने के लिए उससे पैसे छीन लेता था। पैसे ना देने पर उसे डंडे और बेल्ट से पीटता था। इसको लेकर 2023 अगस्त में हरबंस मोहल और नौबस्ता थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। लेकिन, उस मामले में पुलिस ने समझौता करा दिया था।

**अपराधी प्रवृत्ति का है राहुल**

सपना के घर वालों ने बताया- राहुल एक अपराधी प्रवृत्ति का है। पिछले 2 साल पूर्व एक युवक पर कट्टे से फायर किया था, जिसमें युवक बच गया था, लेकिन राहुल के ऊपर नौबस्ता थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। काफी दिन राहुल फरार रहा था। इसके बाद उस मामले में भी कंप्रोमाइज हो गया था। इस कारण राहुल जेल नहीं गया था।

**चाचा ने बताया की मम्मी को पापा ने छत से फेंक दिया**

सपना का 10 साल का बेटे समर्थ ने बताया- जब सभी लोग सो रहे थे, तभी रात में चाचा का फोन आया कि पापा ने मम्मी को छत से धकेल दिया है। यह सुनने के बाद हम नाना के साथ अस्पताल पहुंचे, तो वहां पर पता चला की मम्मी की तबीयत ज्यादा खराब हो गयी है ।ाॅ

# गोदाम में लगी भीषण आग, दमकल टीम ने मशक्क्त के बाद पाया काबू

कानपुर। सीसामऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार को अचानक कानपुर टेनरी कंपाउंड में स्थित एक गोदाम में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया, कुछ ही समय मे आग ने भीषण रूप धारण कर लिया आग लगने की सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल टीम ने किसी प्रकार आग पर काबू पाया सीसामऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत टेनरी कंपाउंड स्थित नूर इंटरप्राइजेज की गोदाम में भीषण आग लग गई, जिससे क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई आग की सूचना दमकल विभाग को दी गई मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए एफएस कर्नलगंज, मीरपुर, फजलगंज से कुल 03 यूनिट ने घटना स्थल पर पहुंचकर अत्यधिक ताप में अथक परिश्रम करते हुए दमकल टीम द्वारा मशक्क्त के बाद आग पर काबू पाया गया फायर ब्रिगेड के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि आग लगने के कारणों का पता नही चल सका, वहीं आग से होने वाले नुकसान का आंकलन किया जा रहा है हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नही हुई है।

# मतदान में लगे कार्मिक अनुपस्थित होने पर होगी कार्यवाही: मुख्य विकास अधिकारी

**नेशनल एक्सप्रेस / उत्कर्ष सिंह।**

कानपुर देहात। मतदान की पार्टी में अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की तलवार लटकी दिखी। जनपद में 13 मई को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान ड्यूटी में लापरवाही करने वाले तथा अनुपस्थित रहने वाले एवं कुछ कर्मचारी द्वारा उपस्थिति की हाजिरी लगाकर रवाना हुई बस में न बैठने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित कार्यालयाध्यक्षों को मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिया गया है। अधिकारियों/कर्मचारियों में खंड शिक्षा अधिकारी मैथा, अमरौधा व रसूलाबाद तथा

सेक्टर मजिस्ट्रेट की आख्या पर संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है वेतन रोकने के साथ-साथ निर्वाचन अधिनियम में नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रशासन के सख्त रवैये से अपने दायित्वों पर लापरवाही दिखाने वाले



कार्मिक जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को इन्टर कालेज की कार्मिक उर्मिला देवी, एकता कटियार, प्रकाशदीप, खण्ड शिक्षा कार्यालय झींझक के अभिषेक कुमार दीक्षित, अश्वनी कुमार अग्निहोत्री ,खण्ड शिक्षा कार्यालय अकबरपुर की प्रतीक्षा, रजनी, अंशिका देवी व पूनम गुप्ता को, खण्ड शिक्षा कार्यालय संदलपुर से विनय प्रताप सिंह भदौरिया, खण्ड शिक्षा कार्यालय अमरौधा से प्रगति द्विवेदी, कृष्ण त्रिपाठी, नवनीत गुप्ता,गुंजन मल्होत्रा, प्रेमलता, सूचि मालवीय, वंदना सचान, शिखा सचान, श्रीकांत, किरण कटियार को एवं जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय के सफाई कर्मी मिथुन कुमार, गंगा देवी, झल्लो, ममता देवी, रवि कुमार को व एल०डी०एम० सहकारी बैंक के ज्ञानेंद्र वर्मा, अनुपम सिंह, कन्हैयालाल को एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की प्रियंका गोयल पशुधन प्रसार अधिकारी जो हस्ताक्षर करके पार्टी में नहीं गई को सेक्टर मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट पर अनुपस्थित पाई गई, के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने हेतु संबंधित कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश निर्गत किये गए हैं। इसके अतिरिक्त आगामी 19 मई को माती कलेक्ट्रेट से जालौन लोकसभा भोगनीपुर विधानसभा की पार्टी रवाना होगी जिसमें जो भी कर्मचारी अनुपस्थित पाया जाएगा उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुए अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# प्राना की रिपोर्ट में शहर ने प्रदूषण नियंत्रण के मामले में हासिल की उपलब्धि

**नेशनल एक्सप्रेस अभिषेक मिश्रा।**

कानपुर। पर्यावरण संरक्षण के लिए कानपुर मेट्रो ने किए जा रहे निरंतर योगदान ने शहर के हवा की सेहत सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है पर्यावरण मंत्रालय के 'पोर्टल फॉर रेगुलेशन ऑफ एयर पॉल्युशन इन नॉन अटेनमेंट सिटीज' (प्राना) ने जारी की गई ताजा रैंकिंग में शहर के अंदर प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न संस्थाओं और विभागों कि संजीदगी साफ झलकती है शहर के अंदर इतने बड़े स्तर पर किए जा रहे सिविल निर्माण कार्य के बावजूद साल दर साल शहर के हवा की सेहत में सुधार देखा गया आँकड़ों पर गौर करें तो वर्ष 2019-20 में कानपुर में पीएम 10 की औसत मात्रा 196 थी जो 2020-21 में घटकर 178 हो गई उत्तरोत्तर यह मात्रा घटती चली गई और 2030-24 में यह 95 के स्तर पर है। प्रदूषण नियंत्रण के दृष्टिकोण से यह निस्संदेह एक बड़ी उपलब्धि है अपने गुर्गों को और सक्रिय कर लें नहीं तो अबकी बार बुर्का पहना ही दूंगा। वक्त खत्म बचा सकता है तो बचा लें, केके ने भेजा है



कि ब्लैकमेलिंग करना बौद कर दें अभी भी समय है हवा में पीएम 10 के कण फैलाने में सिविल निर्माण एक अहम कारक हो सकता है इसे मद्देनजर रखते हुए कानपुर मेट्रो ने आरंभ से ही इस दिशा में प्रयास किए कानपुर मेट्रो द्वारा निर्माण स्थलों पर धूल उत्सर्जन के शमन के लिए पानी के टैंकर और एंटी स्मोग गन से निरंतर जल का छिड़काव किया गया। इसके अलावा प्रदूषण के रोकथाम के लिए यातायात लेन पर मैकेनिकल स्वीपिंग, आरएमसी प्लांट में व्हील वॉशिंग, निर्माण स्थलों पर व्यवस्थित बैरिकेडिंग आदि प्रयास सतत रूप से किए गए। यूपीएमआरसी की परियोजनाओं के अंतर्गत पर्यावरण के हित में कानपुर मेट्रो डिपो में सौर ऊर्जा के लिए लगाया गया है 1 मेगावाट का सोलर प्लांट 8900 पेड़ लगाने के बराबर, 770 मीट्रिक टन कार्बन उत्सर्जन में कमी मेट्रो ट्रेनों में एयर कंडीशनिंग सिस्टम को नियंत्रित करने के लिए एचवीएसी प्रणाली का प्रयोग। संपूर्ण मेट्रो सिस्टम में 100 प्रतिशत एलईडी लाइटिंग। जल संरक्षण के लिए कानपुर मेट्रो के वायडक्ट में बारिश के पानी को नीचे मीडियन में लगे पिट तक पहुंचाने की व्यवस्था। प्रॉयोरिटी कॉरिडोर के नीचे मीडियन पर विकसित किया गया है ग्रीन फील्ड।

# 18 मई को टसन पंजाबीयो दा बैसाखी संस्कृति कार्यक्रम का होगा आयोजन

कानपुर। बाबा नामदेव हाल किदवई नगर में सरदार नीतू सिंह के नेतृत्व में वार्ता का आयोजन किया गया वार्ता के दौरान बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगत नामदेव हाल प्रांगण मे दिनांक 18 मई को टसन पंजाबीयो दा (बैसाखी) संस्कृति कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमे विषेश रूप से मशहूर कलाकार सतविन्दर बिट्टी ग्रुप पंजाब व जानकी राज ग्रुप दिल्ली मीरी पीरी बाल सखा के बच्चे व कानपुर के हरनूर जसदीप सिंह अपने हुनर का मंचन करेंगे ये कार्यक्रम सिख पंजाबी संस्कृति सभ्यता से ओत-प्रोत होगा जिसमे विषेश रूप से आमंत्रित संगत दर्शन व कार्यक्रम का आनंद उठायेंगे यह कार्यक्रम अप्रैल बैसाखी पर्व पर होना था परन्तु मतदान की घोषणा के कारण सम्बंधित कलाकारो को 18 मई को कानपुर मे आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में विषेश रूप से कुलवन्त सिंह, गुरदीप सिंह सहगल अमरजीत सिंह (पम्मी),मनप्रीत भट्टी,लाडी,लवी गांधी,लोग शामिल रहे।

# उच्च रक्तचाप के उपचार एवं बचाव को लेकर चलाया जन जागरूकता अभियान

**नेशनल एक्सप्रेस के के साहू।**

कानपुर। विश्व उक्त रक्तचाप दिवस के उपलक्ष्य में एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया कानपुर अध्याय के सहयोग से उच्च रक्तचाप के उपचार एवं बचाव के संबंध में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ओपीडी ब्लॉक लाला लाजपत राय चिकित्सालय, कानपुर में किया गया ओपीडी ब्लाक में लगभग 750 (मरीज एवं तीमारदार) की रक्तचाप की जांच की गई जिनमें से लगभग 115 से 120 मरीज एवं तीमारदार बिना लक्षण वाले उच्च रक्तचाप से ग्रसित पाये गये उच्च रक्त चाप वाले मरीजों को नेत्र रोग विभाग की ओपीडी में आंखों की जांच हेतु परामर्श दिया गया डा० शालिनी मोहन, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, नेत्र रोग विभाग द्वारा ओपीडी में मरीजों की जांच की गई तथा उचित परामर्श प्रदान किया गया तत्पश्चात मेडिसिन विभाग, जीएसवीएम मेडिकल कालेज, कानपुर के सेमिनार हॉल में संगोष्ठी का आयोजन किया गया विश्व उच्च रक्तचाप दिवस, 2024 का




मुख्य थीम है 'measure your blood pressure accurately, control it and live longer', है

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य प्रोफेसर संजय काला एवं मुख्य संयोजक डा० एसके गौतम (आचार्य). सचिव एपीआई कानपुर एवं मेडिसिन विभाग के समस्त संकाय सदस्य थे कार्यक्रम का आरम्भ मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रिचा गिरि द्वारा प्रधानाचार्य के स्वागत एवं उद्बोधन से आरम्भ हुआ कार्यक्रम में उच्च रक्तचाप रोग से बचाव एवं उपचार के संबंध संकाय सदस्यों द्वारा जानकारी प्रदान की गई डा० एसके गौतम, आचार्य, मेडिसिन विभाग द्वारा विश्व उच्च रक्तचाप दिवस, 2024 की थीम की जानकारी प्रदान की गई डा० आरके वर्मा, आचार्य, मेडिसिन विभाग द्वारा हाई ब्लड प्रेशर से मानव शरीर में होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी प्रदान की गई, डा० तनु मिड्ढा, आचार्य, कम्युनिटी मेडिसिन विभाग द्वारा उच्च रक्तचाप से बचाव की जानकारी प्रदान की गई डा० सर्वाभौम त्रिपाठी, सहायक आचार्य, नेफ्रोलॉजी विभाग द्वारा उक्त रक्तचाप और संबंधित गुर्दा रोग के प्रति जानकारी प्रदान की गई, डा० शालिनी मोहन आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, नेत्र रोग विभाग द्वारा उच्च रक्तचाप से आंखों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी प्रदान की, डा० करिश्मा शर्मा, सहायक-आचार्य, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग द्वारा गर्भावस्था के दौरान उच्च रक्तचाप के प्रति जानकारी प्रदान की कार्यक्रम में मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डा० एसी गुप्ता, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, मेडिसिन विभाग, डा० बीपी प्रियदर्शी, डा० सौरभ अग्रवाल, डा० बृजेश कुमार, डा० एसके गौतम, डा० रीना सिंह, डा० विनय कुमार, डा० विशाल कुमार गुप्ता, डा० जेएस कुशवाहा, डा० समीर गोविल, डा० एमपी सिंह, डा० युवराज गुलाटी, डा० ललित कुमार, डा० मनोज कुमार, डा० शिव प्रताप सिंह उपस्थित थे इसके अतिरिक्त प्रमुख अधीक्षक डा० आरके सिंह, एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा० एनसी त्रिपाठी, लाला लाजपत राय चिकित्सालय, कानपुर तथा डा० अनीता गौतम, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका जच्चा बच्चा, चिकित्सालय, कानपुर एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे तथा इस चिकित्सा महाविद्यालय के अन्य विभागों के संकाय सदस्य एवं परास्नातक स्नातक छात्र उपस्थित रहें।

# 'ईयर फोन' लगाने के कारण ट्रेन की चपेट में आकर दो सगी बहनों की मौत, तीसरी लापता

आगरा, (भाषा) आगरा के थाना बरहन क्षेत्र में कथित तौर पर कान में 'ईयर फोन' लगाने के कारण ट्रेन की चपेट में आकर दो सगी बहनों की मौत हो गयी, जबकि उनकी तीसरी बहन अब भी लापता है। थाना बरहन के प्रभारी निरीक्षक राजीव राघव ने बताया कि तीनों सगी बहनें देर रात भागवत सुनकर घर लौट रही थीं। उन्होंने कहा कि गांव नगला छबीला के पास बृहस्पतिवार देर रात दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक पर अरुणाचल सुपरफास्ट ट्रेन की चपेट में आकर दो बहनों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दोनों शवों के कान में मोबाइल का 'ईयर फोन' लगा पाया गया। पुलिस को संदेह है कि ईयर फोन



लगाने के कारण उन्हें ट्रेन की आवाज सुनाई नहीं दी होगी और वे ट्रेन की चपेट में आ गयीं। पुलिस को रेलवे ट्रैक पर एक मोबाइल मिला है। पुलिस तीसरी युवती के बारे में जानकारी जुटा रही है। राघव ने बताया कि स्थानीय लोगों ने ट्रैक पर शव देखे तो पुलिस को सूचना दी। शवों की पहचान गोहिला गांव निवासी महेश वाल्मीकि की पुत्री किरन (22 वर्ष) और सरिता (20 वर्ष) के रूप में हुई है।

# अपर जिलाधिकारी केशव नाथ गुप्ता ने हीट वेव लू पर जारी की एडवाइजरी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

कानपुर देहात। अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व केशव नाथ गुप्ता ने बताया कि भारतीय मौसम विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार जनपद कानपुर देहात में दिनांक 18.05 2024 से 20.05.2024 तक हीट वेव (लू) चलने की सम्भावना व्यक्त की गयी है, जिसके दृष्टिगत (लू) सूरक्षा एवं बबाव के लिए आम जनमानस एवं पशुओ हेतु दिशा-निर्देष जारी किये जाते है।

क्या करें समस्त लोगो के लिए

रेडियों, टीवी और समाचार पत्रों के माध्यम से स्थानीय मौसम एवं तापमान की जानकारी रखें।पर्याप्त एवं नियमित अन्तराल पर पानी पीते रहें, सफर में अपने साथ पीने का पानी हमेंशा रखें।

स्वयं को हाइड्रेटड रखनें के लिए ओ०आर०एस० घोल, नारियल पानी, लस्सी, माड़ (चावल का पानी), नींबू पानी, छाछ, आम का पन्ना तथा चने का सत्तू आदि पेय पदार्थ का इस्तेमाल करें।हल्के रंग के ढीले-ढाले और सूती कपड़े पहनें।धूप में बाहर निकलते समय अपना सिर ढ़क कर रखें।

शिशुओं के लिये

उन्हे पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ एवं पानी पिलाएं।बच्चो को हमेशा ठंडे कमरे में रखें।अत्यधिक गर्मी/लू के दौरान शिशुओं में होने वाली बीमारियों के बारे में जानें।यदि बच्चो के पेशाब का रंग गहरा नजर आये तो समझ लें कि बच्चा डिहाईड्रेशन (पानी की कमी) का शिकार है।

पशुओ के लिये

तेज गर्मी के दौरान जानवरों का छायादार स्थन में रखें जहां पर वो आराम कर सके, ध्यान रखें कि जहां उन्हें रखा गया है वहां दिन भर छाया रहे।पशुओं को बंद पशुशाला में रखें, क्योंकि गर्मी के दृष्टिगत पशु संवेदनशील होते है।पीने हेतु पानी के दो बर्तन रखें ताकि एक में पानी खत्म हो जाने पर दूसरे बर्तन में भरे पानी को वो पी सके।

क्या न करें

तेज धूप में विषेश रूप से दोपहर 12:00 बजे से 03:00 बजे के बीच बाहर जाने से बचें।भीषण गर्मी में दोपहर के समय अधिक श्रम वाली गतिविधियों को न करें।दोपहर के समय खाना पकाने से बचें, अपने रसोई घर को हवादार बनाये रखने के लिये खिड़की व दरवाजे खुली रखें। शराब, चाय, कॉफी एवं कार्बोनेटेड शीतल पेय पदार्थ का सेवन करने से बचें क्योंकि ये हमारे शरीर को निर्जलित करते है। उच्च प्रोटिन वाले भोजन से बचें एवं बासी भोजन कदापि न करें। अपने बच्चों एवं पशुओं को खड़े वाहनो के अन्दर न छोडें।


# शिवली ग्राम नहर मे डूबने से युवक की मौत साथी हैलत अस्पताल में भर्ती

**नेशनल एक्सप्रेस / उत्कर्ष सिंह**

कानपुर देहात। थाना शिवली छेत्र के ग्राम खलकपुर ओरिया के सुनील कठेरिया 35वर्ष व कुलदीप कठेरिया 28 वर्ष के एक की नहर में डूब जाने से मोत हो गई और एक व्यक्ति हैलट अस्पताल में भर्ती है मौके पर सूचना पाकर अनूप सिंह यादव एडवोकेट माती से तत्काल मौके पर पहुँचे और अपने साथ प्रो दिग्विजय सिंह यादव को ले जाकर एसडीएम मैंथा को कॉल किया परंतु नंबर बंद मिला तत्पश्चात थाना कोतवाली शिवली को कॉल किया नंबर पहुंच से बाहर मिला तत्काल सहायता के लिए डीएम कानपुर देहात को घटना से अवगत कराया इसके बाद प्रशासन की नीद टूटी तब मौके पर कोतवाल पहुंचे इसके बाद नायब तहसीलदार का आगमन हुआ कुछ ने जी हजूरी खूब की पर संवेदनाओं शून्य रही , जमीन पर काम अभी भी शून्य है ,, घटना समय दिन में 3.30 कि है और प्रशासन 8बजे रात्रि में पहुंच रहा है अभी तक उस डूबे हुए युवक को निकालने के नाम पर कोई कार्यवाही नहीं हुई,,

पुलिस प्रशासन की लचर व्यवस्था के कारण पीड़ित को किसी प्रकार कि कोई मदद नहीं,, काफी मशक्क़त के बाद पुलिस द्वारा गाँव वालो ने मिलकर रेस्क्यू करा के काफी खोजबीन के बाद लाश बरामद हुई आज खूब तमाशा हुआ नेताओ का हाल यह है किसकी करते हैं जी हजूरी ,, मेरा गांव है मैं हर संभव मदद के लिए हाजिर रहूंगा कोई पीड़ित किसी को फोटो खींचने का मौका मिला,, आप सभी का धन्यवाद

# आखिरी प्लेआफ स्थान के लिये आरसीबी और सीएसके में टक्कर, बारिश की आशंका



**बेंगलुरू**, ( भाषा ) लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू आईपीएल प्लेआफ में चौथी टीम के निर्धारण के लिये शनिवार को यहां करो या मरो के मुकाबले में पांच बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स के सामने होंगी लेकिन इस मैच पर मौसम की गाज गिरने की आशंका भी है ।

हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस का मैच बारिश में धुलने के कारण अब कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बाद सनराइजर्स प्लेआफ में पहुंच गई है । अब सिर्फ एक स्थान के लिये रस्साकशी है और दो टीमें सीएसके तथा आरसीबी दौड़ में हैं ।

बेहतर रनरेट और अधिक अंक ( 13 अंक और 0.528 रनरेट ) होने से चेन्नई का दावा मजबूत है । इस मैदान पर वह आठ मैचों में आरसीबी से एक ही बार हारी है । वहीं आरसीबी के 12 अंक है और उसका नेट रनरेट 0.387 है ।

मौसम विभाग ने कल बारिश की भविष्यवाणी की है । अगर मैच नहीं हो पाता है तो चेन्नई प्लेआफ में पहुंच जायेगी । वहीं आरसीबी को कम से कम 18 रन से या 11 गेंद बाकी रहते जीत दर्ज करनी होगी ।

आरसीबी इस समय सबसे शानदार फॉर्म में हैं । छह मैचों की हार का सिलसिला तोड़ने के बाद उसने लगातार पांच जीत दर्ज की है । आरेंज कैपधारी विराट कोहली जबर्दस्त फॉर्म में हैं और पिछले पांच में से तीन मैचों में अर्धशतक जड़ चुके हैं । कप्तान फाफ डु प्लेसी से अच्छी पारी की उम्मीद होगी जो पिछले दो मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके । मध्यक्रम में रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन अच्छा खेल रहे हैं । महिपाल लोमरोर और दिनेश कार्तिक भी बल्लेबाजों की ऐशगाह चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच का फायदा उठाना चाहेंगे ।

आरसीबी के गेंदबाजों में यश दयाल ने इस सत्र में सबसे ज्यादा विकेट लिये हैं । लॉकी फर्ग्युसन , मोहम्मद सिराज, ग्रीन और स्वप्निल सिंह के सामने कड़ी चुनौती है ।

चेन्नई के लिये कप्तान रूतुराज गायकवाड़ ने इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाये हैं और उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद है । सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने भी उपयोगी पारियां खेली है । पिछली चार पारियों में नाकाम रहे शिवम दुबे से भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है ।

गेंदबाजी में तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह और तुषार देशपांडे ने अच्छा प्रदर्शन किया है । टीम को मुस्ताफिजूर रहमान, मथीषा पथिराना और दीपक चाहर की कमी खल रही है ।

महेंद्र सिंह धोनी की मौजूदगी चेन्नई के लिये प्रेरणास्रोत है लेकिन देखना होगा कि वह चोट के बीच कितना योगदान दे पाते हैं ।

**टीमें : चेन्नई सुपर किंग्सः** रूतुराज गायकवाड़ (कप्तान ), रचिन रविंद्र, अजिंक्य रहाणे, डेरिल मिचेल, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, समीर रिजवी, एमएस धोनी, महीष तीक्षणा, तुषार देशपांडे, शार्दुल ठाकुर, शाइक रशीद, मोईन अली, निशांत सिंधू, मिचेल सेंटनेर, अजय जादव मंडल, प्रशांत सोलंकी, मुकेश चौधरी, सिमरनजीत सिंह, आर एस हंगरगेकर, अरावेली अवनीश ।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोरः** फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ली, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्युसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# निशानेबाज मनु भाकर का ओलंपिक चयन ट्रायल्स में दबदबा बरकरार



**भोपाल**, (भाषा) ओलंपियन मनु भाकर ने शुक्रवार को यहां 10 मीटर एयर पिस्टल ओलंपिक चयन ट्रायल्स (ओएसटी) में शानदार स्कोर से एशियाई खेलों की पदक विजेता ईशा सिंह की चुनौती पस्त करते हुए पूरी तरह से दबदबा बनाये रखा।

मनु ने तीसरे ओएसटी में 241.0 का शानदार स्कोर बनाकर ईशा (240.2) और रिदम सांगवान (220.3) को पछाड़ा। सुरभि राव (199.3) और पलक (179.1) क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल ओएसटी टी3 फाइनल में नवीन ने 246.8 अंक का स्कोर बनाया जिससे वह मौजूदा विश्व रिकॉर्ड से 0.3 अंक से पीछे रहे। सरबजोत सिंह (242.4) ने दूसरा स्थान हासिल किया। अर्जुन सिंह चीमा (218.8), वरूण तोमर (197.3), रविंदर सिंह (176.9) क्रमशः तीसरे, चौथे व पांचवें स्थान पर रहे।

रमिता जिंदल महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल्स (ट्रायल 3) ने 252.6 अंक का स्कोर बनाया जिससे वह दूसरे स्थान पर रहने वाली ओलंपियन इलावेनिल वलारिवान (252.1) से आगे रहीं। नैन्सी शूट ऑफ में इलावेनिल से पिछड़कर तीसरे स्थान पर रहीं जबकि मेहुली घोष और तिलोत्मा सेन क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल फाइनल्स में श्री कार्तिक सबरी राज ने 24 शॉट के शूटआउट में बढ़त बनायी। उनके और दिव्यांश सिंह पंवार के समान 252.5 अंक रहे। अर्जुन बबुता (229.9) तीसरे जबकि विश्व चैम्पियन रूद्रांक्ष पाटिल और संदीप सिंह क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर रहे। भारत की नंबर एक और विश्व रिकॉर्डधारी सिफत कौर सामरा ने 50 मीटर राइफल थ्री पॉजिशन स्पर्धा के क्वालीफिकेशन दौर (ट्रायल 4) में 593 अंक बनाये जबकि ओलंपियन अंजुम मौदगिल ने 588 का स्कोर बनाया। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पॉजिशन स्पर्धा में स्थानीय प्रबल दावेदार ऐश्वर्य प्रताम सिंह तोमर ने क्वालीफिकेशन दौर (ट्रायल 4) में लगातार 590 से ज्यादा का स्कोर बनाया।

# संन्यास का फैसला अंतर्मन की आवाज पर लिया : सुनील छेत्री



नयी दिल्ली, ( भाषा ) भारतीय फुटबॉल कप्तान सुनील छेत्री ने शुक्रवार को कहा कि अगले महीने कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के बाद संन्यास का फैसला उन्होंने अंतर्मन की आवाज पर लिया और घरेलू सर्किट पर अपने उत्तरदायित्व पूरे करने के बाद वह ब्रेक लेना चाहेंगे ।

39 वर्ष के छेत्री ने कुवैत के खिलाफ छह जून को फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने का फैसला लिया है । इसके साथ ही 19 बरस के उनके सुनहरे कैरियर पर भी विराम लग जायेगा जिसमें उन्होंने 150 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल भारत के लिये सर्वाधिक 94 गोल किये ।

छेत्री ने वर्चुअल बातचीत में कहा ,'' संन्यास का फैसला शारीरिक कारणों से नहीं लिया । मैं अभी भी फिट हूं, दौड़ रहा हूं , डिफेंड कर रहा हूं, मेहनत करना मुश्किल नहीं है । यह फैसला मानसिक पहलू को ध्यान में रखकर लिया ।''

उन्होंने हालांकि मानसिक स्वास्थ्य के मसले पर विस्तार से कुछ नहीं कहा । मौजूदा दौर में विभिन्न खेलों में यह खिलाड़ियों के बीच चिंता का विषय बना हुआ है ।

छेत्री ने कहा ,'' मैं खुद से लड़ रहा था । समग्र रूप से सोचने की कोशिश कर रहा था और अचानक यह फैसला लिया । एक साल बेंगलुरू एफसी के लिये खेलूंगा । घरेलू फुटबॉल कब तक खेलूंगा , पता नहीं । उसके बाद ब्रेक लूंगा ।''


यह पूछने पर कि बतौर खिलाड़ी कैरियर खत्म होने पर क्या वह कोचिंग के बारे में सोचेंगे, छेत्री ने कहा ,'' मैं कभी ना नहीं कहूंगा । ब्रेक के दौरान इस पर सोचूंगा लेकिन अभी यह मेरे एजेंडे में प्राथमिकता नहीं है ।'

छेत्री का इंडियन सुपर लीग टीम के साथ अनुबंध अगले साल तक है ।

बाईचुंग भूटिया के बाद भारतीय फुटबॉल के ध्वजवाहक रहे छेत्री ने कहा कि उन्होंने फैसला लेने से पहले कोच इगोर स्टिमक से बात की ।

उन्होंने कहा ,'' मैं स्टिमक के

# गुजरात के खिलाफ मैच धुलने से सनराइजर्स प्ले ऑफ में



**हैदराबाद**, (भाषा) सनराइजर्स हैदराबाद ने गुरुवार को यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना बारिश की भेंट चढ़ने के बाद प्ले ऑफ में जगह सुनिश्चित की।

लगातार बारिश के कारण मैच में टॉस भी नहीं हो पाया। मैच शुरू होने का निर्धारित समय सात बजकर 30 मिनट था लेकिन अंपायरों ने अंततः रात 10 बजकर 10 मिनट पर मैच रद्द करने का फैसला किया।

प्ले ऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी गुजरात टाइटंस का यह लगातार दूसरा मैच है जो बारिश की भेंट चढ़ा। इससे पहले 13 मई को अहमदाबाद में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ भी टीम का मैच बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द करना पड़ा था।

मैच रद्द होने से सनराइजर्स और टाइटंस दोनों को एक-एक अंक मिला। सनराइजर्स के 13 मैच में 15 अंक हो गए हैं और टीम अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। लीग तालिका की निचली सात टीमों में अब सिर्फ चेन्नई सुपरकिंग्स ही 15 या इससे अधिक अंक जुटा सकते हैं जिससे सनराइजर्स की प्ले ऑफ में जगह सुनिश्चित हो गई है।

कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स अंक तालिका में अभी क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर हैं और पहले ही प्ले ऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं। नाइट राइडर्स के 19 जबकि रॉयल्स के 16 अंक हैं।

प्ले ऑफ के अंतिम स्थान के लिए अब भी चार टीमें - चेन्नई सुपरकिंग्स (14), रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (12), दिल्ली कैपिटल्स (14) और लखनऊ सुपरजाइंट्स (12) - दावेदार हैं। अगर सुपरजाइंट्स शुक्रवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत जाती है तो उनके 14 अंक हो जाएंगे और उसकी उम्मीद जीवंत रहेगी। लेकिन अगर सुपरकिंग्स की टीम बेंगलुरू की टीम को हरा देती है या शनिवार को मैच रद्द हो जाता है तो चेन्नई की टीम प्ले ऑफ में जगह बना लेगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की टीम यदि सुपरकिंग्स को कम से कम 18 रन या 11 गेंद शेष रहते हरा देती है तो वे नेट रन रेट के आधार पर चौथा उपलब्ध स्थान हासिल कर लेंगे क्योंकि उनके दिल्ली, सुपरकिंग्स और सुपरजाइंट्स (यदि वे जीतते हैं) के समान 14 अंक होंगे लेकिन नेट रन रेट बेहतर होगा।


# दक्षिण अफ्रीका श्रृंखला से सबक लेकर प्रो लीग के लिये तैयार नयी कप्तान सलीमा

बेंगलुरू, ( भाषा ) भारतीय महिला हॉकी टीम की नयी कप्तान सलीमा टेटे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से सबक लेकर बुधवार से बेल्जियम के एंटवर्प में शुरू हो रहे एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में नये सिरे से शुरूआत करना चाहेंगी ।

पूर्व कप्तान सविता पूनिया के साथ भारत ने भुवनेश्वर और राउरकेला में प्रो लीग के पहले चरण में आठ मैचों में दो ही जीत दर्ज की और नौ टीमों में छठे स्थान पर खिसक गई ।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दोस्ताना श्रृंखला से पहले सलीमा को टीम की कमान सौंपी गई जबकि नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया । भारत ने श्रृंखला 4 . 2 से जीती ।

# ओलंपिक में एक मुक्केबाजी कोटा गंवा सकता है भारत, वाडा ने परवीन को निलंबित किया



नयी दिल्ली, ( भाषा ) पिछले 12 महीने में तीन बार अपना ठिकाना (वेयरअबाउट) नहीं बताने के कारण विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज परवीन हुड्डा को विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने निलंबित कर दिया है जिससे वह पेरिस ओलंपिक का कोटा भी गंवा सकती है ।

पिछले साल एशियाई खेलों में महिलाओं के 57 किलोवर्ग में ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली परवीन ने अप्रैल 2022 से मार्च 2023 के बीच अपने ठिकाने की जानकारी नहीं दी है जो वाडा नियमों के तहत अनिवार्य है ।

परवीन के कोच सुधीर हुड्डा ने पीटीआई से कहा ,''उस पर वाडा ने डेढ साल का प्रतिबंध लगाया है जो इस महीने से शुरू होगा और नवंबर 2025 तक चलेगा ।''

रजिस्टर्ड टेस्टिंग पूल (आरटीपी) में शामिल खिलाड़ियों को रात रूकने पर अपना पूरा पता, नाम और हर ठिकाने का पूरा पता देना होता है जहां वे अभ्यास करते हैं, काम करते हैं या अन्य नियमित गतिविधियों में शामिल होते हैं ।

इसके अलावा उन्हें 60 मिनट का विंडो और स्थान की जानकारी देनी होती है जहां वे टेस्ट के लिये उपलब्ध होंगे । ऐसा नहीं करने को वाडा के ठिकाने के प्रावधान का उल्लंघन माना जायेगा । बारह महीने में तीन बार ऐसा करने में नाकाम रहने को डोपिंग नियम का उल्लंघन माना जाता है और दो साल तक का निलंबन हो सकता है जिसे घटाकर एक साल तक किया जा सकता है ।

परवीन के वकील विदुष्पत सिंघानिया ने कहा कि वे अंतरराष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी के संपर्क में हैं और निलंबन हटवाने या कम करने का प्रयास कर रहे हैं ।

निलंबन की अवधि कम भी होने पर परवीन इस साल जुलाई अगस्त में पेरिस ओलंपिक नहीं खेल सकेगी ।

भारत के लिये सिर्फ चार मुक्केबाजों निकहत जरीन (50 किलो ), प्रीति (54 किलो ), परवीन (57 किलो ) और लवलीना बोरगोहेन (75 किलो )ने कोटा हासिल किया है । आखिरी ओलंपिक क्वालीफायर 24 मई से बैंकॉक में है ।

# बांग्लादेश से एक जून को टी20 विश्व कप अभ्यास मैच खेलेगा भारत

दुबई, ( भाषा ) भारतीय टीम एक जून को अमेरिका में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप का अभ्यास मैच खेलेगी । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने शुक्रवार को यह ऐलान किया ।

मैच का आयोजन स्थल और समय अभी तय नहीं किया गया है । विश्व कप में भाग ले रही 20 टीमों में से 17 27 मई से एक जून तक अमेरिका और त्रिनिदाद एवं टोबैगो में अभ्यास मैच खेलेंगी । दक्षिण अफ्रीका टीम 29 मई को फ्लोरिडा में टीम के भीतर ही अभ्यास मैच खेलेगी। गत चैम्पियन इंग्लैंड और उपविजेता पाकिस्तान के अलावा सेमीफाइनल खेलने वाली न्यूजीलैंड कोई अभ्यास मैच नहीं खेलेंगी । पाकिस्तान और इंग्लैंड 22 मई से इंग्लैंड में चार मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला खेल रहे हैं । वहीं पाकिस्तान में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेलकर कीवी टीम आठ जून को अफगानिस्तान के खिलाफ विश्व कप का पहला मैच खेलेगी ।

# बिना गारंटी वाले कर्ज पर ज्यादा निर्भरता एनबीएफसी के लिए ठीक नहीं : डिप्टी गवर्नर



मुंबई, (भाषा) भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने आगाह किया है कि असुरक्षित माने जाने वाले यानी बिना गारंटी वाले कर्ज और पूंजी बाजार वित्तपोषण पर अत्यधिक निर्भरता लंबे समय में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिए समस्या खड़ी कर सकती हैं।

स्वामीनाथन ने आरबीआई के बुधवार को आयोजित एक सम्मेलन में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के आश्वासन कार्यों (अनुपालन, जोखिम और आंतरिक ऑडिट) प्रमुखों को संबोधित करते हुए उधार के बारे में निर्णय लेने के लिए 'एल्गोरिदम' पर अत्यधिक निर्भरता को लेकर भी चेतावनी दी।

उन्होंने 'नियमों की अनदेखी करने' के लिए नियमों के 'बुद्धिमतापूर्ण विश्लेषण' के रुख पर आरबीआई की निराशा को भी सार्वजनिक किया। उन्होंने इसे वित्तीय प्रणाली के लिए 'महत्वपूर्ण जोखिम' बताया।

स्वामीनाथन ने कहा कि कुछ उत्पादों या असुरक्षित ऋण जैसे क्षेत्रों के लिए जोखिम काफी ज्यादा हैं और यह लंबे समय तक टिकने वाला नहीं है।

उन्होंने कहा, ''ऐसा लगता है कि ज्यादातर एनबीएफसी में एक ही काम करने की इच्छा है। जैसे कि खुदरा असुरक्षित ऋण, 'टॉप अप' ऋण अथवा पूंजी बाजार वित्तपोषण। ऐसे उत्पादों पर अत्यधिक निर्भरता बाद में समस्या खड़ी कर सकती है।''

स्वामनाथन ने 'एल्गोरिदम' आधारित कर्ज देने के मुद्दे पर कहा कि कई संस्थाएं बही-खातों में तेजी से वृद्धि के लिए नियम-आधारित 'क्रेडिट' का रुख कर रही हैं।

उन्होंने कहा, ''हालांकि, स्वचालन दक्षता को बढ़ा सकता है, पर एनबीएफसी को ऐसे मॉडल से खुद को बांधना नहीं चाहिए। यह पहचानना महत्वपूर्ण है कि नियम-आधारित कर्ज देने की व्यवस्था केवल उतने ही प्रभावी हैं जितने कि आंकड़े और मानदंड जिनपर वे बनाए गए हैं।''

स्वामीनाथन ने कहा, ''विशेष रूप से उभरती बाजार स्थितियों में ऐतिहासिक आंकड़े या एल्गोरिदम पर अत्यधिक निर्भरता से कर्ज मूल्यांकन में चूक हो सकती है।'' उन्होंने एनबीएफसी को अपनी क्षमताओं और सीमाओं पर स्पष्ट दृष्टिकोण बनाए रखने और निगरानी व्यवस्था पर ध्यान देने को कहा।

उन्होंने एनबीएफसी से साइबर सुरक्षा जोखिमों पर भी पर्याप्त ध्यान देने को कहा।

डिप्टी गवर्नर ने कहा कि जोखिम प्रबंधन और आंतरिक ऑडिट कार्यों को कौशल मानदंडों पर कसना होगा ताकि वे समय-समय पर आईटी और साइबर सुरक्षा को लेकर अपनी संस्थाओं की तैयारियों का आकलन करने में सक्षम हो सकें।

# रुपया 17 पैसे की तेजी के साथ 83.33 प्रति डॉलर पर

मुंबई, (भाषा) सकारात्मक घरेलू बाजार तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों के ताजा निवेश की उम्मीद के कारण शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 17 पैसे की मजबूती के साथ 83.33 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

बाजार सूत्रों ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के डॉलर की बिकवाली करने के कारण भी रुपये को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.50 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान 83.32 प्रति डॉलर के दिन के उच्चतम तथा 83.50 प्रति डॉलर के निचले स्तर को छूने के बाद अंत में अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले 17 पैसे की तेजी के साथ 83.33 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 83.50 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। बीएनपी पारिबा बाय शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, ''हमारा मानना है कि फेडरल रिजर्व के आक्रामक रुख तथा कमजोर एशियाई और यूरोपीय बाजारों के बीच डॉलर के मजबूत होने से रुपया थोड़ा नकारात्मक रहेगा। हालांकि, घरेलू बाजारों में सकारात्मक रुख रुपये को निचले स्तर पर समर्थन दे सकता है।'' उन्होंने कहा, ''साथ ही किसी भी ताजा एफआईआई प्रवाह या रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है।'' इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.26 प्रतिशत की तेजी के साथ 104.73 हो गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.13 प्रतिशत की तेजी के साथ 83.38 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 253.31 अंक की तेजी के साथ 73,917.03 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) पूंजी बाजार में बिकवाल रहे और उन्होंने बृहस्पतिवार शुद्ध रूप से 776.49 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# हमें ओलंपिक से पहले मानसिक शांति की जरूरत: महिला पहलवान

नयी दिल्ली, (भाषा) पेरिस ओलंपिक की कोटा विजेता महिला पहलवानों ने शुक्रवार को राष्ट्रीय महासंघ से चयन ट्रायल आयोजित नहीं करने का अनुरोध करते हुए कहा कि अब से वे जो भी कदम उठाएंगें और जो कुछ भी करेंगे उसका असर ओलंपिक में भारत की पदक संभावनाओं पर पड़ेगा।

सीनियर विश्व चैंपियनशिप 2021 के फाइनल में पहुंचने वाली भारत की पहली महिला पहलवान अंशु मलिक ने कहा कि खेलों की तैयारी के लिए अब उन्हें केवल 'मानसिक शांति' की जरूरत है।

अंशु को अगर पेरिस जाने का मौका मिलता है तो यह इन खेलों में इस 22 साल की खिलाड़ी के लिए यह दूसरा मौका होगा। उन्होंने पिछले ओलंपिक में 17 साल की उम्र में महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में कोटा हासिल करके आश्चर्यचकित किया था, लेकिन बड़े स्तर के अनुभव की कमी के कारण वह पहले दौर में ही बाहर हो गई थी।

तोक्यो ओलंपिक के बाद हालांकि इस आक्रामक पहलवान ने अपने खेल में काफी सुधार किया। उन्होंने विश्व चैम्पियनशिप में ऐतिहासिक विश्व रजत जीतने के बाद एशियाई चैंपियनशिप में चार पदक जीते हैं।

वह पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप के दौरान लगी घुटने में चोट के कारण एशियाई खेलों में भाग नहीं ले पाई थीं। अंशु को डर है कि खेलों के इतने करीब उनके शरीर पर दबाव डालने से उनकी तैयारी प्रभावित हो सकती है।

तोक्यो में अभ्यास कर रही अंशु ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हमें अपने हर छोटे से छोटे काम में बहुत, बहुत सावधान रहना होगा। हम यहां से अपने हर एक कदम में सतर्कता बरत रहे हैं। मैंने हाल ही में कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया है, अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, ट्रायल्स और फिर क्वालीफायर, इसलिए मुझे ट्रायल के माध्यम से फिटनेस का आकलन करने की आवश्यकता नहीं है।''

# रिलायंस जियो ने स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए 3,000 करोड़ रुपये का बयाना दिया

नयी दिल्ली, (भाषा) देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने आगामी स्पेक्ट्रम नीलामी में हिस्सा लेने के लिए सर्वाधिक 3,000 करोड़ रुपये की बयाना राशि जमा की है।

दूरसंचार विभाग की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी विवरण के मुताबिक, भारती एयरटेल ने स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए 1,050 करोड़ रुपये और वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) ने 300 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि जमा कराई है।

कंपनियों को जमा की गई बयाना राशि के आधार पर अंक मिलते हैं, जो उन्हें अपने मनचाहे सर्किलों की संख्या और स्पेक्ट्रम की मात्रा के लिए बोली लगाने में सक्षम बनाता है। अधिक अंक होने का मतलब कंपनी की बोली लगाने की उच्च क्षमता है।

रिलायंस जियो ने अबतक जितनी भी स्पेक्ट्रम नीलामियों में भाग लिया है, उनमें वह बयाना राशि जमा करने के मामले में शीर्ष पर रही है। उसकी शुद्ध संपत्ति 2.31 लाख करोड़ रुपये है।

पूर्व-पात्र बोलीदाता विवरण के मुताबिक, एयरटेल की शुद्ध संपत्ति 86,260.8 करोड़ रुपये है जबकि वीआईएल की शुद्ध संपत्ति 1.16 लाख करोड़ रुपये के नकारात्मक दायरे में है।

सरकार लगभग 96,317 करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर मोबाइल फोन सेवाओं के लिए आठ स्पेक्ट्रम बैंड की छह जून से नीलामी करने जा रही है। नीलामी 800 मेगाहट्र्ज, 900 मेगाहट्र्ज, 1,800 मेगाहट्र्ज, 2,100 मेगाहट्र्ज, 2,300 मेगाहट्र्ज, 2,500 मेगाहट्र्ज, 3,300 मेगाहट्र्ज और 26 गीगाहट्र्ज बैंड में सभी उपलब्ध स्पेक्ट्रम की होनी है।

नीलामी के जरिये 20 वर्षों के लिए स्पेक्ट्रम आवंटित किया जाएगा और सफल बोलीदाताओं को 20 समान वार्षिक किस्तों में भुगतान करने की अनुमति दी जाएगी।

# भारत अधिक एफटीए करे, सीमा शुल्क में कमी लाए: नीति आयोग सीईओ



नयी दिल्ली, (भाषा) नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी वी आर सुब्रमण्यम ने शुक्रवार को कहा कि भारत को बाकी दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए कई और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर करने और सीमा शुल्क कम करने की जरूरत है।

सुब्रमण्यम ने यहां भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में कहा कि सरकार को किसी भी क्षेत्र को प्रतिस्पर्धा से संरक्षण नहीं देना चाहिए।

उन्होंने उद्योग जगत के दिग्गजों को संबोधित करते हुए कहा, ''मुझे लगता है कि हमें अपनी क्षमताओं के बारे में बहुत आश्वस्त होना चाहिए कि भारत वास्तव में बाकी दुनिया के साथ प्रतिस्पर्धी होने में सक्षम होगा।''

सुब्रमण्यम ने कहा कि दुनिया की शीर्ष 50 कंपनियों में भारत की सिर्फ एक बीमा कंपनी है, जबकि वैश्विक शीर्ष 100 की सूची में केवल दो बैंक हैं।

उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि हमें शुल्क को बहुत कम रखना चाहिए। भारत को दूसरे देशों के साथ कई और एफटीए पर हस्ताक्षर करने चाहिए।''

सुब्रमण्यम ने कहा कि भारतीय कंपनियां भी अपने-अपने क्षेत्र में बाकी दुनिया की कंपनियों की बराबरी कर सकती हैं।


उन्होंने संरक्षणवाद के प्रति भी आगाह किया और निर्यात को बढ़ावा देने तथा आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने के लिए भारत के वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं (जीवीसी) में शामिल होने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

# रिलायंस रिटेल भारत में ब्रिटेन की कंपनी एएससओएस के परिधान बेचेगी

नयी दिल्ली, (भाषा) रिलायंस रिटेल ने भारत में ब्रिटिश ऑनलाइन खुदरा विक्रेता एएसओएस के उत्पाद बेचने के लिए साझेदारी की है।

कंपनी ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा कि दीर्घकालिक लाइसेंसिंग समझौते के तहत रिलायंस रिटेल भारत में सभी ऑनलाइन और ऑफलाइन चैनल पर एएसओएस का विशेष खुदरा भागीदार होगी। ब्रिटिश फैशन ब्रांड एएसओएस के उत्पाद खास तौर पर युवाओं पर केंद्रित हैं। बयान के मुताबिक, यह समझौता एएसओएस की पहली देशव्यापी विशिष्ट खुदरा साझेदारी है। इसके पहले रिलायंस रिटेल ने अमेरिकी आभूषण विक्रेता टिफनी एंड कंपनी और फ्रांसीसी लक्जरी ब्रांड बैलेंसियागा जैसे अंतरराष्ट्रीय ब्रांड के साथ भी साझेदारी की है। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की निदेशक ईशा अंबानी ने कहा, ''यह साझेदारी भारत के प्रमुख खुदरा गंतव्य के रूप में हमारी स्थिति की पुष्टि करती है।''

# चुनिंदा शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 253 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत



मुंबई, (भाषा) मिलजुले वैश्विक संकेतों के बीच स्थानीय स्तर पर महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटीसी जैसी दिग्गज कंपनियों में खरीदारी आने से शुक्रवार को बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 253 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी में 62 अंक की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स अंतिम दौर की खरीदारी आने से शुरुआती निचले स्तर से उबरने में सफल रहा। सेंसेक्स 253.31 अंक यानी 0.34 प्रतिशत चढ़कर 73,917.03 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 62.25 अंक यानी 0.28 प्रतिशत बढ़कर 22,466.10 अंक पर पहुंच गया।

सेंसेक्स के समूह में शामिल महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) में सर्वाधिक 5.97 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इसके बाद जेएसडब्ल्यू स्टील, अल्ट्रा सीमेंट, कोटक बैंक, आईटीसी और एनटीपीसी का स्थान रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज भी 0.73 प्रतिशत बढ़ गया। इसके उलट टीसीएस, एचसीएल टेक, एचयूएल, नेस्ले इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, विप्रो और इन्फोसिस के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ₹मिलेजुले वैश्विक संकेतों और अमेरिकी फेड रिजर्व को लेकर अनिश्चितता होने के बावजूद भारतीय बाजार वापसी करने में सफल रहे। यह मुख्य रूप से व्यापक बाजार के बेहतर प्रदर्शन और सकारात्मक तिमाही नतीजों से प्रेरित था। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की गिरावट में रहे।

यूरोप के बाजारों में गिरावट के साथ कारोबार चल रहा था। बृहस्पतिवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.25 प्रतिशत बढ़कर 83.48 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 776.49 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिक्री की।

बीएसई सेंसेक्स बृहस्पतिवार 676.69 अंक चढ़कर 73,663.72 और एनएसई निफ्टी 203.30 अंक बढ़कर 22,403.85 अंक पर बंद हुआ था।

नई दिल्ली, शनिवार 18 मई 2024

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



औरंगजेब की आत्मा कांग्रेस नेताओं के शरीर में प्रवेश कर गई है और वे मुगल शासक के काल में गैर-मुसलमानों पर लगाये गए जजिया कर की तर्ज पर कर लगाना चाहते हैं।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



लोकसभा क्षेत्र फतेहपुर की बिंदकी विधानसभा में भाजपा उम्मीदवार साध्वी निरंजन ज्योति के समर्थन में आयोजित जनसभा में मौजूद रहे दयाशंकर सिंह व अन्य नेतागण। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी गरिमामी उपस्थिति रही।




# इज्जत बचाने के लिए अब कांग्रेस का लक्ष्य 'मिशन 50' : प्रधानमंत्री मोदी

**फतेहपुर** (उप्र) (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव को कांग्रेस के लिए अस्तित्व का संकट करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि अब कांग्रेस का लक्ष्य किसी भी तरह 50 सीट जीतने का है ताकि वह अपनी इज्जत बचा सके।

मोदी आज यहां केंद्रीय मंत्री एवं पार्टी प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, ''मैंने कहा था कि ये शहजादे केरल के वायनाड से भागेंगे। मैंने कहा था कि वो अमेठी की तरफ जाने की हिम्मत नहीं करेंगे- ये खबर भी पक्की निकली। आगे की खबर ये है कि इज्जत बचाने के लिए अब कांग्रेस ने 'मिशन 50' रखा है। मतलब- कैसे भी करके पूरे देश में 50 सीट मिल जाएं, ये कांग्रेस का लक्ष्य है।''

राहुल गांधी 2019 के आम चुनाव में अमेठी सीट भाजपा नेता स्मृति ईरानी के हाथों गंवा बैठे थे। इस बार वह वायनाड के साथ ही उप्र की रायबरेली सीट से भी चुनाव मैदान में हैं।



विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन में शामिल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर कटाक्ष करते हुए मोदी ने कहा, "पंजे और साइकिल के सपने टूट गए। अब चार जून के बाद की प्लानिंग हो रही है कि हार का ठीकरा किस पर फोड़ा जाए- खटाखट...खटाखट?'' उन्होंने गांधी पर निशाना साधते हुए कहा, ''और मुझे तो कोई बता रहा था कि विदेश यात्रा का टिकट भी बुक हो गया है।"

मोदी ने कहा कि कांग्रेस और सपा... दोनों के सारे गुण मिलते हैं। दोनों परिवारवाद को समर्पित हैं- दोनों भ्रष्टाचार के लिए राजनीति में हैं। दोनों अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। दोनों अपराधियों और माफियाओं को बढ़ावा देते हैं। सपा-कांग्रेस, दोनों आतंकवादियों की हमदर्द हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, "सपा-कांग्रेस को लगता है कि ये हमारे समाज को तोड़कर अपना काम बना लेंगे। इसलिए इनके हौसले बढ़ गए हैं। कांग्रेस के शहजादे राम मंदिर पर ताला डलवाने का ख्वाब देख रहे हैं। सपा के बड़े नेता कहते हैं कि राम मंदिर तो बेकार है। इनके गठबंधन के लोग कहते हैं कि वे सत्ता में आकर सनातन धर्म का विनाश कर देंगे।"

मोदी ने कहा, "सपा सरकार में उप्र अपराध में टॉप पर होता था। विकास के मामले में उप्र की गिनती पिछड़े प्रदेश के तौर पर होती थी। लेकिन, आज भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश को विकास में टॉप पर ले आई है। आज उप्र सबसे ज्यादा एक्सप्रेस वे वाले राज्यों में टॉप पर है। सबसे ज्यादा एयरपोर्ट के मामले में उप्र टॉप पर है। उप्र सात शहरों में मेट्रो शुरू करके टॉप पर है। यही नहीं, गरीब कल्याण की जो योजनाएं मैं चलाता हूं, उप्र उनमें भी टॉप पर है।" उन्होंने कहा कि 2017 के बाद से उप्र में जब से भाजपा सरकार आई है तब से राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर तेजी से बनने शुरू हुए हैं।

मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार अब तक उत्तर प्रदेश के शहरों में 15 लाख और गांवों में 35 लाख पक्के घर बनाकर गरीबों को दे चुकी है। उन्होंने कहा, ''जिन्हें अब तक पक्के घर नहीं मिले हैं, उन्हें भी मैं गारंटी दे रहा हूं कि हर गरीब को पक्का घर जरूर मिलेगा।''

फतेहपुर सीट पर 20 मई को पांचवें चरण में मतदान होगा जहां भाजपा की निरंजन ज्योति के मुकाबले समाजवादी पार्टी के नरेश उत्तम पटेल मैदान में हैं।

# नेशनल एक्सप्रेस समूह के संस्थापक विपिन गुप्ता ने दिल्ली मुख्यालय में अ. भा. उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकांत गर्ग का किया भावपूर्ण स्वागत





## राष्ट्रीय तिरंगा अंग वस्त्रम पहना ''गांधी जीवन दर्शन और विचार'' पुस्तक भेंट की

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

नई दिल्ली आज देश के प्रमुख व्यापारी संगठन अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार मैं दो बार मंत्री पद पर रहकर प्रदेश की सेवा करने वाले समाजसेवी आध्यात्मिक शख्सियत तथा सरल व्यक्तित्व के धनी श्री रविकांत गर्ग का आगमन नेशनल एक्सप्रेस समूह के केंद्रीय कार्यालय ग्रेटर कैलाश पार्ट 2 में हुआ इस पर श्री विपिन गुप्ता तथा श्रीमती रजनी गुप्ता संपादक गुरु गोविंद दर्शन एवं समाजसेवी उद्योगपति कागज के थोक व्यापारी श्री अनिल महेश्वरी ने श्री रविकांत घर का तिरंगा पटका अंगवस्त्र पहनकर तथा ''गांधी जीवन दर्शन'' और विचार पुस्तक भेंट कर स्वागत किया. इस अवसर पर श्री विपिन गुप्ता और श्री रविकांत घर के बीच में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रमों को और गति देने के साथ-साथ संगठन के बिस्तार पर भी चर्चा हुई, विकसित हो कि श्री विपिन गुप्ता अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय संरक्षक सलाहकार मंडल के साथ ही राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी का उत्तरदायित्व भी विपिन गुप्ता के हाथों में है। इस अवसर पर श्री रविकांत गर्ग ने विपिन गुप्ता को नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह के 43वीं वर्षगांठ के अवसर पर भी अपनी बधाई एवम मंगल कामनाएं प्रेषित की। तथा आशा व्यक्ति की शीघ्र ही नेशनल एक्सप्रेस का विस्तार राष्ट्रीय स्तर पर और प्रदेशों महाराष्ट्र, उत्तराखंड में प्रकाशन शुरू होने के साथ ही यह देश का प्रभावशाली प्रकाशन समूह बन जाएगा।

# कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना दिवस पर प्रो. राजकुमार जैन की अगुवाई में सोशलिस्टों का समागम संपन्न

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

आज दिल्ली के बाबर लेन व हिन्द मजदूर सभा के कार्यालय में, समाजवादी समागम की..एक यादगार सभा, कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर हुई..दिनांक 17-मई 1934, में ''कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी'', यानि आज ही के दिन हिंदुस्तान के सोशलिस्टों, आचार्य नरेंद्र देव, जयप्रकाश नारायण, डॉ राममनोहर लोहिया, युसूफ मेहर अली, अच्युत पटवर्धन, कमला देवी चट्टोपाध्याय, फरीदुल हक अंसारी, जैसे सोशलिस्टों ने..पटना के अंजुमन-ए-इस्लामिया हाल में, ''कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी'' की स्थापना की थी..आज दिल्ली के समाजवाद की वैचारिक और सैद्धांतिक धारा पर अडिग साथियों ने अपनी उपस्थिति के हस्ताक्षर किये..सभा की अध्यक्षता, दिल्ली सरकार के पूर्व





सचेतक, प्रोफ़ेसर राजकुमार जैन जी, ने की और सभा का आयोजन एच.एम.एस के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड सरदार हरभजन सिंह सिद्धू जी, की तरफ से आयोजित था..इस मौके पर समागम अध्यक्ष मंडल के सदस्य श्री विजय प्रताप जी के आलावा वरिष्ठ समाजवादी साथी श्री वैद्य जी, श्री श्याम गंभीर जी, श्री महेंद्र शर्मा जी, श्री मदनलाल हिन्द जी, प्रोफ० शशि शेखर सिंह जी, डॉ० अनिल ठाकुर जी, पूर्व पार्षद श्री राकेश कुमार जी, श्री मति रोज़ी जी, श्री अभय सिन्हा जी, श्री शाहिद गंगोई जी, श्री सफ़ी देहलवी जी, श्री विजय गौतम जी, और संजय कनौजिया सहित कुछ अन्य महत्वपूर्ण साथी..आज प्रोफ० राजकुमार जैन जी, ने अपने व्याख्यान में, समाजवाद के शुरूआती दौर के इतिहास में अपने आदर्शों को यादकर..जो विवेचना कर वर्तमान के हालातों पर गंभीर चिंता व्यक्त की और बदलती राजनैतिक प्रस्थितियों में अपने सिद्धांत पर खड़े होते सवालों पर प्रश्न खड़े किये..उसका जवाब मैंने, यानि ''संजय कनौजिया'' ने दिया..कि हमें दिल्ली में समाजवादी विचार और सिद्धांत के बैनर को मजबूत करने उसे वार्ड स्तर तक ले जाने की जरुरत है..हम अपने बैनर तले बिना किसी ''चुनावी चिन्ह'' के सदस्यता अभियान, पर बल देना चाहिए..हम सब का बस एक ही लक्ष्य रहना चाहिए कि ''राजधानी दिल्ली'' कभी भी साम्प्रदायिक और फासीवादी शक्ति, जो आज आरएसएस और भाजपा के प्रतीक है उसके हाथ में ना जाए.. मेरे कथन पर सभी एकमत हुए और जवाब में प्रोफ० राजकुमार जैन जी ने कहा..कि हम सोशलिस्टों के लिए इस दिन की खास अहमियत है, खासतौर से जब भाजपा, आरएसएस, नरेंद्र मोदी की सरकार जम्हूरियत के खात्मे, हिंदू मुस्लिम फसाद और मुल्क की दौलत को चंद पूंजीपतियों के हाथ में सोंप रही है..ऐसे वक्त में हमें अपने पुरखों से लड़ने की प्रेरणा लेनी है.. अतः 4 जून के बाद समाजवादी समागम कि अगली बैठक तय करने की जिम्मेवारी श्री विजय प्रताप जी को सौंपी गई... !!

# योगी का 'बुलडोजर' दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के आरक्षण के खिलाफ: कांग्रेस

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कथित तौर पर लिखे गए एक लेख का हवाला देते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कि उनका 'बुलडोजर' दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों के आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने योगी आदित्यनाथ की वेबसाइट पर मौजूद एक लेख का उल्लेख करते हुए उन पर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर प्रहार किया।

रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''निवर्तमान प्रधानमंत्री ने आज कहा है कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल



इन्क्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सीखना चाहिए कि 'बुलडोज़र' कहां पर चलाना चाहिए। देखिए, योगी का 'बुलडोज़र' कैसे दलित, आदिवासी, और पिछड़े वर्गों के लिए मौजूद आरक्षण की व्यवस्था के ख़िलाफ़ है।''

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को साफ़-साफ़ कह देना चाहिए कि वह योगी को समर्थन, आरक्षण को लेकर उनके विचारों की वजह से दे रहे हैं तथा उनके '400 पार' वाले नारे के पीछे भी यही राज़ है।

कांग्रेस महासचिव ने कहा, ''प्रधानमंत्री को यह कहना चाहिए कि वह ऐसा इसलिए चाह रहे हैं ताकि संसद में 400 सीट के बहुमत से बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान का संशोधन कर सकें और दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्गों से उनके आरक्षण का हक़ छीन सकें।

यह दशकों से चली आ रही आरएसएस की साज़िश को अंजाम देना चाहते हैं तथा बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान को ख़त्म करके मनुवादी सोच पर आधारित नया संविधान बनाना चाहते हैं।''--

# दस किलो मुफ्त राशन से करोड़ों परिवार गरीबी से बाहर निकलेंगे अर्थव्यवस्था को गति देंगे : राहुल

**नयी दिल्ली,** (भाषा) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी द्वारा 10 किलोग्राम मुफ्त राशन का जो वादा किया गया है उससे करोड़ों परिवार गरीबी से बाहर निकलेंगे और अर्थव्यवस्था को गति देंगे।

लखनऊ में बुधवार को समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने घोषणा की थी कि अगर विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') की सरकार सत्ता में आती है तो भाजपा सरकार की ओर से गरीबों को दिए जा रहे मुफ्त राशन की मात्रा दोगुनी कर दी जाएगी।

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''देश के गरीब परिवारों के लिए कांग्रेस ने एक और बड़ा फैसला लिया है - हमारी सरकार आपको 5 नहीं 10 किलो राशन हर महीने मुफ्त देगी।



संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के दौरान हमने खाद्य सुरक्षा कानून के ज़रिये भोजन के अधिकार को कानूनी दर्जा दिया था, 10 किलो अनाज इसी कड़ी में अगला कदम होगा।'' उन्होंने कहा, ''10 किलो राशन और 8500 रूपये महीने से शिक्षा और स्वरोज़गार को बढ़ावा मिलेगा और करोड़ों परिवार गरीबी से बाहर निकल कर देश की अर्थव्यवस्था को गति देंगे।'' राहुल गांधी ने दावा किया, ''नरेन्द्र मोदी ने 20-25 अरबपति बनाए और 'अडाणियों' की सरकार चलाई, हम करोड़ों लखपति बनाएंगे और 'हिंदुस्तानियों' की सरकार चलाएंगे।''

# ट्रक की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत

मुजफ्फरनगर (उप्र), (भाषा) मुजफ्फरनगर जिले के नई मंडी थाना क्षेत्र में एक ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार नई मंडी थाना इलाके के भोपा रोड पर आज एक तेज रफ़्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दिया।

थाना प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि दोनों की पहचान सिद्धबली पेपर मिल के कर्मचारी अंकित (22) और मोनू (26) के रूप में हुई जो हादसे के समय मिल से अपने गांव लौट रहे थे।उन्होंने कहा कि ट्रक चालक अपना ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

# हेमंत सोरेन की लोस चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत अर्जी पर न्यायालय ने ईडी से जवाब मांगा

**नयी दिल्ली,** (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा कि उन्हें कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत देने से पहले प्रथम दृष्टया स्वयं को संतुष्ट करने की जरूरत है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने सोरेन को अंतरिम जमानत देने के सवाल पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को 20 मई तक अपना जवाब दाखिल करने और मामले में उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर संक्षिप्त जवाब देने को कहा।

पीठ ने मामले को 21 मई को अवकाशकालीन पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करते हुए कहा, ''अंतरिम जमानत देने से पहले, हमें खुद को संतुष्ट करने की जरूरत है। ईडी को अंतरिम जमानत के सवाल पर अपना जवाब दाखिल करने दीजिये। हम मामले पर अगले हफ्ते सुनवाई करेंगे। यह सबसे कम समय है, जो हम दे सकते हैं।''

सोरेन की ओर से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि यदि अंतरिम जमानत दी गई, तो झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) नेता दो जून को आत्मसमर्पण करेंगे। सिब्बल ने कहा, ''मामले में मेरे (सोरेन) खिलाफ कोई सामग्री नहीं है। यदि अंतरिम जमानत नहीं दी गई तो चुनाव खत्म हो जाएंगे।''

मामले में सोरेन की ओर से पेश सिब्बल और वरिष्ठ अधिवक्ता अरुणाभ चौधरी ने कहा कि झामुमो नेता सोरेन के पास मामले से संबंधित जमीन का कब्जा नहीं है और उनका इससे कोई लेना-देना नहीं है।

मामले में ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने कहा कि सोरेन को बहुत पहले गिरफ्तार किया गया था और उन्होंने अपनी नियमित जमानत याचिका खारिज होने को चुनौती भी नहीं दी है।

राजू ने जांच एजेंसी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय



मांगा और दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री सोरेन सीधे तौर पर मामले में लिप्त हैं।

सिब्बल ने कहा, ''उन्हें (राजू को) सभी दस्तावेज दाखिल करने दीजिए, मैं पांच मिनट में दिखा सकता हूं कि याचिकाकर्ता का उक्त जमीन से कोई लेना-देना नहीं है।''

न्यायमूर्ति खन्ना ने सिब्बल से कहा कि कुछ ऐसी सामग्री हैं जिन पर जांच एजेंसी भरोसा कर रही है - कि एक व्यक्ति संबंधित भूमि पर रह रहा है, भूमि पर एक चारदीवारी का निर्माण किया गया है और ईडी ने इसकी तस्वीरें संलग्न की हैं, फाइल नोटिंग की तस्वीरें हैं और भूमि पर रहने वाले उक्त व्यक्ति के बयान हैं।'' पीठ ने सिब्बल से पूछा, ''एक और परिस्थितिजन्य साक्ष्य है जिस पर जांच एजेंसी भरोसा कर रही है कि मामले में जांच शुरू होने के बाद, एक अन्य व्यक्ति गया और उसने जमीन का मूल मालिक होने का दावा किया। इन सामग्री पर आपका क्या कहना है?''वरिष्ठ वकील ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि किसी व्यक्ति ने कहा है कि जमीन मंत्रीजी की है, इसका मतलब यह नहीं है कि सोरेन जमीन के मालिक हैं।

सिब्बल ने कहा, ''मैं अपनी लिखित दलील दाखिल करूंगा और इन सामग्री का खंडन करूंगा।'' उन्होंने कहा कि झारखंड की शेष 10 लोकसभा सीट के लिए मतदान अगले तीन चरणों में 20 मई, 25 मई और एक जून को होने वाला है।

न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि अदालत हर चीज पर विचार करेगी और संभवतः न्यायमूर्ति दत्ता वाली एक पीठ अगले सप्ताह गर्मी की छुट्टियों के दौरान बैठेगी और मामले पर सुनवाई करेगी।

सोरेन ने झारखंड उच्च न्यायालय के तीन मई के आदेश को चुनौती दी है, जिसने ईडी द्वारा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका खारिज कर दी थी। उन्होंने लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत का अनुरोध भी किया है, जब तक कि अदालत उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका पर फैसला नहीं सुना देती।

सोरेन ने 13 मई को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जुड़े धनशोधन मामले में शीर्ष अदालत के आदेश का हवाला देते हुए लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए अंतरिम जमानत का अनुरोध किया था।

वकील प्रज्ञा बघेल के माध्यम से दायर अपनी अपील में झामुमो नेता ने कहा कि उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका खारिज करके गलती की है। सोरेन फिलहाल न्यायिक हिरासत के तहत रांची की बिरसा मुंडा केंद्रीय जेल में बंद हैं।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।